दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

सागर ■ बुधवार 15 मई 2024 ■ वर्ष -01 ■ अंक-197 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

### सुविचार

अगर कोई पाप है, तो वो सिर्फ और सिर्फ अपने आपको या दूसरों को कमजोर मानना है।
-अज्ञात

## पुष्य नक्षत्र...मोदी ने तीसरी बार वाराणसी सीट से भरा पर्चा

# पीएम के पास न कार, न खुद का घर कैश सिर्फ 52 हजार 920 रुपए

### देश के प्रधानमंत्री की पांच साल में संपत्ति 87 लाख बढ़कर 3.02 करोड़ हुई

- दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन के साथ दिन की शुरुआत की
- प्रस्तावकों के साथ खड़े रहे, डीएम ने जब कहा, तब कुर्सी पर बैठे पीएम
- लोकसभा चुनाव : यूपी सहित कई राज्यों के दिग्गज रहे शामिल
- पन्ना प्रमुख और बूथ समिति को बताया संगठन की मजबूत इकाई
- 16 मई को ज्ञानपुर में जनसभा करेंगे, सुरक्षा पर विशेष निगहबानी
- कार्यकर्ताओं को थैंक्स, हर बूथ से 370 वोट बढ़ाने का खास टिप्स

### हलफनामा में खुलासा : गांधीनगर के बैंक 73,304 और वाराणसी के खाते में 7000 हजार रुपए जमा



**सोने की 4 अंगूठियां**

पीएम मोदी के पास सोने की चार अंगूठियां भी हैं। इन अंगूठियों को काफी समय से संभाल कर रखा हुआ है, लेकिन वो इन्हें पहनते नहीं हैं। वहीं, कीमत की बात करें तो इन सभी अंगूठियों की कीमत 2,67,750 रुपए है। इसके अलावा अपनी गुजरात के गांधीनगर की पारिवारिक जमीन को दान दे दिया है। कुल मिलाकर बात की जाए तो मोदी के पास 3,02,06,889 रुपए की संपत्ति है। वहीं, हलफनामे के मुताबिक, प्रधानमंत्री की पत्नी का नाम जशोदाबेन हैं।

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिल किया। इससे पहले गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन कर पीएम नरेंद्र मोदी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रधानमंत्री काशी कोतवाल काल भैरव के दरबार पहुंचे, वहां बाबा से अनुमति और आशीर्वाद लेकर पर्चा भरने कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकम के दौरान कई राज्यों के मुख्यमंत्री समेत कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुई। पीएम ने सोमवार को काशी विश्वनाथ तो मंगलवार को काल भैरव बाबा से भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद लिया। काल भैरव मंदिर में पूजन व कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे। इस दौरान पीएम ने अपने हलफनामा भी दाखिल कराया। हलफनामे के मुताबिक, प्रधानमंत्री के पास तीन करोड़ के आस-पास की संपत्ति है। पीएम को सालाना 23,56,080 रुपए का वेतन मिलता है। इस लिहाज से देश के प्रधानमंत्री को हर महीने दो लाख वेतन मिलता है, लेकिन वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं जैसे कि डेली अलाउंस, सांसद भत्ते आदि भी दिए जाते हैं। यहां सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मोदी के पास अपनी कोई निजी गाड़ी, कार या घर भी नहीं है।

#### मां गंगा का पूजन-आरती

गंगा सप्तमी के अवसर पर मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के रहे। इस दौरान मोदी स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे।

#### प्रस्तावक बने चार लोग

प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर रहे।

नकदी की बात करें तो मोदी के पास 52,920 रुपए कैश है। उनके गांधीनगर शाखा के स्टेट बैंक के खाते में 73,304 रुपए हैं। वाराणसी के स्टेट बैंक अकाउंट में सिर्फ 7000 हजार जमा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने स्टेट बैंक में एक 2,85,60,338 करोड़ की एफडी भी करवाई हुई है। जमा किए गए हलफनामे के मुताबिक, पीएम मोदी ने किसी शेयर बाजार, म्यूचल फंड या बॉन्ड आदि में भी कोई निवेश नहीं किया है।

## मां गंगा और काल भैरव के आशीर्वाद से 'नमो' लगाएंगे जीत की हैट्रिक!



### काशी 'कोतवाल' से ली अनुमति

नमो घाट से पीएम मोदी सीधे काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचे। यहां पीएम ने बाबा का दर्शन-पूजन व आरती की। वे बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। पीएम ने यहां तीसरी बार काशी से नामांकन दाखिल किया। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री ने पीएम को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा।

## एमपी की आठ विधानसभा सीटों पर होगा उप-चुनाव!

### कुछ विधायकों ने बदला दल, तो कुछ और देंगे इस्तीफा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे ज्यादा सुरक्षित सीट के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान मौजूदा विस के सदस्य भी हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी जीत पक्की मानी जा रही है। इस स्थिति के चलते इस बात की भी प्रबल संभावना है कि शिवराज को अपनी जीती हुई विस सीट छोड़ना पड़ेगी। तब बुदनी में उप चुनाव होगा। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश की कम से कम आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की संभावना है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के पहले और इसी गहमा गहमी के दौर में कांग्रेस के तीन विधायकों ने पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है।

#### मोहन सरकार स्थिर

सरकार से दो चार विधायक इधर उधर होने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल विधायकों की संख्या पार्टी की सीमित विधायक संख्या से कम जरूर हो जाएगी। उप चुनाव में जीत के बाद यही विधायक भाजपा की संख्या बढ़ाने वाले साबित होंगे।

### ब्रीफ न्यूज

#### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 9 नक्सलियों के ऊपर 39 लाख का इनाम भी है। सभी को 25-25 हजार रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

#### अब तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** स्कूलों, अस्पतालों और एयरपोर्ट के बाद अब दिल्ली में तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जेल प्रशासन ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे पहले आज ही अस्पतालों को फिर से बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

#### डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को 34,000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

#### संजय सिंह ने कबूला- स्वाती से पीए ने की बदतमीजी

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह ने कबूला कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास पर बदसलूकी हुई थी। संजय सिंह ने कहा- 13 मई को बहुत ही निंदनीय घटना घटित हुई।

#### आईआईएम अहमदाबाद देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने 2024 की दुनिया की 2000 बेस्ट शिक्षण संस्थानों की लिस्ट जारी की। इसमें हॉर्वर्ड विवि को दुनिया का बेहतरीन संस्थान माना गया है, जबकि आईआईएम अहमदाबाद ने देश में सर्वश्रेष्ठ का दर्जा हासिल किया।

## अब छह हजार रुपए क्विंटल चना खरीदेगी सरकार

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश में अब समर्थन मूल्य पर चना की खरीद 5 हजार 985 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी। नेफेड द्वारा चना खरीद के लिए हर सप्ताह मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के तहत इसकी दर निर्धारित की जाएगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में इन दिनों समर्थन मूल्य पर चना की खरीद की जा रही है। नेफेड ने इस सप्ताह के लिए महाराष्ट्र में एमएसपी पर चना खरीद की दर 6 हजार 115 और राजस्थान में 5 हजार 995 रुपए निर्धारित की है। मध्य प्रदेश के चना उत्पादक किसानों के लिए अच्छी खबर यह है कि किसानों को चने का सही दाम दिलाने के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है कि उन्हें बाजार भाव पर ही समर्थन मूल्य मिले। कुछ दिनों पहले तक बाजार भाव और चने के एमएसपी के बीच काफी अंतर था इसलिए केंद्र सरकार ने चना खरीद में नीति संशोधित की। इसमें तय किया गया कि अब बाजार भाव ऊपर-नीचे होने पर हर सप्ताह चना के एमएसपी का निर्धारण किया जाएगा। गौरतलब है कि इस वर्ष चना उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कम हुआ है।

- मप्र समेत तीन राज्यों के किसानों को खुशखबरी
- हर सप्ताह एमएसपी का निर्धारण किया जाएगा



### सुप्रीम हिदायत

## रामदेव प्रभावी, इसका सही तरीके से करो इस्तेमाल

- बाबा रामदेव-बालकृष्ण अवमानना केस पर फैसला सुरक्षित
- बेंच ने कहा- हम सोफे पर बैठकर कुछ भी नहीं बोल सकते

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को एफिडेविट फाइल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं कि उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है।



#### डॉ. आरवी अशोकन ने बिना शर्त कोर्ट से मांगी माफी

कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. आरवी अशोकन से कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी ठीक है, पर कभी-कभी इंसान को संयमित भी होना पड़ता है। आप सोफे पर बैठकर अदालत के बारे में कुछ भी नहीं कह सकते। अगर दूसरा पक्ष इस तरह की टिप्पणी करता तो आप क्या करते? आप कोर्ट पहुंच जाते हैं। अशोकन ने बिना शर्त माफी मांगी।

## शाह बोले-मोदी 380 में 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके

### हमारी आगे की लड़ाई 400 पार करने की

**एजेंसी ■ कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प. बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये नरेन्द्र मोदी का वादा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज... ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी ही बंद कर सकते हैं।



घोटालेबाजों को नहीं छोड़ा जाएगा, सब जाएंगे जेल

## खड़गे ने कहा-मोदी और योगी से नहीं हमारी लड़ाई दो विचारधारा के बीच

### भाजपा जीती तो लोकतंत्र को खत्म कर देगी

**एजेंसी ■ महाराजगंज**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पांच गारंटी हैं जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। भाजपा अपने काम पर नहीं राम नाम पर वोट मांगती है।



भाजपा हिंदू को खतरे में कहकर मांग रही वोट

## सुशील कुमार मोदी संघ से 16 की उम्र में जुड़े! जेपी आंदोलन में कूदे तो 19 माह जेल में भी रहे और 11 बार पढ़ा बिहार का बजट

**एजेंसी ■ पटना**

पांच दशक तक बिहार की राजनीति के प्रमुख चेहरा बने रहे भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी अब नहीं रहे। पिछले महीने की तीन तारीख को उन्होंने कैंसर होने की जानकारी देते हुए सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा की थी। सोमवार की रात दिल्ली में निधन हो गया। महज 16 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े। संगठन के प्रति अपार निष्ठा से वह आरएसएस सदस्य बने रहे। 1973 मं पटना विश्व विद्यालय छात्र संघ के महासचिव बने। वर्ष 1973 में बिहार प्रदेश छात्र संघर्ष समिति के सदस्य बने। जेपी आंदोलन हुआ तो सुशील मोदी भी इसमें कूद पड़े। कांग्रेस की सरकार ने इन्हें 19 महीने तक जेल में रखा। 1977 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े। कुछ महीनों तक पिता के साथ रेडिमेड की दुकान को भी संभाला। इसी बीच भाजपा ज्वाइन की। 1990 में भाजपा ने पटना केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया। चुनाव जीते। मुख्य सचेतक भी बने। नवंबर 1996 में नेता प्रतिपक्ष बने। 2000 में सात दिन के लिए नीतीश सरकार बनी तो मंत्री भी बने। इसके बाद फिर 2004 तक नेता प्रतिपक्ष बने रहे। इस दौरान सुशील लालू-राबड़ी सरकार के खिलाफ जनता की आवाज बनकर उभर। 2004 में पहली बार भागलपुर से भाजपा के टिकट पर सांसद बने।

**स्मृति शेष**



मंगलवार को देर शाम सुशील कुमार मोदी के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान से विदाई के बाद मुखाग्नि की प्रक्रिया हुई।

#### चार दशक बिहार में रहे भाजपा की धुरी

2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी तो सुशील कुमार मोदी बिहार के उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री बने। 2017 में एनडीए सरकार बनी तो फिर से डिप्टी सीएम बने। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने 11 बार बिहार का बजट पढ़ा। सुशील कुमार मोदी बिहार में भाजपा और जदयू के बीच अहम कड़ी थे। करीब चार दशकों तक बिहार भाजपा की धुरी बने रहे। 2020 में एनडीए की सरकार बनी तो सुशील मोदी को डिप्टी सीएम नहीं बनाया गया। भाजपा के इस फैसले ने सबको चौंका दिया। पार्टी ने 2020 में उन्हें राज्यसभा भेजा।

### पहले भाजपा दफ्तर में रखा गया पार्थिव शरीर, राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, कल हुआ था निधन

#### अमूल्य योगदान रहा

बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। आपातकाल का पुरजोर विरोध करते हुए, उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे बेहद मेहनती और मिलनसार विधायक के रूप में जाने जाते थे। राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी।

## ब्रीफ न्यूज

### संभाग आयुक्त डॉ. खाड़े को मातृ शोक

**ग्वालियर।** संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की माताजी श्रीमती तुलसाबाई खाड़े का लगभग 88 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। उन्होंने ग्वालियर के एक अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। अस्पताल से उनकी पार्थिव देह को गाँधी रोड़ स्थित संभाग आयुक्त के निवास पर लाया गया। पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर श्री अरविंद सक्सेना व पुलिस महानिरीक्षक चंबल श्री सुशांत सक्सेना, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी श्री एम के अग्रवाल, कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान व कलेक्टर दतिया श्री संदीप माकिन, जीडीए के सीईओ श्री नरोत्तम भार्गव एवं ग्वालियर जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाग आयुक्त के बंगले पर पहुँचकर स्व. तुलसाबाई खाड़े की पार्थिक देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की। संभाग आयुक्त डॉ. खाड़े की माताजी श्रीमती तुलसाबाई खाड़े की पार्थिव देह ग्वालियर से वायुमार्ग द्वारा उनके मूल निवास स्थान महाराष्ट्र स्थित सतारा ले जाई गई है। जहाँ पर बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### भोपाल जिपं सदस्य विनय को पद से हटाने की मांग

**भोपाल।** भोपाल जिला पंचायत के सदस्य विनय मेहर को पद से हटाने की मांग कांग्रेस ने की है। भोपाल लोकसभा से कांग्रेस कैंडिडेट अरुण श्रीवास्तव ने कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा को लेटर भी लिखा है। सदस्य मेहर ने वोटिंग के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसमें वे बेटे से वोट डलवा रहे थे। इस मामले में उन पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। अब कांग्रेस ने पद से भी हटाने की मांग उठाई है। मेहर जिला पंचायत के वार्ड-7 से सदस्य हैं। कांग्रेस ने मप्र पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई करते हुए सदस्य पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस कैंडिडेट श्रीवास्तव ने बताया, जिला पंचायत सदस्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं, पूरी पोलिंग पार्टी को कलेक्टर द्वारा निलंबित किया जा चुका है।

### हाईकोर्ट बार चुनाव में डीके जैन चुने गए अध्यक्ष

**भोपाल।** जबलपुर हाईकोर्ट बार एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी के लिए सोमवार को हुए मतदान हुआ। मतगणना में धन्य कुमार जैन ने सर्वाधिक 772 मत हासिल कर जीत का परचम लहराया। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संजय वर्मा को 353 मतों से हराया। कुल 72 फीसदी अधिवक्ताओं ने ही अपने मतों का प्रयोग किया। मतदाता सूची में शामिल कुल 2682 में से 1944 वकीलों ने किया मताधिकार का प्रयोग किया। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से हुई। चुनाव समिति के सभी सदस्य सुबह से शाम तक अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग रहे। मतदान प्रक्रिया बिना ब्रेक चलती रही। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए इस मर्तबा सात उम्मीदवार मैदान में थे।

# प्रख्यात मूर्तिकार प्रभात राय को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित करने की मांग

## पूर्व केबीनेट मंत्री भगवान सिंह यादव ने राष्ट्रपति से किया अनुरोध

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पूर्व ग्वालियर राज्य के ग्वालियर स्थित निम्बालकर की गोठ, कम्पू, लश्कर के रहने वाले 61 वर्षीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार प्रभात राय के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये मप्र शासन के पूर्व केबीनेट मंत्री



और प्रान्ताध्यक्ष मप्र कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के भगवान सिंह यादव ने दिवंगत प्रख्यात मूर्तिकार स्व. प्रभात राय को उनकी विशिष्ट मूर्तिकला के लिये मरणोपरान्त राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किये जाने की मांग व अनुरोध भारत सरकार और महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से किया है। स्व. प्रभात ने 32 सालों में 16 हजार मूर्तियों का निर्माण किया जो फ्रांस समेत देश के 200 शहरों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कई ऐसी मूर्तियां भी बनायी जो विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखती हैं और सबसे अधिक ऊंचाई की हैं। इनमें इन्दौर में 65 फीट की हनुमान जी की मूर्ति, गुजरात में 11 मुखी शिवलिंग, फ्रांस में स्थापित महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति आदि शामिल हैं।



स्व. प्रभात राय

इसके अलावा स्व. प्रभात जी के मुख्य कार्य मप्र के रतनगढ़ माता मंन्दिर में सिंगल पीस कोस्टिंग कर लगाया गया बड़ा घंटा, 30 फीट के राजा भोजपाल, 32 फीट की कमलापति, उत्तरप्रदेश में 31 फीट के पार्श्वनाथ, पंजाब में बाल्मीकि, दिल्ली में रानी अवंती बाई, राजस्थान में तुलसीदास, कबीरदास, उत्तराखण्ड में स्वामी विवेकानन्द, जम्मू में धनवंतरी, कन्याकुमारी में निवेदिता, मेघालय इन्दिरा गांधी, अयोध्या में इण्टर नेशनल एयरपोर्ट के सामने महर्षि बाल्मीकि की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई हैं। इन्दौर में हनुमान पर्वत पर अष्टधातु के 65 फीट ऊंचाई के हनुमान जी, जिनके गदा की ऊंचाई 45 फीट और वजन 11 टन है।

# विधानसभा चुनाव के मुकाबले 10 फीसदी से कम मतदान

## मतदान के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई



**भोपाल।** प्रदेश में लगभग पांच माह पहले हुए विधानसभा की तुलना में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने निराश किया है। विधानसभा में 77.15 प्रतिशत तो लोकसभा चुनाव में 66.77 प्रतिशत निर्वाचकों ने ही मत दिया। यानी 10.38 प्रतिशत की कमी आई है। लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों में विधानसभा चुनाव की तुलना में हुए मतदान के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है। मध्य प्रदेश में दो बड़े दल भाजपा और कांग्रेस है। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दलों के राष्ट्रीय नेताओं ने प्रदेश स्तरीय और केंद्रीय मुद्दे उठाए थे। लोकसभा चुनाव में ज्यादा बदलाव नहीं रहा, फिर ऐसा क्या हुआ कि मतदान में इतनी बड़ी गिरावट आ गई। विधानसभा चुनाव की तुलना में इस चुनाव में मतदान में सबसे अधिक 20.83 प्रतिशत की कमी दमोह लोकसभा सीट में आई। यहां की आठ विधानसभा सीटों में मलहरा सीट छोड़ बाकी सात सीटों पर भाजपा जीती थी। दूसरी बड़ी गिरावट रीवा में 17.59 प्रतिशत रही। यहां भी सेमरिया छोड़ बाकी सभी सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। खजुराहो में 17.19 प्रतिशत मतदान गिरा जहां सभी आठ सीटों पर विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती थी।

# चुनाव खत्म... अब सरकारी काम में जुटेंगे डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री सबसे पहले विभागों को दिए गए टारगेट का करेंगे आकलन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

करीब 2 महीने तक लोकसभा चुनाव में 197 सभाएं, 56 से अधिक रोड शो करने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव अब सरकारी काम में जुटेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले विभागों को दिए गए टारगेट का आकलन करेंगे। इसके लिए वे 16 मई से समीक्षा अभियान में जुटेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की कमान संभालते ही डॉ. मोहन यादव ने सबसे अधिक सुशासन और विकास पर फोकस किया था। इसके लिए उन्होंने विभागों को टारगेट भी दिया था। हालांकि इसके लिए सरकार को चुनाव आयोग की अनुमति लेना पड़ेगा।

गौरतलब है कि 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के साथ ही मुख्यमंत्री सरकारी कामों से अलग हो गए थे। अब जब प्रदेश में चौथे और आखिरी चरण का मतदान खत्म हो गया है तो मुख्यमंत्री एक बार फिर से सरकारी कामकाज में जुटेंगे। मुख्यमंत्री की पहली प्राथमिकता विभागों को दो दिए गए लक्ष्य का आकलन करना है। इसलिए उन्होंने अब विभागों के कामकाज की समीक्षा शुरू करेंगे।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री की समीक्षा के प्रमुख विषय होंगे-गेहूं खरीदी तथा भुगतान की स्थिति, खरीफ की बुबाई के लिए खाद-बीज की स्थिति, सिंहस्थ 2028 तथा शिप्रा नदी की सफाई के लिए अब तक किए गए कार्य की समीक्षा। मिशन 2047 के लिए मध्यप्रदेश में की गई तैयारियों की समीक्षा तथा केन्द्र सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट पर चर्चा। विभागों का एक साल, दो साल, तीन साल व पांच साल के कामकाज के रोडमैप पर चर्चा, भाजपा के संकल्प पत्र के कार्यों की समीक्षा और मुख्यमंत्री द्वारा सभाग बार की गई समीक्षा में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा होगी। अब सरकार नियमित कामकाज शुरू करेगी। इसके लिए राज्य सरकार चुनाव आयोग से अनुमति लेने पर भी विचार कर रही है। ताकि दो माह से बंद पड़े सरकार के कामकाज शुरू हो सके। उधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त होने के बाद राहत की सांस ली। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पिछले दो माह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय नहीं गए। कोई अतिआवश्यक कार्य होने पर अधिकारियों से केवल फोन पर बात कर जानकारी ले लेते थे। कामकाज में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री अब विभागों की समीक्षा शुरू करेंगे और अधिकारियों से पिछले दो माह में किए गए कार्यों का हिसाब लेंगे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी 16 मई को मुख्यसचिव वीरा राणा तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्यसचिव तथा प्रमुख सचिवों की बैठक बुलाई है। बैठक में मुख्यमंत्री पिछले दो माह में किए गए कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद विभाग बार समीक्षा कर आगे के रोडमैप पर चर्चा करेंगे। इसके लिए सभी विभागों की अलग-अलग बैठक कर निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री का पहला लक्ष्य डिलीवरी सिस्टम को ठीक करना है। इसमें जो कमियां है, उसे कैसे दूर किया जा सकता है। ताकि आमजनता की सरकार की योजनाओं का निवमानुसार समय पर लाभ मिल सके।



### कामकाज में तेजी लाने का लिया जाएगा निर्णय

उल्लेखनीय है कि जमीनी स्तर पर सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभागवार एसीएस तथा एडीजी को जिम्मेदारी दी थी और खुद संभागवार समीक्षा कर निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव वीरा राणा को सौंप दी है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से संभाग पर रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की है। मुख्यसचिव संभाग बार बैठकों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी। उसी आधार पर कामकाज में तेजी लाने का निर्णय लिया जाएगा।

# जब बारात देखने कांग्रेस कार्यालय की गैलरी में पहुंचे पूर्व सीएम



### स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण, कार्यकर्ताओं से पूछा हाल चाल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह मतदान के पश्चात अब अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसी दौरान वे देर शाम को राजगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पीजी कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

मध्यप्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से 77 साल की उम्र में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपने बेबाक अंदाज और सादगी के लिए भी जाने जाते हैं। उनका सादगी भरा एक अंदाज सोमवार की देर रात राजगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में देखने को मिला है। जहां वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कार्यालय के सामने से निकल रही बारात को देखने के लिए गैलरी में पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह देर रात तक राजगढ़ जिला मुख्यालय में रहे। जहां उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और अंत में वे जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां उनसे मुलाकात करने के लिए कांग्रेसियों का जमावड़ा लगा था और दिग्विजय सिंह कार्यकर्ताओं के बीच में कुर्सी पर बैठ हुए थे और कार्यकर्ताओं से इशारों में ही उनका हाल चाल पूछ रहे थे। क्योंकि उनके कांग्रेस कार्यालय में आगमन के दौरान ही उक्त रास्ते से निकल रही एक बारात में बज रहे डीजे के कारण एक दूसरे की आवाज सुनाई नहीं दे रही थी। ऐसे में दिग्विजय सिंह कुर्सी पर से उठे और कांग्रेस कार्यालय के सामने से निकल रही बारात को एक आम नागरिक की तरह देखने गैलरी में जा पहुंचे।

# धार्मिक कट्टरता फैलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की खिंचाई की

## प्रिंसीपल के खिलाफ कार्यवाही और एफआईआर की रद्द

सत्ता सुधार ■ भोपाल

इंदौर के शासकीय लॉ कॉलेज की लाइब्रेरी में मिली कथित विवादित किताब मामले में निलंबित प्रिंसीपल प्रो.इनामुर्रहमान को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रिंसीपल के खिलाफ कार्यवाही और एफआईआर को रद्द कर दिया है। बता दें कि प्रो.इनामुर्रहमान इसी महीने के आखिर में रिटायर होने वाले हैं। इंदौर हाईकोर्ट से याचिका निरस्त होने के बाद प्रिंसिपल ने इसी महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एफआईआर रद्द करने की पुष्टि प्रो.इनामुर्रहमान के एडवोकेट अभिनव धनोतकर ने की है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की जमकर खिंचाई की। आपराधिक कार्यवाही



पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार करने के लिए मप्र हाई कोर्ट की खिंचाई हुई। बेंच ने कार्यवाही और एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि यह मामला सिलेबस के बारे में है। सुनवाई के दौरान स्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि राज्य ऐसे मामले में उत्पीड़न करने के लिए इतना उत्सुक क्यों है। यह पुस्तक तो सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में भी मिल सकती है। वह पहले से ही अग्रिम जमानत पर बाहर थे। न्यायमूर्ति गवई ने पूछा, राज्य ऐसे मामले में एक अतिरिक्त महाधिवक्ता को पेश करने में क्यों दिलचस्पी रखता है? वह भी चेतावनी पर ? जाहिर है, यह उत्पीड़न का मामला लगता है। किसी को याचिकाकर्ता को परेशान करने में दिलचस्पी है। हम जांच अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी करेंगे। राज्य को इस मामले में कैविएट दाखिल करने में दिलचस्पी क्यों है?

### क्या है मामला

साल 2022 के दिसंबर में यह मामला सामने आया। शासकीय लॉ कॉलेज के शिक्षकों पर धार्मिक कट्टरता फैलाने का आरोप लगा। मामले में किताब के लेखक डॉ. फरहत खान, इंदौर शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय के प्राचार्य इनामुर्रहमान, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.मिर्जा मोईज के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई। आरोप लगायाथा कि किताब में लेखक ने जानबूझकर असत्य व बिना साक्ष्य के आधार पर हिन्दू धर्म के विरुद्ध नितांत झूठी टिप्पणियां की हैं।

# आदिवासियों की जमीन पर कब्जे के खिलाफ सरकार चलाएगी मुहिम

## मप्र में पिछले डेढ़ दशक में जमीनों का कारोबार तेजी से बढ़ा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र सरकार अवैध कब्जों को लेकर गंभीर है। भूमाफिया के खिलाफ प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अब आदिवासियों को दी गई वनभूमि को अवैध तरीके से खरीदकर या दबंगई से काबिज होने वालों के खिलाफ सरकार मुहिम चलाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में कई जगहों पर अभिलेखों में छेड़छाड़ करके तो कई जगहों पर दस्तावेज बदलकर आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया। इस तरह की शिकायतें लगातार पहुंच रही है।

सूत्रों का कहना है कि मप्र सरकार की जानकारी में आया है कि भोपाल और इंदौर सहित प्रदेश के कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में गलत प्रक्रिया अपनाकर



आदिवासियों से जमीनों की खरीदी की गई है। अवैधानिक तरीके से खरीदी गई आदिवासियों की जमीन अब सरकारी होगी यानी मप्र सरकार उसे अपने कब्जे में लेगी। कटनी कलेक्टर ने इस तरह का एक आदेश अपने जिले में पारित किया है। अब इस आदेश की राज्य सरकार पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी में है। बस! सरकार को लोकसभा चुनाव के लिए लागू की गई आचार संहिता के समाप्त होने का इंतजार है।

मप्र में पिछले डेढ़ दशक के दौरान जमीनों का कारोबार तेजी से बढ़ा है। मप्र सरकार की जानकारी में आया है कि भोपाल और इंदौर सहित प्रदेश के कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में गलत प्रक्रिया अपनाकर आदिवासियों से जमीनों की खरीदी की गई है। जमीन खरीदने वालों में आईएएस-आईपीएस, आईएफएस से लेकर दिग्गज राजनेता तक शामिल हैं। भोपाल में इस तरह के बहुत सारे मामले सामने आए हैं। तमाम लोगों ने इसको लेकर अफसरों के सामने शिकवा शिकायतें भी की है। सरकार इसको लेकर काफी समय से रास्ता तलाश रही थी।

अब कटनी कलेक्टर का आदेश सामने आया है। सरकार को यह तरीका सबसे आसान लगा है। जिला कलेक्टर के जरिए सरकार वैध प्रक्रिया को अपनाए बिना खरीदी गई जमीनों को सरकारी करा दी। इससे सरकार के पास भूमि का बड़ा बैंक तैयार हो जाएगा। इससे सरकार की माली हालत में भी सुधार आएगा। बताते है कि सरकार ने इसे लागू करने की तैयारी कर ली है और इसको लेकर ठोस प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं।

**बयान** कमलनाथ ने मध्यप्रदेश में किया जीत का दावा, बोले-

# बीजेपी सरकार ने नहीं पूरी की गारंटी, फैसला अब चार जून को होगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव का मतदान खत्म हो गया है। प्रदेश में चार चरणों में चुनाव संपन्न हो चुके है। प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला अब चार जून को होगा। पूर्व सीएम कमलनाथ ने चुनावों को लेकर अपना मत शेयर किया है। कमलनाथ ने अपने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से कांग्रेस की जीत का दावा किया है।

कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है कि चौथे चरण की मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही मध्यप्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई है। जनता का उत्साह और कार्यकर्ताओं की मेहनत देखकर यह स्पष्ट दिखाई देता है कि मध्यप्रदेश के मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को अपना आशीर्वाद दिया है।

कमलनाथ ने आगे लिखा है कि मध्यप्रदेश की जनता बुद्धिमान है और उसने देखा कि किस तरह इंदौर और खजुराहो में भाजपा के इशारे पर विपक्ष के प्रत्याशियों को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया। मुझे विश्वास है कि लोकतंत्र पर हुए इस हमले का मुंहतोड़ जवाब प्रदेश की जनता ने दिया है। मध्यप्रदेश के नागरिकों को घोषणा तथा झूठ में फर्क करना बखूबी आता है। जनता यह भी जानती है कि कौन से लोग चुनाव के समय गारंटियां देते हैं और चुनाव के बाद उनसे मुकर जाते हैं।

दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है, जिसका एक ही सिद्धांत है कि प्राण जाए, पर वचन न जाए। कमलनाथ ने पोस्ट के अंत में जनता का अभिनंदन करते हुए लिखा है कि लोकतंत्र के पर्व में शांतिपूर्ण भागीदारी करने के लिए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं और मध्यप्रदेश की जनता का अभिनंदन, मुझे पूरा विश्वास है कि सत्य की जीत होगी।



### सरकार द्वारा दी गई गारंटी अभी तक नहीं हुई पूरी

कमलनाथ ने आगे लिखा था कि भाजपा ने मध्यप्रदेश की महिलाओं को 3000 रुपया महीने देने की गारंटी दी थी। लेकिन आज तक पूरी नहीं की। भाजपा ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की गारंटी दी थी, लेकिन पूरी नहीं की। भाजपा ने 2700 रुपये क्विंटल गेहूं ख़रीदने की गारंटी दी थी। लेकिन पूरी नहीं की। भाजपा ने 3100 रुपया क्विंटल धान ख़रीदने की गारंटी दी थी, लेकिन आज तक पूरी नहीं की। भाजपा ने किसानों का 50,000 रुपये तक का कर्ज़ माफ़ करने की गारंटी दी थी। लेकिन आज तक पूरी नहीं की, बाक़ी आप समझदार हैं।

# भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में वीडी शर्मा ने किया पूजन अर्चन



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को खजुराहो में भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे फाटक के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**खुरई(सागर)।** नगर के गाड़ोला नाका रेलवे फाटक के पास करीब 50 वर्षीय महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार महिला की पहचान खुरई के शिवाजी वार्ड निवासी सुशीला पति तुलसीराम धानक के रुप में हुई परिजनों के मुताबिक महिला घर से बाजार का कहकर निकली थी, उसके बाद इस हादसे की सूचना मिली। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### वैश्य महासम्मेलन की जिला कार्यकारिणी घोषित

**सागर।** वैश्य महासम्मेलन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री उमाशंकर गुप्ता प्रदेश संगठन महामंत्री सुधीर अग्रवाल प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता के निर्देशानुसार प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मलैया संभागीय अध्यक्ष अनिल जैन नैनधरा जिला प्रभारी श्रेयांश जैन की अनुशंसा सहमति से जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया है।कार्यकारिणी में संगठन महामंत्री- आलोक जैन जिला महामंत्री- मनोज भाई जी, डॉक्टर अतुल ताम्रकार, प्रशांत जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- गिरजेश सोनी, संतोष जैन कर्द, राजकुमार झुडेले, गजेंद्र गुप्ता,अखिलेश समैया, बद्री विशाल साहू कोषाध्यक्ष - राकेश निश्चय रक्तदान प्रभारी- समीर जैन मीडिया प्रभारी- शरद गुप्ता चिकित्सा प्रभारी - डॉक्टर अखिलेश जैन कार्यालय मंत्री- जिनेश जैन उपाध्यक्ष- नीलेश जैन, संजय राय ,प्रहलाद केसरवानी, मनीष नायक, रीतेश जैन मड़ावरा, मनोज जैन सक्सेस, आशीष अग्रवाल, जितेंद्र चौरसिया, मुरारी साहू, गणेश सोनी, जिला मंत्री- पवन जैन- संजू जैन- सुनील जैन लोहारी, नवीन श्रीजी, दैविक जैन बाबी, मनोज बृजपुरिया, विवेक सिंघई, पंकज जैन, रामेश्वर सोनी, गौरव अग्रवाल ,दीपक जैन, गौरव अग्रवाल नियुक्त किए गए हैं।

### सीबीएसई की परीक्षा परिणाम में कॉन्वेंट स्कूल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खुरई(सागर)।** नगर की होली फेमिली कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों ने सत्र 2023-24 के सीबीएसई वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदशर्न कर अपने स्कूल, परिवार व शहर का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय से छात्रा नव्या राजपूत 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं व विज्ञान संकाय से छात्रा तनु इक्का 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं। 12वीं में दोनों संकायों को मिलाकर कुल 82 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 90 प्रतिशत के ऊपर 10 विद्यार्थी रहे। इसके अलावा कक्षा 10वीं की छात्रा काव्या चाँदवानी 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा निभी साहू 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं छात्रा गौरी साहू 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। 10वीं में कुल 136 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 90 प्रतिशत के ऊपर 15 विद्यार्थी रहे। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर संस्था मैनेजर सिस्टर लिसी ग्रेस, प्राचार्य सिस्टर अंजली एवं उप प्राचार्य सिस्टर बीना ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



# रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में बरत रहा है रेल्वे अधिकारियों का रवैया उदासीन : लारिया

## विधायक लारिया ने रेल्वे ओवर ब्रिज 28 नंबर का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ सागर

विधायक प्रदीप लारिया ने निर्माणाधीन 28 नंबर रेल्वे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। श्री लारिया को अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग सेतू संभाग द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया है तथा रेल्वे विभाग द्वारा किये जाना वाला निर्माण कार्य रेल्वे विभाग द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है।श्री लारिया ने रेलवे के अधिकारियों की उदासीनता के कारण रेल्वे ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं केन्द्रीय विद्यालय क्रं-01 जोगस पार्क के पास रेल्वे ओवर ब्रिज का कार्य जो चल रहा है वह रेल्वे अधिकारियों की उदासीनता के कारण नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में विधायक लारिया ने जबलपुर रेल मण्डल के अधिकारियों से जल्दी इन ब्रिजों का कार्य पूर्ण करने की चर्चा की।

रजाखेड़ी मकरोनिया हाट बाजार को लेकर बैठक श्री लारिया ने रजाखेड़ी मकरोनिया हाट बाजार की व्यवस्था के संबंध में स्थानीय थाना पुलिस और नगर पालिका मकरोनिया के कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने हाट बाजार में फैली अव्यवस्था, वाहन पार्किंग और यातायात व्यवस्था के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को आवष्यक निर्देष देते हुए कहा कि बाजार में बीच सड़क पर फल-सब्जी, स्थाई दुकानें लगा दी जाती है। जिससे आमजन को निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, इसके लिए मकरोनिया नगर पालिका और थाना पुलिस एक टीम बनाकर संयुक्त रूप से कार्य करे और लोगों को आवागमन के लिए एक मार्ग पूरी तरह खुला रहे। जिससे बाजार व्यवस्थित बना रहे और आवागमन में भी सुविधा हो। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस प्रषासन उपस्थित थे।

### सिविल अस्पताल मकरोनिया के नये भवन का किया निरीक्षण

श्री लारिया ने मंगलवार को सिविल अस्पताल मकरोनिया में निर्मित होने वाले नये भवन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने संबंधित कार्य एजेन्सी को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने की हिदायत दी।

## 21 कुण्डात्मक श्रीराम यज्ञ बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु, दोपहर में श्रीराम कथा और शाम को रामलीला का आयोजन



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

नगर के श्रीदेव हरिदास मंदिर में प्रभु श्री सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में संजीवनी क्लीनिक के पीछे मंदिर की भूमि में 21 कुण्डात्मक श्रीराम यज्ञ चल रहा है। सुवह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित यज्ञ नारायण की परिक्रमा में पहुंच रहे है। साथ ही दोपहर में कथावाचक सुश्री साध्वी उमादेव के श्रीमुख्या से श्रीराम कथा का आयोजन होता है। पांचवे में कथावाचक ने प्रभुश्रीराम की जन्म और बाल लीलाओ का वर्णन किया। प्रभु श्रीराम का जन्म होते ही पंडाल में श्रीराम के जयकारो से गूंज उठा। कथावाचक ने कहा कि भगवान का जन्म पालियों का नाष करने के लिए हुआ, प्रभु ने बाल्यावस्था से ही असुरो का नाश किया है। उन्होने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का जीवन अनंत सदियो तक चलता रहेगा। इसके अलावा शाम को श्री रामलीला का आयोजन होता है, जिसमें बडी संख्या में लोग पहुंच रहे है। ज्ञात हो कि महामण्डलेश्वर श्री विश्म्वरदास जी महाराज की कृपा से उनके शिष्य श्री श्री 108 वृन्दावनदास महाराज द्वारा सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

### रेत से ओवरलोड ट्रक को किया जप्त

सत्ता सुधार ■ सागर



कलेक्टर दीपक आर्य के द्वारा भू माफियाओं एवं अवैध उत्खनन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी परिप्रेक्ष्य में एसडीएम जैसीनगर रोहित वर्मा ने बताया कि जैसीनगर, सिलवानी स्टेट हाईवे पर लगातार ओवरलोड ट्रक एवं अवैध उत्खनन वाले ट्रक की जांच की जा रही है। तहसीलदार सुनील बाल्मीकि द्वारा कार्रवाई करते हुए ओवरलोड ट्रक को जप्त कर जैसीनगर पुलिस को सौंपा गया। तहसीलदार सुनील बाल्मीकि ने बताया कि स्टेट हाईवे क्रमांक 15 पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही है । आज निरीक्षण के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 15 एच ए 1339 की चेकिंग की गई जिसमें क्षमता से ज्यादा रेत का भराव ओवरलोड थी जिसको तत्काल जप्त कर जैसीनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## अग्रवाल समाज के समर कैंप में बच्चे और युवाओं ने सीखा तैराकी का हुनर



सत्ता सुधार ■ सागर

अग्रवाल विकास सभा द्वारा 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम चरण में बच्चों और युवाओं ने तैराकी प्रशिक्षक बृजकिशोर अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल राहुल अग्रवाल मनीष अग्रवाल की देखरेख में तैराकी के हुनर को बड़े आनन्द और उत्साह से सीखा। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल विकास सभा द्वारा अग्रवाल समाज का ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम चरण में 1 मई से 15 मई तक तैराकी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है जिसमें बच्चों के साथ साथ युवा और बुजुर्ग भी सम्मिलित होकर तैराकी के गुण सीख रहे हैं, उसके बाद 16 मई से समर कैंप का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा जिसमें बच्चों को डांस,योगा, क्राफ्ट, आत्मरक्षा हेतु दण्ड संचालन एवं संस्कार शिक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी बच्चों से शिविर में सम्मिलित होने की अपील की। समर कैंप में रुप किशोर अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,विवेक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल,गौरव अग्रवाल मनीष अग्रवाल,विशाल अग्रवाल, शरद अग्रवाल मंटू, बंटी अग्रवाल आशीष अग्रवाल,गोल्डी अग्रवाल, राहुल अग्रवाल,सीमा अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, पुंज अग्रवाल श्रद्धा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल का सहयोग मिल रहा है।

## नगर निगम कर्मचारियों को एरियर की राशि शीघ्र देने हेतु पुनः ज्ञापन सौंपा



सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक पंडित माधव प्रसाद कटारे ने शासन के आदेशानुसार नगर निगम के कर्मचारियों को एरियर की राशि का भुगतान करने हेतु उपायुक्त वित श्रीमती हेमलता पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेख किया गया है कि पूर्व में 3 मई को एरियर देने हेतु ज्ञापन दिया गया था जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इस पर उपायुक्त वित्त ने कहा कि आचार संहिता के बाद कर्मचारियों के एरियर का भुगतान कर दिया जाएगा । इस अवसर पर लेखपाल शरद बरसैंया, बंटू बोहरे, चंद्र विजय गौर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### नए बस स्टैंड संचालन पर शहर के वरिष्ठ नागरिक ललित मोहन ने दी बधाई



**सागर।** सागर के वरिष्ठ नागरिक ललित मोहन ने जिला प्रशासन सहित समस्त जिले वासियों को दोनों नए बस स्टैंडों का संचालन शुरू होने पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह सागर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। नए बस स्टेंड का शुभारंभ होने पर उन्होंने कलेक्टर दीपक आर्य, आयुक्त नगर निगम राजकुमार खत्री, सभी बस ऑपरेटर्स, जनसेवी, प्रबुद्ध नागरिक और सभी सहयोगियों को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक, आकर्षक नए बस स्टेंड देखकर सुखद अनुभूति हो रही है। सागर में आवागमन की सुगमता के साथ ट्रेफिक के बढ़ते प्रदूषण से भी बचाव हो सकेगा।

## मालथौन पुलिस ने अवैध गांजा के पेड बाडे में लगाये हुए आरोपी को किया गिरफ्तार किया




सत्ता सुधार ■ सागर

दिनांक 13.05.2024 को मालथौन पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम परसोन में आरोपी भूपेन्द्र खंगार अपने बाडे में अवैध मादक पदार्थ गांजा के पेड लगाये है जो मुखबिर की सूचना की तस्दीकी पर आरोपी भूपेन्द्र पिता कन्छेदी खंगार निवासी ग्राम परसोन के बाडे से 17 नग हरे गीले मादक पदार्थ गांजे के पेड वजनी करीब 3 किलो 680 ग्राम कीमती करीब 20000 रूपये के जप्त किये गये है। वक्त वापसी पर आरोपी भूपेन्द्र खंगार के विरूध्द अपराध क्रमांक 154/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द किया गया आरोपी को गिर0 कर बंद हवालात किया गया जिसे आज दिनांक 14.05.24 को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।आरोपी को पकडने व अवैध गांजा जप्ती की कार्यवाही में निरीक्षक योगेन्द्रसिंह दांगी, उनि रूपकिशोर जोरम, प्रआर. देवनारायण, आर. जयसिंह जाट, आर. जयसिंह कुर्मी, आर. स्वदेश परिहार, आर. जयराम आर. चालक अमित शुक्ला, म.आर. सुषमा पटैल की सराहनीय भूमिका रही।

### ग्रामीण बोले पंचायत में विकास कार्य नही कराए, झूठी रिपोर्ट की धमकी देता है सरपंच

## आसौली घाट के सरपंच से ग्रामीण परेशान, ज्ञापन सौंपकर पद से हटाने की मांग की

सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)



जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आसौली घाट से बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर खुरई एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने सरपंच पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के आरोप लगाते हुए उस पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम रवीश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा है। गांव के चंद नारायण तिवारी, शिवनारायण यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच टीकाराम अहिरवार से पूरा गांव परेशान है। गांव में कुछ भी विकास कार्य या हेंडपंप सुधरवाने की बात कहते हैं तो नहीं सुधरवाया जाता। बार-बार कहने पर ग्रामीणों को एससी -एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी जाती है, जिससे गांव में विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं और सरपंच की कार्यप्रणाली से वह काफी परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच टीकाराम अहिरवार द्वारा गांव के उपसरपंच सहित और भी लोगों पर झूठे 151 की कार्रवाई कराई जा चुकी है। जिससे अब ग्रामीण काफी परेशान हो गए हैं।एसडीएम कार्यालय पहुंचे असोली घाट के ग्रामीणों ने एक राय होकर एसडीएम से सरपंच टीकाराम अहिरवार को पद से हटाने की मांग की है। एसडीएम ने ग्रामीणों को पूरे मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की बात कही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत आसौली घाट के उपसरपंच धर्मेंद्र तिवारी, भारत सिंह लोधी, रवि ठाकुर, रामकिशन, मेहरबान, गोपीलाल, अरविंद, ओमप्रकाश, रामेश्वर, गोविंद, सुरेश, पप्पू यादव, राजेश राजपूत, नीलेश चढ़ार, देवाराम तिवारी, रामकृष्ण लोधी, भारत यादव, रघुराज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पूर्ण आहुति के साथ बिशाल, भंडारा आज



**नरयावली(सागर)।** ग्राम किशनपुरा के नदीश्वर धाम पर चल रहे नवकुंडीय रुद्र महायज्ञ के छठवे दिन कथा व्यास राजकिशोर दास जी महराज सतधारा वाले ने कथा मै भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया और भगवान कृष्ण के जन्म के गीत गाए गए। वही यज्ञ आचार्य कृष्णकांत त्रिवेदी ने यज्ञ नारायण भगवान की पूजा अर्चना कर सभी जजमानों से पार्थिक शिवलिंग और असंख्य रूद्री निर्माण कराया और उनका रुद्र अभिषेक करवाया । जिसके बाद सभी पंडितो के साथ सभी जजमान के साथ धसान नदी मै संध्या कालीन शिवलिंगों का विसर्जन कराया । वही यज्ञ आचार्य ने बताया की कल 15 तारीख को यज्ञ की पूर्ण आहुति होगी, जिसमे आप सभी भक्त गण शामित होकर पुण्य लाभ ले । वही दूसरी ओर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलाबसींग राजपूत ने कहा की यज्ञ नारायण भगवान की पूर्ण आहुति के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी होना है जिसमे आप सभी क्षेत्रवासी शामिल होकर प्रसादी ग्रहण पुण्य लाभ लेने की अपील की।

## ब्रीफ न्यूज

### लू के प्रकोप से करें बचाव

**ग्वालियर।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में मई-जून 2024 का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति हो सकती है। जिसको लेकर सभी शहरवासी आवश्यक बचाव करें। नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा लू (तापघात) को लेकर जारी एडवाइजरी को दृष्टिगत रखते हुए शहर के आम नागरिकों से आग्रह किया कि लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु निम्नलिखित सावधानियां अपनाई जानी चाहिए। जिसमें पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरोताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें।

### षड्यंत्र की आशंका, मामले की सिलसिलेवार जांच में जुटी पुलिस

# हुंडी दलाल के आत्महत्या के प्रयास से बकायादारों में हड़कंप

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मार्केट का करोड़ों रुपया हजम कर बैठे हुंडी दलाल आशु गुप्ता द्वारा बीती रात गोली मारकर आत्महत्या किए जाने के प्रयास से बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस घटना के पीछे बड़ा षड्यंत्र होने की आशंका जताई जा रही है। जिससे पुलिस पूरे मामले की सिलसिलेवार पड़ताल में जुटी हुई है।

दाल बाजार के हुंडी दलाल आशीष उर्फ आशु गुप्ता ने बीती रात झांसी रोड थाना क्षेत्र में शिवपुरी लिंक रोड पर स्थित होटल में खुद को गोली मार ली थी। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल आशु को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। उधर पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें आशु ने लिखा है, कि कारोबारी अश्विनी जैन और सरमन से उसे क्रमशः 2.28 करोड़ व 40 लाख रुपए लेना हैं, लेकिन वह उसके पैसे नहीं लौटा रहे हैं। आशु की इस हरकत से उन बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है, जिन्हें उससे अपने पैसे लेना हैं। उधर पुलिस भी घटना को संदिग्ध मान रही है, जिससे मामले में अब तक कोई कायमी



नहीं की गई है। पुलिस उससे पूछताछ कर घटना की तस्दीक करेगी, इसके बाद ही कोई एक्शन लिया जाएगा।

#### प्रेशर बनाने वाले कारोबारी साइलेंट मोड पर

यहां बता दें कि आशु व उसके पिता मार्केट के करोड़ों रुपए हड़पने के मामले में सुर्खियों में आए थे, जिसमें वह जेल में भी बंद रह चुके हैं। बाजार से जुड़े सूत्र बताते हैं, कि मामला कोर्ट में विचाराधीन अवश्य है, लेकिन कई कारोबारी ऐसे हैं, जो अपनी काली कमाई आशु व उसके पिता पर फंसाए बैठे हैं, जिससे वह अब तक सामने नहीं आए हैं, लेकिन वह आशु पर अपनी रकम लौटाने का प्रेशर बना रहे थे। बाजार में चर्चा है, कि इन बकायादारों से बचने के लिए ही आशु ने सुनियोजित ढंग से सुसाइड नोट लिखकर अपने कंधे में गोली मारी है। हालांकि उक्त घटना के बाद आशु पर दबाव बनाने वाले कारोबारी फिलहाल साइलेंट मोड पर आ गए हैं।

#### इनका कहना है

युवक ने खुद को गोली मारी है, उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना कुछ संदिग्ध प्रतीत होती है। घायल से पूछताछ की जाएगी, इसके बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

**हरेंद्र शर्मा**
**टीआई, झांसी रोड**

## बाइक्स की भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर घायल

### अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**ग्वालियर।** तेज रफ्तार बाइक्स की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हस्तिनापुर थाना इलाके में घटित उक्त हादसे में दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस द्वारा अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिलारा निवासी सत्य राणा पुत्र तख्त सिंह राणा बीती रात्रि बाइक पर सवार होकर सिरसौद-दयेली रोड से होकर गुजर रहा था, इसी दौरान डॉ. किलेदार के मकान के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। बताया गया है कि घटना के वक्त दोनों बाइक्स काफी स्पीड में थीं, जिससे हादसे में सत्य राणा सहित दूसरी बाइक पर सवार गिर्राज सिंह निवासी मुरैना व उसका भानजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान सत्य राणा की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव का पीएम करवाकर धारा 304ए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। उधर हादसे में घायल गिर्राज के भानजे की हालत भी नाजुक बताई गई है। गिर्राज की शिकायत पर पुलिस ने धारा 279 व 337 के तहत भी प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

#### इनका कहना है

दो बाइक आमने-सामने से टकरा गई थीं, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई है, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग- अलग एफआईआर दर्ज कर हादसे के कारणों की विवेचना की जा रही है।

**राजकुमार राजावत**
**थाना प्रभारी, हस्तिनापुर**



## दंपति के बैग से उड़ाए 1 लाख रुपए के सोने के गहने

■ बस स्टैंड पर सक्रिय चोर गैंग नजर हटते ही दिखा रही करामात

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बस स्टैंड पर चोर गैंग सक्रिय बनी हुई है, जो नजर हटते ही अपनी करामात दिखाकर चंपत हो जाती है। इसी क्रम में बस का इंतजार दंपति के बैग की चेन खोलकर करीब एक लाख रुपए के सोने के गहने उड़ा दिए। पीड़ित दंपति की शिकायत पर पड़ाव थाना पुलिस ने जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

मुरैना निवासी बृजपाल तोमर अपनी पत्नी शकुंतला के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाहर जा रहे थे। जो मुरैना से ग्वालियर आ गए। जहां पड़ाव थाना इलाके में स्थित बस स्टैंड पर वह अपना सामान लेकर बैठे थे, जबकि शकुंतला बस का पता करने के लिए गई हुई थी। जब वह वापस लौटी, तो बैग की चेन खुली देखकर उसमें रखा सामान चेक किया, तब पता लगा कि बैग में रखी सोने की चूड़ियां, एक चेन, कानों की झुमकी व एक अंगूठी गायब थी। करीब एक लाख रुपए के गहने चोरी हो जाने पर दंपति ने पहले तो आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इस पर उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा घटना की तस्दीक करने के उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### पब्लिक व्हीकल में लगातार हो रही चोरियां

पब्लिक व्हीकल में इन दिनों नकबजन गिरोहों के टारगेट पर हैं। गैंग मेंबर इन वाहनों में पैसे व कीमती सामान लेकर सफर करने वालों के इर्द-गिर्द बैठ जाते हैं, जो ध्यान चूकते ही बैग की चेन खोलकर उसमें रखा कीमती पार करते हैं, और बीच रास्ते में ही कहीं भी उतर जाते हैं। जब तक यात्री को घटना का पता लग पाता है, तब तक वह रफूचक्कर हो चुके होते हैं। टेंपो, ऑटो, ई-रिक्शा आदि में सफर करने वालों के साथ लगातार इस तरह की वारदातें घटित हो रही हैं।

## चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े तीन नाबालिग वाहन चोर

### मुरार थाना पुलिस की कार्रवाई, चुराई गई दो एक्टिवा बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

चेकिंग के दौरान मुरार थाना पुलिस के हत्थे तीन नाबालिग वाहन चोर लगे हैं, जिनके कब्जे से चुराई गई दो एक्टिवा भी बरामद हुई हैं। बाल अपचारियों ने पूछताछ में बताया है कि गाड़ी चलाने के शौक में वह वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने लग गए।

एसपी धर्मवीर सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में रेंडम चेकिंग करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में एएसपी अखिलेश रैनवाल व मुरार सर्किल सीएसपी राजीव जंगले द्वारा बीती रात मुरार थाने की टीम को जड़ेरूआ बांध रोड पर वाहन चेकिंग के लिए लगाया गया था। इसी दौरान वहां से एक्टिवा पर सवार होकर निकल रहे तीन किशोर चेकिंग देखकर गाड़ी मोड़कर भागने लगे, जिन्हें पहले से ही अलर्ट जवानों ने घेराबंदी कर रोक




लिया। जब उनसे उनके पास मौजूद एक्टिवा के दस्तावेज मांगे गए, तो वह इधर-उधर की बातें करने लगे। शंका होने पर पुलिस उन्हें थाने ले आई, जहां की गई पूछताछ में उन्होंने पुलिस टीम को तीन लड़के नीले रंग की एक्टिवा पर आते हुये दिखाई दिये जो कि पुलिस चेकिंग को देखकर एक्टिवा को वापस मोड़ कर भागने लगे परन्तु मुस्तैदी से चेकिंग कर रहे जवानों द्वारा तीनों लड़कों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों लड़कों से नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को राघवपुरम सीपी कॉलोनी ग्वालियर का रहने वाला बताया तथा पूछताछ में तीनों लड़के नाबालिग पाये गये। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये तीनों नाबालिग लड़कों से एक्टिवा गाड़ी के कागजातों के संबंध में पूछताछ की तो तीनों के द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया, पुलिस टीम को शक होने पर जब तीनों लड़कों से गहनता से पूछताछ की तो उन्होंने उक्त एक्टिवा क्रमांक एमपी07 एसक्यू 4426 को बीती 8 मई को हक्सर कॉलोनी स्थित एफएमटी जिम के बाहर से चोरी करना बताया। पुलिस द्वारा उनसे क्षेत्र में हुई अन्य वाहन चोरियों के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बीती पांच मई को सूरी नगर सीपी कॉलोनी से एक्टिवा क्रमांक एमपी07 एसएम 9573 को भी चोरी करना बताया। जिसे उन्होंने विक्की फैक्ट्री के पास झाड़ियों में छुपाकर रख दिया था। पुलिस ने पकड़े गए नाबालिगों की निशांदेही पर उक्त एक्टिवा को भी जब्त कर लिया है। बाल अपचारियों के मुताबिक घूमने के शौक में उन्होंने एक्टिवा गाड़ी चोरी की थी, जिस पर वह तीनों घूम- फिर सकें। इस कार्रवाई में मुरार टीआई मदन मोहन मालवीय सहित प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह प्रधान, आरक्षक विष्णु शर्मा, नीरज यादव, जय हिंद जादौन, संजय गुर्जर, राजेश परिहार, योगेंद्र सिंह गुर्जर, योगेंद्र सिकरवार व पंकज तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

#### कोई पहचाने नहीं इसलिए रंग बदलवाया

पुलिस के हत्थे चढ़े नाबालिग वाहन चोर बेहद शातिर हैं। जिन्होंने बताया कि हक्सर कॉलोनी से चोरी की गई एक्टिवा सफेद रंग की है। इसे कोई पहचान नहीं सके, इसके लिए उन्होंने उसका रंग बदलवाकर नीला करवा लिया था। इसके बाद वह तीनों उसी पर बैठकर घूम रहे थे।

## ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कट्टा भी हुआ बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पुराने विवाद पर विगत दिनों गोला का मंदिर थाना क्षेत्र की सूर्य विहार कॉलोनी में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कट्टा भी बरामद कर हो गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

गोला का मंदिर थाना पुलिस को मंगलवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि बीती 3 मई को पिंटो पार्क स्थित सूर्य विहार कॉलोनी में फरियादी सौरभ सिंह तोमर के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की वारदात में संलिप्त 10 हजार रुपए का इनामी आरोपी साहिल मेवाती कहीं जाने की फिराक में



थाटीपुर रोड के पास बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़ा हुआ है। इस पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे धरदबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम अपना नाम साहिल खान उर्फ साहिल मेवाती पुत्र हबीब खान निवासी मेवाती मोहल्ला थाना बहोड़ापुर बताया है। आरोपी को थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने बीती तीन मई को सौरभ तोमर के घर पर अपने साथियों के साथ मिलकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर भागना स्वीकार लिया। आरोपी की निशांदेही पर वारदात में उपयोग किया गया 315 बोर का कट्टा व एक राउंड भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए इनामी आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के साथ ही उससे घटना में शामिल उसके अन्य साथियों व हथियारों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में गोला का मंदिर टीआई राजकुमार शर्मा सहित एसआई शैलेंद्र शर्मा, आरक्षक गिरजाशंकर समाधिया व अशोक गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

#### यह है पूरा मामला

पिंटो पार्क स्थित सूर्यविहार कॉलोनी में रहने वाले सौरभ सिंह तोमर के घर पर पुराने विवाद पर बीती तीन मई को लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दी थी। जिस पर गोला का मंदिर थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 294, 427 व 506 के तहत एफआईआर की गई थी। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान हुई उक्त घटना को एसपी धर्मवीर सिंह ने गंभीरता से लेते हुए एएसपी अखिलेश रेनवाल व मुरार सर्किल सीएसपी राजीव जंगले को वारदात में संलिप्त आरोपियों को जल्द पकड़वाने के निर्देश दिए थे। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। जिससे गोला का मंदिर थाने की टीमें उक्त आरोपियों का पता लगाने के प्रयास में लगी हुई थीं। यहां बताना गौरतलब होगा कि उक्त घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही पकड़ चुकी है।

## चुनावी ड्यूटी के बाद गायब हुए महिला व पुरूष पुलिसकर्मी

### दिल्ली में मिली लोकेशन, तलाश में जुटी टीमें

**ग्वालियर।** चुनावी ड्यूटी करने के बाद एक महिला व पुरूष पुलिसकर्मी रहस्यमयी परिस्थिति में गायब हो गए। जिनका विगत छह दिनों से कोई अता-पता नहीं है। बताया गया है कि उनकी लोकेशन दिल्ली की मिली है, जिसके बाद पुलिस टीमें उनकी खोजबीन में लग गई हैं। आईजी ऑफिस में पोस्टेड अखंड प्रताप सिंह व उसी के सेक्शन में पदस्थ एक महिला एएसआई की चुनाव में ड्यूटी लगी थी। जो ड्यूटी निपटाने के बाद अचानक गायब हो गए। जब लगातार वह नौकरी पर नहीं पहुंचे, तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनकी लोकेशन दिल्ली में मिल रही है, जिससे पुलिस अब लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश में जुट गई है।

**दोनों ने किया विवाह!:** विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गायब हुए महिला व पुरूष पुलिसकर्मी आपस में शादी करना चाहते थे। वहीं सूचना तो जहां तक है कि गायब होने के बाद उन्होंने विवाह भी कर लिया है। चूंकि वह दोनों बालिग थे, और पुलिस विभाग में नौकरी करने से उन्हें कानून की भी भली-भांति जानकारी थी। ऐसे में वह बिना किसी को बताए इस तरह अचानक क्यों गायब हो गए, यह बात उनके सहकर्मियों को भी हैरान किए हुए है।

#### इनका कहना है

ऑफिस में काम करने वाला जवान व महिला एएसआई कई दिनों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। ना ही कॉल करवाने पर वह कोई रिप्लाई कर रहे हैं, जिससे दोनों को सस्पेंड किया गया है।

**अरविंद सक्सेना**
**आईजी, ग्वालियर जोन**

## पेयजल को लेकर कहीं भी न हो समस्या, सप्लाई के समय इंजीनियर करें निरीक्षण : निगमायुक्त सिंह

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर में कहीं भी पानी की समस्या न हो जहाँ से शिकायत मिले तत्काल उसका निराकरण करें और प्रतिदिन पेयजल सप्लाई के समय संबंधित इंजीनियर क्षेत्र में भ्रमण करें एवं सभी अपर आयुक्त प्रतिदिन सुबह पानी एवं स्वच्छता की मॉनिटरिंग करें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने पीएचई की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बाल भवन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त आर के श्रीवास्तव, विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता, आरके शुक्ला सहित सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री मौजूद रहे।



बैठक में निगमायुक्त सिंह ने वार्ड वार पेयजल की समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की तथा विभिन्न वार्डो में हितग्राहियों से बात कर उनकी समस्या के निराकरण को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही सभी सब इंजीनियर एवं सहायक यंत्रियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किए जाए तथा संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो यह सभी इंजीनियर सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में लापरवाही करने पर सब इंजीनियर संदीप श्रीवास्तव, विष्णुपाल, पुनीत राजपूत एवं महेन्द्र सूर्या को नोटिस देने के निर्देश दिए तथा जिनकी 20 ये अधिक शिकायतें लंबित हैं उन सभी इंजीनियरों को नोटिस जारी किए जाऐं। बैठक में सीवर चैम्बर की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त सिंह ने कहा कि सभी इंजीनियरों के क्षेत्र से सीवर चैम्बर ठीक करने की रिपोर्ट मंगाई जाए तभी इनका वेतन निकाला जाए।

## सत्ता न्यूज

### सीसीटीवी फुटेज से खुलासा, खुद को फंसता देख हुआ गायब

# खुद फायर कर दोस्तों पर करवा दी फर्जी एफआईआर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पैसों के लेन-देन पर बर्थडे पार्टी में हुए विवाद पर युवक ने खुद फायर कर अपने दोस्तों के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवा दी। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर जब हकीकत सामने आई, तो खुद को फंसता देख फर्जीवाड़ा करने वाला युवक गायब हो गया। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

तानसेन रोड स्थित अशोक विहार कॉलोनी निवासी गर्व पुत्र सुनील शिवहरे ने रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात दो बजे के लगभग ग्वालियर थाने में शिकायत की थी, कि वह कोटेश्वर मंदिर के सामने स्थित होटल पैराडाइज में अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल हुआ था। जिसमें अजित तोमर, युवराज कुशवाह, निखिल चौहान व नितिन यादव उर्फ नेता भी आए थे। जिनसे उसका विवाद हो गया था, इस पर वह बाहर




निकलकर उस पर कट्टे से फायरिंग कर भाग गए। पुलिस द्वारा गवज़ की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 336, 294, 506 व 34 के तहत एफआईआर दर्ज कर जब उनके घर रेड की, तो वह गायब मिले। पुलिस ने जब अगली सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज चेक किए, तो उसमें गर्व खुद फायर करता नजर आ रहा था। इस पर पुलिस द्वारा उसे बुलाने के लिए कॉल किया गया, लेकिन खुद का भंडा फूटने से वह मोबाइल स्विच ऑफ कर गायब हो गया।

#### पुलिस के डर से घर नहीं पहुंचे युवक

बताया गया है कि दोनों पक्षों में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद गर्व ने कट्टे से फायर कर दिया, और दूसरे पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी। इससे डरकर वह युवक रात भर घर नहीं पहुंचे। अब हकीकत सामने आने पर पुलिस द्वारा फर्जी कायमी करवाने वाले की तलाश की जा रही है।

#### इनका कहना है

युवक ने चार लोगों पर फायर करने की एफआईआर करवाई थी, जबकि सीसीटीवी में फरियादी खुद गोली चलाता दिख रहा है। हकीकत सामने आने पर अब वह गायब हो गया है, जिसे गिरफ्तार कर उसे आरोपी बनाया जाएगा।

**जितेंद्र सिंह तोमर**
**टीआई, ग्वालियर**

## सुगम यातायात के लिए विभिन्न स्थानों से हटाया अवैध अतिक्रमण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त हर्ष सिंह के निर्देशानुसार शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज सिंहपुर रोड मुरार ग्वालियर सहित विभिन्न स्थानों पर खडे यातायात में बाधक हाथ ठेलों, दुकानदारों की दुकानों के बाहर सडक पर रखे



सामान इत्यादि एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया एवं सामान इत्यादि जब्त कर मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड डी.बी. सिटी के सामने स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया। इसके साथ ही नाका चन्द्रवदनी चौराहा, कटोराताल रोड, हॉस्पिटल रोड पर खड़े हाथ ठेलो, गुमटियों एवं सडक पर रखे सामान एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण इत्यादि को हटवाने सम्बन्धी अनाउंसमेन्ट मदाखलत वाहन द्वारा करवाया गया। इसके साथ ही सायं के समय माधव नगर गेट के बाहर लगने वाली चौपाटी एवं कटोराताल पर लगने वाली चौपाटी को हटवाया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### इजरायल-हमास जंग में संयुक्त राष्ट्र के साथ काम कर रहे एक भारतीय की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** हमास-इजरायल जंग में संयुक्त राष्ट्र के साथ काम कर रहे एक भारतीय कर्मी की गाजा के राफा में उस समय मौत हो गई, जब वह यात्रा कर रहा था, तभी उसकी गाड़ी पर राफा में हमला हुआ। यह इजरायल-हमास संघर्ष में पहली बार है, जब संयुक्त राष्ट्र के किसी विदेशी स्टाफ की जान गई है। सूत्रों ने बताया कि मृतक भारतीय संयुक्त राष्ट्र सेफ्टी एंड सिक्योरिटी विभाग (डीएसएस) का स्टाफ सदस्य था। पीड़ित की पहचान अभी तक सामने नहीं आई है। हालांकि, सूत्रों ने यह जरूर बताया कि मृतक भारत का रहने वाला है और वह भारतीय सेना का पूर्व जवान था। इजरायल-हमास के बीच जंग की शुरुआत 7 अक्टूबर को तब हुई थी, जब हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया था। इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से राफा में संयुक्त राष्ट्र के लिए पहली इंटरनेशनल कैजुएलिटी है। इस घटना में एक अन्य डीएसएस कर्मचारी घायल हो गया।

### एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में सुरक्षा कर्मचारी की मौत पर दुख जताया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में एक हमले में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि घटना सोमवार सुबह की है। उनके वाहन पर उस समय हमला हुआ, जब वे राफा में यूरोपीय अस्पताल जा रहे थे। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और पूरी जांच की मांग की। उन्होंने मृत स्टाफ सदस्य के परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। फरहान हक ने कहा कि गाजा में संघर्ष से न केवल नागरिकों बल्कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर भी भारी असर पड़ रहा है। महासचिव ने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और सभी बंधकों की रिहाई के लिए अपनी अपील दोहराई। डीएसएस कर्मचारी, 7 अक्टूबर 2023 के बाद से गाजा में मारे गए संयुक्त राष्ट्र के पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी सदस्य बन गए हैं।

### मिस्र के विदेश मंत्री ने राफा ऑपरेशन के गंभीर परिणामों को रेखांकित किया

**काहिरा।** मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फोन पर गाजा पट्टी, विशेषकर दक्षिणी शहर राफा में इजरायली सैन्य अभियान के हालिया सुरक्षा और मानवीय प्रभावों पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह बात कही। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार फोन पर बातचीत के दौरान शौकरी ने राफा ऑपरेशन के गंभीर परिणामों को रेखांकित किया, जिससे व्यापक इजरायली हमले के बीच राफा क्रॉसिंग बंद होने के बाद 14 लाख से अधिक फिलिस्तीनी प्रभावित हुए। उन्होंने गाजा पट्टी को सहायता वितरण फिर से शुरू करने की जरूरत पर जोर दिया, जिसे पिछले कुछ दिनों में निलंबित कर दिया गया था। बयान में शौकरी के हवाले से कहा गया है कि गाजा में चल रहा इजरायली ऑपरेशन क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### इलाके में मची अफरा-तफरी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# मतदान के बीच बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प, कई घायल



**एजेंसी ■ कानपुर**

लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के मतदान में कानपुर में कांग्रेस और बीजेपी समर्थक आपस में भिड़ गए। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आलोक मिश्रा और बीजेपी उम्मीदवार रमेश अवस्थी के समर्थकों के बीच लात-घूंसे चले और पथराव हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया, इस दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

दरअसल, विगत दिवस मतदान के लिए कानपुर में बर्रा-2 के आरएस एजूकेशन सेंटर में मतदान केंद्र बनाया गया था तभी यहां देर शाम 5:30 बजे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थक और बीजेपी कार्यकर्ताओं में बहस हो गई, जो इतनी बढ़ी की मारपीट होने लगी। थोड़ी देर बाद पथराव होने लगा इससे मतदान केंद्र पर मतदान करने आए लोग डर गए। कई लोग तो भाग निकले। झड़प में बीजेपी के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। जिसके बाद घटना से आक्रोशित भाजपाई थाने पहुंचे गए और हंगामा किया, जिसके चलते कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, मतदान खत्म होने के बाद बर्रा के यादव मार्केट इलाके मे स्थित आरएस एजुकेशन सेंटर पोलिंग बूथ के बाहर बीजेपी और कांग्रेस प्रत्याशी के कैंप लगे थे। जब दोनों ओर के कार्यकर्ता अपना-अपना कैंप हटा रहे थे तो उसी दौरान दोनों ओर से नारेबाजी शुरू हो गई। ये नारेबाजी मारपीट में तब्दील हो गई। फिर दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया, जिसमें कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जब कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर थाने जाने ले जाने लगी तो बीजेपी कार्यकर्ताओ ने उनके साथ मारपीट की जिसके बाद बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और नेता थाने पर पहुंच गए और नारेबाजी व हंगामा करने लगे। थाने में हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी अमले के साथ पहुंच गए। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओ को शांत कराने का प्रयास कर एक्शन लेने का आश्वासन दिया, जिसके बाद बवाल शांत हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# चाबहार समझौते से जहां कारोबार बढ़ेगा वहीं पाकिस्तान और चीन पर दबाव भी रहेगा

### ईरान का चाबहार बंदरगाह अब भारत के नियंत्रण में आ गया है

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ईरान का चाबहार बंदरगाह अब भारत के नियंत्रण में आ गया है। इससे पाकिस्तान और चीन बैचेन हो गए है। वजह ये है कि चाबहार पर भारत के नियंत्रण होने से जहां कारोबार बढ़ेगा वहीं चीन और पाकिस्तान पर भी दबाव बनेगा। भारत के इस कदम से न केवल देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी, बल्कि इस कदम को चीन और पाकिस्तान के लिए करारा जवाब भी माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन द्वारा विकसित किये जा रहे ग्वादर बंदरगाह और अब भारत द्वारा संचालित किये जाने वाले चाबहार बंदरबाग के बीच समुद्री मार्ग की दूरी केवल 172 किलोमीटर है और ऐसे कई देश हैं जो चाबहार बंदरगाह का यूज अपने कारोबार के लिए करना चाहते हैं।



भारत की यह डील रणनीतिक रूप से काफी अहम है, क्योंकि इससे मध्य एशिया तक भारत की राह सीधी और आसान हो जाएगी। ईरान के साथ यह करार क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशिया के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत का इस बंदरगाह को अपने कंट्रोल में लेना पाकिस्तान स्थित ग्वादर बंदरगाह (जिसे चीन डेवलप कर रहा है) के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का जवाब भी है। भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच ट्रांजिट ट्रेड के केंद्र के रूप में स्थित यह बंदरगाह पारंपरिक सिल्क रोड के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है। यह पोर्ट व्यापार और निवेश के अवसरों के रास्ते खोलेगा और इससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच ट्रांजिट ट्रेड के केंद्र के रूप में स्थित यह बंदरगाह पारंपरिक सिल्क रोड के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है। यह पोर्ट व्यापार और निवेश के अवसरों के रास्ते खोलेगा और इससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।भारत चाहता रहा है कि यह चाबहार बंदरगाह अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) में एक प्रमुख केंद्र बने।

#### चीन के मंसूबों होंगे नाकाम

चीन द्वारा ग्वादर बंदरगाह को अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के हिस्से के रूप में शामिल करने के बाद यह बंदरगाह भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मध्य एशिया में चीन के मंसूबों पर चाबहार बंदरगाह से भारत अब आसानी से पानी फेर सकता है और चीन के प्रभाव को कम कर सकता है। चाबहार बंदरगाह हिंद महासागर में प्रभाव का विस्तार करने के चीन के प्रयासों का मुकाबला करने के भारत के लक्ष्य को भी पूरा करता दिख रहा है। साथ ही भारत का यह बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा को काउंटर करेगा। इतना ही नहीं, इस समझौते से नई दिल्ली और तेहरान और नजदीक आ गया है, जो पाकिस्तान और चीन की सदाबहार दोस्ती को काउंटर करने के लिए बेहद अहम है।

### महंगाई बनी हिंसा की वजह

# पाक अधिकृत पीओके में 31 सौ रुपए में बिकने वाला 40 किलो आटा अब 2 हजार में मिलेगा



**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान अधिकृत पीओके में लोग बढ़ती महंगाई से परेशान है। इसी परेशानी के चलते बीते रोज यहां आंदोलन हुआ और पुलिस ने आंसू गैस दागकर खूब लाठियां भांजी। नतीजा ये हुआ कि तीन लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। इस तरह के बिगड़े हालातों के चलते पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने 23 अरब रुपए का अनुदान पैकेज पीओके के लिए जारी कर दिया। इसके बाद भी हालातों में कोई सुधार नहीं है। अनुदान के बाद केवल फर्क इतना पड़ेगा कि जो आटा 31 सौ रुपए में 40 किलो आता था वो अब 2 हजार में आएगा। जिसमें गेहूं और बिजली की सब्सिडी शामिल है। लेकिन पीओके के लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। शुक्रवार से चल रहा आंदोलन अब भी जारी है और इसमें शामिल जॉइंट अवामी ऐक्शन कमेटी का कहना है कि इस बारे में आज फैसला लेंगे। कमेटी का कहना है कि पीओके में खाने, ईंधन और जरूरी सामानों की कीमत बहुत ज्यादा है। मुख्य तौर पर अवामी कमेटी कारोबारियों का संगठन है, लेकिन इसे आम लोगों का भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। खासतौर पर लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान पीओके के संसाधनों का दोहन कर रहा है, लेकिन वहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। दरअसल भारत ने पाकिस्तान से आने वाले उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी 200 पर्सेंट तक बढ़ा दी है।

# सीएनजी भरवाने लाइन तोड़ने पर युवक की पीट पीटकर हत्या, दो गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है

**एजेंसी ■ नोएडा**

नोएडा में लाइन तोड़कर सीएनजी भरवाने का विरोध करने पर सीएनजी स्टेशन पर झगड़े के बाद एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसकी हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना इकोटेक-3 क्षेत्र में खेड़ा चौगानपुर में सीएनजी पंप पर सोमवार को यह घटना हुई।




पुलिस के मुताबिक अमन पुत्र राम कुमार अपनी कार में सीएनजी भरवाने गया था। तभी लाइन में लगने को लेकर अमन का अजय उर्फ अज्जू पुत्र संजय से विवाद हो गया। अजय अपने दोस्त अंकुश और ऋषभ के साथ मिलकर सीएनजी पंप के बाहर अमन पर डंडे से वार कर दिया। पिटाई से अमन बुरी तरह घायल हो गया। उसे पास के एक अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है अमन लोनी के रिश्तल गांव के रहने वाला था और घर का इकलौता चिराग था।

मृतक के परिजनों ने थाना ईकोटेक-3 मामला दर्ज कराया है। मुकदमे में नामजद आरोपी अजय निवासी खैरपुर गुर्जर और उसके साथी ऋषभ पुत्र दिनेश निवासी खेड़ा चौगानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अजय की कार को कब्जे में ले लिया गया है। कार से खून लगा डंडा भी बरामद किया गया जिससे अमन को मारकर उसकी हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी की कोशिश भी चल रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

### एक क्लिक पर आयकर से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने ई फाइलिंग पोर्टल पर आयकर दाताओं के लिए नई सुविधा शुरू की है। आयकर दाता आयकर विभाग की ओर से भेजे गए सभी नोटिस को एक साथ एक ही स्थान पर देख सकेंगे।

आयकर विभाग ने जो नया पोर्टल शुरू किया है। उसमें ई फाइलिंग तथा ई प्रोसिडिंग इत्यादि की जानकारी एक स्थान पर रख दी गई है। आयकर विभाग के नए टेब पर क्लिक करते ही आयकर दाता की सभी जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। टेब में सर्च का ऑप्शन भी दिया गया है। इस नई सुविधा से कर दाताओं को बार-बार आयकर विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। आयकर विभाग जब करदाता आयकर की रिटर्न नहीं भरता है। बैंक का ब्याज किराए की प्रॉपर्टी से मिलने वाले किराए एवं अन्य आर्थिक लेनदेन की जानकारी आयकर विभाग को मिलती है। तो वह विभिन्न धाराओं के तहत नोटिस जारी करता है।

# आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा की हुई शुरुआत, अब तक 488 श्रद्धलुओं ने कराया पंजीयन



**एजेंसी ■ हल्द्वानी**

विश्व प्रसिद्ध आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई है। पहले दल में 49 यात्री हैं। जिसमें 31 पुरुष और 17 महिलाएं शामिल हैं।

ये दल 8 दिन में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा के साथ-साथ कुमाऊं मंडल के मंदिरों के दर्शन कर वापस लौटेगा। अब तक कुल 488 लोगों ने इस यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। केएमवीएन द्वारा यात्रियों की सुख-सुविधा रहने और खाने की पूरी व्यवस्था यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों में की गई है। यात्रा अक्टूबर माह तक चलेगी। हालांकि, यह मौसम पर निर्भर करेगा कि यात्रा लगातार चलेगी या जुलाई में बारिश के चलते यात्रा को रोकना पड़ेगा। इस यात्रा के शुरू होने से काठगोदाम से लेकर धारचूला तक पर्यटन व्यवसाय पर खासा असर पड़ेगा। आदि कैलाश यात्रा का पहला दल सोमवार को काठगोदाम के केएमवीएन गेस्ट हाउस से रवाना हुआ। कुमाऊं मंडल विकास निगम के जीएम ने आदि कैलाश यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व यात्रा करने आए श्रद्धालुओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि पिथौरागढ़-चीन बॉर्डर पर आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए हर साल देश और दुनिया से सैकड़ों यात्री आते हैं।

### जंग | हथियारों की कमी और मनोबल गिरने से यूक्रेनी सेना युद्ध में पिछड़ रही है

# रुस का सामना नहीं कर पा रही यूक्रेन की सेना, खो दिया दूसरा बड़ा शहर

**एजेंसी ■ खारकीव**

हथियारों की कमी और मनोबल गिरने से यूक्रेनी सेना युद्ध में पिछड़ रही है। उधर, रूसी सेना विस्फोटक हमलों से यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रहे हैं और उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के नौ इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। रूसी सेना खारकीव में काफी अंदर आ चुकी है और लगातार आगे बढ़ रही है। फरवरी 2022 से शुरू हुए इस युद्ध के बाद यूक्रेन ने खारकीव को वापस हासिल कर लिया था, अब रूस ने एक बार फिर खारकीव पर कब्जा कर लिया है। अपनी सेना की इस जीत से व्लादिमीर पुतिन



गदगद हैं। कुल मिलाकर खारकीव, यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग खतरनाक हो गई है।

रूस ने बीते शुक्रवार को सीमा पार से घुसपैठ के बाद खारकीव पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद यह रूस के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है, जमीनी हमले में रूस कम से कम नौ गांवों और बस्तियों पर अपना कब्जा कर चुका है। हजारों की संख्या में लोग अपना स्थान छोड़कर भाग चुके हैं। उधर, यूक्रेनी कमांडरों को इस बात की चिंता है कि अगर रूसी सैनिक शहर की तोपखाने की सीमा के भीतर आ गए तो बड़ी तबाही हो सकती है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस ने अपने नवीनतम हमले में अपनी पांच प्रमुख बटालियन तैनात किए हैं और स्वीकार किया कि मॉस्को के सैनिकों को खारकीव में कुछ सफलताएं मिली हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरफ से हथियारों की सप्लाई सुस्त या फिर बंद हो गई है। इससे यूक्रेन की सेना का मनोबल भी गिरा है और हथियारों की कमी से वे रूसी सेना के आगे टिक नहीं पा रहे हैं। रूस ने कहा है कि उसकी सेनाएं यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के पास उत्तर-पूर्वी सीमावर्ती शहर वोवचांस्क में प्रवेश कर गई हैं। रूसी सेना खारकीव में दो किलोमीटर तक अंदर आ गई है।

हमले से बचाव कर रही यूक्रेनी सेना

एक तरफ रूसी सेना ने खारकीव के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है। दूसरी तरफ यूक्रेनी सेना लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने में लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के सैन्य अधिकारी शहर में घर-घर जाकर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं। रूसी सेना फरवरी 2022 के बाद शुरू हुए युद्ध में अपनी पुरानी नीति के तहत शहरों को बर्बाद करने में लगी है। दिन भर शहर के ऊपर रूसी विमानों को देखा जा रहा है। हालांकि रूस को मिलती बढ़त के बीच यूक्रेनी अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही रूसी सेना को पछाड़ लिया जाएगा और शहर में स्थिति फिर बहाल कर दी जाएगी।

# अमेरिकी सांसद ने गुस्से में कहा- गाजा पर परमाणु हमला होने दीजिए

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा, जब हम पर्ल हार्बर के बाद एक राष्ट्र के तौर पर तबाही का सामना कर रहे थे, जर्मनी और जापान से लड़ रहे थे, तब हमने हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर युद्ध को खत्म करने का फैसला किया था।

वह सही फैसला था। उन्होंने कहा, इजरायल को भी बम दो, जिसकी उन्हें जरूरत है। वे हार नहीं सकते।एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि एक यहूदी राष्ट्र के तौर पर इजरायल को अस्तित्व बचाने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, उसे करना चाहिए। उन्होंने कहा, हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर खतरे को खत्म करना अमेरिका के लिए कैसे सही था? अगर हम करें, तो यह सही कैसे है? मुझे लगा वह सही होगा। उन्होंने कहा, ऐसे में इजरायल आपको यहूदी राष्ट्र के तौर पर जीवित रहने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, करें।

बता दे कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रफा में कार्रवाई को लेकर इजरायल की हथियार सप्लाई रोकने की बात कर रहे हैं। खबर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में इजरायल को की जाने वाली 3 हजार भारी बमों की डिलीवरी रोक दी है।

# भारत और ईरान के बीच हुए बंदरगाह समझौता के, अंतर्राष्ट्रीय समीकरण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर एक समझौता हुआ है। इस समझौते के अनुसार ईरान ने 10 साल के लिए बंदरगाह संचालन का अधिकार भारत को दे दिया है। इस बंदरगाह का संचालन अब बिना किसी रोक-टोक के भारत कर पाएगा। ईरान के अंदर भारत रोड और रेलवे के लिए भी काम कर रहा है। इस समझौते के बाद भारत का माल परिवहन के क्षेत्र में, अफगानिस्तान, ओमान, खाड़ी के देशों तथा रूस के बीच में सीधा संपर्क हो जाएगा। भारत को अब पाकिस्तान के करांची और ग्वादर बंदरगाह पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ईरान के दक्षिण पूर्वी तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत 2018 से विकसित करने के बाद से इसका संचालन कर रहा है। ईरान सरकार और भारत सरकार के बीच में जो समझौता हुआ है, उसके मुताबिक अगले 10 वर्ष तक भारत सरकार की कंपनी इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड इस बंदरगाह के समस्त कार्यों और संचालन के लिए अधिकृत हो गई है। इस बंदरगाह के समझौते के बाद भारत सरकार 37 करोड़ डॉलर का निवेश ईरान में करेगी। ईरान के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध लगने के बाद, ईरान अलग-थलग पड़ गया है। भारत सरकार के साथ यह समझौता कई वर्षों से लंबित था। इस समझौते का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना तय माना जा रहा है। जिसके कारण ईरान और भारत सरकार को फूंक-फूंक कर कदम रखने होंगे। इस समझौते का असर ईरान और पाकिस्तान के संबंधों पर भी पड़ेगा। इस समझौते के बाद भारत सरकार के साथ चीन की दूरियां बढ़ सकती हैं। भारत और रूस का व्यापार तेजी के साथ बढ़ सकता है। इस समझौते का असर भारत और अमेरिका के बीच में पड़ना तय माना जा रहा है। अमेरिका नहीं चाहता था, कि भारत सरकार, ईरान के साथ इस तरह का कोई समझौता करे। इसका असर भारत और इजरायल के संबंधों पर भी पड़ना तय माना जा रहा है। भारत सरकार ने ईरान के साथ जो समझौता बंदरगाह के लिए किया है, वह भारत के लिए बहुत जरूरी था। इस समझौते के बाद खाड़ी के देशों और रूस के साथ भारत का कारोबार बढ़ेगा। कच्चे तेल और गैस के आयात में भी भारत को बड़ी सहायता मिलेगी। अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के कारण यह समझौता लंबे



समय से टलता चला आ रहा था। इस समझौते के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर और दक्षिण के बीच एक नया परिवहन गलियारा शुरू हो जाएगा। इस नए गलियारे के बनने के बाद चीन और पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान होगा। वहीं भारत और ईरान के कारोबार में वृद्धि होगी।



▪ ललित गर्ग

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

**पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है।**

प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है। पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।



भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे।

# सदा परमात्म में खोई रही ब्रह्माकुमारी दादी जानकी!

सन 2012 से पहले तक मैं न प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय को जानता था और न ही उनकी मुख्य प्रशासिका दादी जानकी को।अलबत्ता जाने अनजाने जब मैं अपनी पुस्तक पद चिन्ह के लिए देश और दुनिया के प्रेरक व्यक्तित्व की खोज कर रहा था तो किसी ब्रह्माकुमार भाई के कहने पर उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्रह्मा बाबा के परिचय विवरण के आधार पर मैने एक लेख लिखा था,जो सन 2008 के आस पास कई पत्र पत्रिकाओं में छपा था।मैंने ब्रह्मा बाबा जिनको आध्यात्मिक बोध होने से पूर्व दादा लेखराज नाम से जाना जाता था,के आध्यात्मिक योगदान को अपनी पुस्तक पद चिन्ह का एक अध्याय बनाया।लेकिन बाद में जब मुझे



ब्रह्माकुमारीज संस्था से सन 2012 में जुड़ने का सौभाग्य मिला तो मुझे मेरी पुस्तक पद चिन्ह में दादा लेखराज का अध्याय होने पर सुखद गर्व की अनुभूति हुई।दादी जानकी से मेरी मुलाकात एक मीडिया कॉन्फ्रेंस की समाप्ति पर अचानक ही हुई।हुआ यूं सन 2014 में उज्जैन के एक पत्रकार राधेश्याम चौरसिया ने अपनी पत्रिका का एक विषेषांक ब्रह्माकुमारीज पर निकाला था।जिसे वे अपने साथ लाये थे।दादी जानकी ने उनके पास उन्हें मिलने के लिए आने हेतु जिस समय संदेश भेजा ,उस समय चौरसिया जी और मैं शांतिवन में प्रदर्शनी देख रहे थे।दिन में एक बजे का समय था और दो बजे मुझे उत्तराखंड वापसी के लिए प्रस्थान भी करना था।चौरसिया जी बोले आप भी मेरे साथ चलिए, आप भी दादी जानकी से मिल लेना।खैर ,हमने दादी जानकी से मिलनी के लिए मात्र पांच मिनट में खाना खाया और रूम से कैमरा लाकर सीधे दादी के आवास शक्ति भवन चले गए। चौरसिया जी को उनके परिचित भाई दादी के कमरे में दादी के पास ले गए और मैं केवल उनकी फोटो खींचने की दृष्टि से व थोड़ा झिझक के कारण दादी के कमरे के दरवाजे पर रखे एक स्टूल पर बैठ गया,जबकि चौरसिया जी सम्मान पूर्वक सोफे पर बैठे थे।लेकिन यह कहा दादी जानकी ने मुझे देखकर मुझे अपने पास बुलाया और बोली दादी से मिलने आये हो तो इतनी दूर क्यो बैठे हो,दादी ने मुझे अपने पास बैठा लिया और पूछा क्या करते हो?मेरे द्वारा यह बताने पर कि मैं पत्रकार हूं, दादी जानकी ने मुझे आबू के ऊपर एक पुस्तक लिखने के लिए कहा और यह भी बोला कि जब पुस्तक तैयार हो जाएगी,आप मुझे इसी कमरे में देने आओगे।मैंने भी हां कर दी और देखते ही देखते आबू तीर्थ महानपुस्तक तैयार हो गई।दादी ने पहले पुस्तक की पांडुलिपि देखी और फिर उसी कमरे में छपी हुई पुस्तक का भी अवलोकन किया।इसके बाद जब दादी जानकी का शताब्दी जन्म समारोह हुआ तो मुझे उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत जी के प्रतिनिधि के रूप में उनकी ओर से उक्त भव्य समारोह में शामिल होने का अवसर मिला।मैने दादी को मुख्यमंत्री का शुभकामना पत्र भी उन्हें उन्ही के कमरे में जाकर सौंपा तो दादी हंसा बहन की मदद से बहुत देर तक बतियाती रही।दादी जानकी से आखिरी मुलाकात सन 2019 के सितंबर माह में मीडिया कॉन्फ्रेंस के दौरान ही उस समय हुई जब मुंबई की एक बहन डॉ शिप्रा ने गुस्से का साफ्टवेयर नाम से लिखी पुस्तक दादी जानकी को भेंट कराने के लिए जिद्द की।उस दिन दादी के पास समय नही था फिर फिर उन्होंने डायमंड हाल में हुए अपने संबोधन के बाद वही मिलने का समय दे दिया और हमे देखकर बहुत खुश हुई।उन्होंने पुस्तक के शीर्षक गुस्से का साफ्टवेयर पर कहा कि गुस्सा एक बड़ा विकार है ,हमेशा इससे दूर रहो।और जब गुस्सा आये तो तीन बार ओम शांति बोलो।देखना गुस्सा भाग जाएगा।इससे शिव बाबा खुश होगा और आप भी सुखी रहोगे।



डॉ श्रीगोपाल नारसन

सच मे जितनी बार भी दादी जानकी से मिलना हुआ ,लगा जैसे सारे जहान की रूहानियत उनमें समा गई हो।वह इसलिए क्योंकि दादी जानकी सदा परमात्म याद में लीन रहती थी,एक बार जब मैंने उनकी लंबी उम्र का राज पूछा तो बोली ,कोई खास बात नही,मेरे ओर परमात्मा के बीच मे कोई तीसरा नही है,इसीलिए लिए मैं सबसे बेफिक्र ,शांत चित्त व स्थिर मन रह पाती हूं।

## राजकाज



### अपने ही मकड जाल में फंसती जा रही है भाजपा?

अमित शाह के भाषण को लेकर एक फेक वीडियो बड़ी तेजी के साथ वायरल हुआ। इसके बाद दिल्ली पुलिस हरकत में आई। कई राज्यों के विपक्षी दलों के नेताओं को, जिन्होंने इस वीडियो को फॉरवर्ड किया था। उन्हें समन भेजकर जांच शुरू कर दी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री को भी बुलाया गया है। जिस तरह के एडिटेड वीडियो पर कार्रवाई की गई है। उसी तरह के वीडियो भाजपा के आईटी सेल और हेट स्पीच को लेकर भाजपा नेताओं के कई वीडियो वायरल हुए हैं।

### कर्नाटक का सेक्स स्कैंडल भाजपा के गले की फांस

भारत और दुनिया का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल कर्नाटक का बताया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना देवगोड़ा के यौन शोषण की 2900 से ज्यादा वीडियो क्लिप हैं। जो उसने अपने मोबाइल फोन से तैयार की थी। अपने कंप्यूटर पर सेव करके रखी थी। यौन शोषण करने के बाद महिलाओं को ब्लैकमेल भी करता था। इस मामले का खुलासा होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के गले में फान्स की सेक्स स्कैंडल फस गया है। राष्ट्रीय स्तर के लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर रहा है। कर्नाटक के साथ-साथ सारे देश के लोकसभा चुनाव में अब इसका असर पड़ता हुआ दिख रहा है। पश्चिम बंगाल के संदेश खाली मामले में भाजपा और गोदी मीडिया ने जिस तरह से जोर-जोर से ममता बनर्जी और टीएमसी को घेरे में लिया था। वहीं घेरा अब भाजपा के ऊपर कस गया है।

### ऊंट पर बैठे व्यक्ति को कुत्ते काट रहे हैं

कहावत है कि जब समय खराब आता है। ऊंट पर बैठे हुए व्यक्ति को, कुत्ता भी काट लेता है। ठीक यही स्थिति अब लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल रही है। लोकसभा चुनाव के दो चरण का अभी मतदान हुआ है। 542 में से अभी केवल 190 सीटों में मतदान हुआ है। इसी बीच कोविशील्ड को लेकर ब्रिटेन हाईकोर्ट से एक नई खबर आ गई। जिसमें कहा गया है, साइड इफेक्ट के कारण इस वैक्सीन के लगने के बाद लोगों की मौत हो गई।

### केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो क्या होगा

भारतीय जनता पार्टी के अंदर ही अंदर इस बात पर मंथन शुरू हो गया है। केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बन गई, तो क्या होगा। सवाल भी भाजपा के लोग कर रहे हैं। जवाब और आशंका भी भाजपा के लोग ही व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के न्याय पत्र को मुद्दा बना रही है। भाजपा अपने बारे में कुछ कह ही नहीं पा रही है। भाजपा अभी तक यह मानकर चल रही थी,कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस सत्ता में नहीं आ सकती है। अब भाजपा के नेता ही कहने लगे हैं, कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह क्या करेगी। भाजपा मतदाताओं को डराने का काम कर रही है। कांग्रेस सत्ता में आई तो संपत्ति छीन लेगी। विरासत टैक्स लगा देगी। मुसलमान को आरक्षण देगी और हिंदुओं की संपत्ति को बांट देगी। धारा 370 बहाल कर देगी।

## फीचर



# गर्मी में इस प्रकार रखें बालों का ध्यान

**गर्मियां में सबसे पहले अपने बालों की तरफ ध्यान देना चाहिये। गर्मी के मौसम में लगातार बहते पसीने के कारण बालों का उलझना और बेजान होना आम समस्या है।**

इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपने कुछ उपाय भी आजमाए होंगे। अगर आपको अब तक उलझे-बेजान बालों से छुटकारा नहीं मिल पाया है तो इन तरीकों की सहायता से आप बिना किसी दर्द के अपने बालों को सुलझा सकती हैं। आजमाएं कंडीशनर वॉशिंग ~इसका लक्ष्य बालों को पर्याप्त मात्रा में नमी प्रदान करना है। इस प्रक्रिया में बालों को शैंपू की जगह कंडीशनर से ही धोना होता है और वह भी दो बार। पहली बार में अपने बालों में अच्छी तरह से कंडीशनर लगाएं और फिर पानी से बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद बालों की जड़ में अच्छी तरह से कंडीशनर लगाएं। पांच मिनट तक कंडीशनर को वैसे ही छोड़ दें और उसके बाद पानी से सिर धो लें। अगर आपके बाल बहुत ही ज्यादा रूखे, उलझे और बेजान हों तभी आपको वॉशिंग करनी चाहिए। तैलीय बालों के लिए यह प्रक्रिया बिल्कुल भी ठीक नहीं है। वॉशिंग के लिए ऐसा कंडीशनर चुनें, जो सिलिकॉन मुक्त हो या जिसका पीएच लेवल काफी कम हो पर कंडीशनर वॉशिंग लगातार दो सप्ताह तक नहीं अपनाएं। बाल धोने के बाद अगले हफ्ते सल्फेट मुक्त शैंपू से बालों को जरूर धोएं, वरना कंडीशनर के कारण स्कैल्प और बाल बहुत ज्यादा तैलीय हो जाएंगे। अगर आपके बाल रूखे और घुंघराले हैं तो बाल जब हल्के गीले हों, उन्हें तभी सुलझा लें। अपनी उंगलियों और कंघी से बाल सुलझाएं। अगर बाल बहुत ज्यादा रूखे हो गए हैं तो बालों में शैंपू के बाद तेल और पानी का छिड़काव भी काफी हद तक समस्या सुलझा देता है। बालों को धोने से पहले हल्के गुनगुने तेल से 20 मिनट तक बालों की मालिशकरने के बाद उन्हें धो लें। बालों का रूखापन कम होगा।

## प्रेरणा

# दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।



अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तु?हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था। उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। वे दूसरे को उसकी गलती बताने के चक्कर में स्वयं भी गलती कर बैठते हैं और फिर स्वयं कब गलत मार्ग पर चलने लगते हैं, इसका उन्हें आभास तक नहीं होता। यह सुनकर तीनों शिष्यों का सिर शर्म से झुक गया।

## अपनी बात



वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने से पीएम नरेंद्र मोदी भावुक हो गए। उन्होंने अपनी मां को याद करते हुए कहा कि अब गंगा ही मेरी मां है और मां गंगा ने मुझे गोद लिया है। उन्होंने कहा कि मेरा वाराणसी से ऐसा नाता है कि मैं बनारसिया हो गया हूं। इस दौरान उन्होंने मां हीराबेन को याद करते हुए कहा कि मेरी मां ऐसी थीं कि वह हमेशा जीवन में शुद्धता को महत्व देती थीं।



फारूक अब्दुल्ला ने कहा, यह दुखद है कि वे कहते हैं कि कोई हिंसा नहीं है और सब कुछ सही है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारे पार्टी कार्यकर्ता को 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है, एक ओर वे कह रहे हैं कि चुनाव स्वतंत्र माहौल में हो रहा है। मैं शाह और पीएम मोदी से पूछना चाहता हूं हमारे कार्यकर्ताओं को क्यों बंद किया गया? क्या वे डरे हुए हैं कि वे हार जाएंगे?

ब्रीफ न्यूज

## आम तोड़ने से रोका तो बेटों ने की पिता से मारपीट

**गुना।** जिले के जामनेर थानांतर्गत ग्राम सालोटा में आम की बगिया से आम तोड़ने को लेकर सगे बेटों ने पिता के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी फूल सिहं धाकड़ पुत्र सुन्दरलाल धाकड़ ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने बालाश्री धाकड़ के आम के पेड़ बटिया पर ले रखा है। गत दिवस वह जब आम के पेड़ की रखवाली कर रहा था तभी उसका लड़का सुनील धाकड़ और ताऊ का लडका रतन सिहं धाकड़ दोनो आये और उससे बोले कि सब्जी बना दो। जिस पर उसने कहा कि मैं थोड़ी देर से बना दूंगा। तभी सुनील और रतन सिहं आम तोड़ने लगे, जब फरियादी पिता ने उन्हें रोका तो दोनों ने गाली गलौंच कर डण्डे से उनकी मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। इसी दौरान उनका छोटाा लडका चन्द्रशेखर धाकड़ आया और उसने भी गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने फरियादी पिता की शिकायत पर दोनों बेटों सहित तीन आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## ससुराल से मिली बाईक घर के आगे से चोरी

**गुना।** जिले के मकसूदनगढ़ थानांतर्गत ग्राम उकावद में घर के बाहर खड़ी मोटर सायकिल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कृष्णमोहन पुत्र सुजान सिंह मीना निवासी बीलखेडा हाल नसीरपुर रोड उकावद ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 37-2807 जो उसे उसके ससुराल वालों ने दी थी, को अपने उकावद वाले घर् की गैलरी से निकालकर बाहर टीनसेड के नीचे खड़ा कर लॉक लगाकर घर के अंदर चाय पीने चला गया था। थोडी देर बाद चाय पीकर घर के बाहर निकल कर देखा तो मोटरसाईकिल टीनशेड के नीचे नहीं मिली। जिसे कोई अज्ञात चोर टीनशेड के नीचे से चुराकर ले गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

## सगा बरखेड़ा के जंगलों में चल रही थी जुआ की टगर, आरोन पुलिस ने दबोचे जुआरी

**गुना।** जिले की आरोन पुलिस द्वारा ग्राम सगा बरखेड़ा के पास जंगलों में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर आधा दर्जन के करीब जुआरियों को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सगा बरखेड़ा के पास जंगल में जुआ टगर चल रही है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो एक पेड़ के नीचे कुछ लोग जुआ खेलते हुए दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम मलखान यादव पुत्र हनुमत सिंह यादव निवासी मोहनबाड़ा, महेन्दर यादव पुत्र मलखान सिंह यादव निवासी गैलोन, मांगीलाल बंजारा पुत्र जस्सा बंजारा निवासी सगा बरखेड़ा, राजू उर्फ राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र मथुरालाल यादव निवासी उमरिया एवं राजेन्द्र सिंह यादव उर्फ भूरा पुत्र स्व. धीरज सिंह यादव निवासी सगा बरखेड़ा बताए। जिनके पास से पुलिस ने कुल 5050 रूपये एवं एक ताश गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों को 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

विभिन्न संगठनों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# शहर को आशंकित बाढ़ से बचाने जरूरी है नदियों की सफाई व तालाबों का गहरीकरण

सत्ता सुधार ■ गुना



शहर को आशंकित बाढ़ से बचाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा मंगलवार को बारिश पूर्व गुनिया सहित गुना की तीनों नदियों गुनिया, पनरिया, ओड़िया की सफाई एवं तीनों तालाब भुजरिया, सिंगवासा, गोपालपुरा के गहरीकरण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गुनिया बचाओ आंदोलन, पानी बचाओ आंदोलन, पनरिया बचाओ अभियान, ओड़िया नदी समिति, भुजरिया तालाब अभियान, सिंगवासा तालाब गहरीकरण रिसोर्स मैनेजमेंट कमेटी, गोपालपुरा तालाब अभियान, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग अभियान गुना एवं पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने मांग की कि शहर में तीन तालाब और तीन-तीन नदियां हैं। प्रतिवर्ष बारिश में ये तीनों तालाब एकाधिक बार ओवरफ्लो हो ही जाते हैं और तीनों नदियों भी उफन जाती है फिर भी गुना गर्मियों के आते ही जल अभाववास्त हो जाता है। इससे साफ है कि हमारे गुना में कमी पानी की नहीं जल प्रबंधन की है। ज्ञापन में कहा गया कि शहर ने बीते बीस वर्षो में टोटी लगाओ अभियान, कुओ का सफाई अभियान, भुजरिया सिंगवासा गोपालपुरा तालाब गहरीकरण, गुनिया, पनरिया, ओड़यिा नदी अभियान, मिशन भू- जल आदि के माध्यम से शहर में जल जागरूकता बनाई हुई है। शासन, प्रशासन, मोडिया की मदद व समर्थन भी इन अभियानों को सदैव ही रहा है। समितियों के अनुसार शहर में औसत सामान्य वर्षा हो ही जाती है। जिससे भुजरिया, सिंगवासा और गोपालपुरा तालाब अनेक बार ओवरफ्लो होजाते हैं। तीनों नदियां गुनिया, पनरिया, ओड़यिा हर बार बाढ़ग्रस्त भी हो जाती हैं।

मतलब साफ है गुना में पानी की कमी नहीं जल प्रबंधन का अभाव है। वहीं शहर मकरोदा, गोपी कृष्ण, संजय सागर डेम से घिरा है। सिंध व पार्वती नदियों के बीच जिला बसा है। तीन बड़ी नदियों नेगरी गुनिया, पनरिया, ओड़िया नदियों के संगम से निर्मित कूनो व तेन का उगम स्थल है। ज्ञापन में मांग की गई कि बरसे पानी को घर के नीचे की जमीन पर, शहर के पानी को शहर में, जिले के पानी को जिले में रोकने की है। गुनिया नदी पर श्रीमन शुक्ला, राजेश जैन, भास्कर लाक्षाकार, कुमार पुरुषोत्तम के कार्यकालों में कुछ कुछ काम हुआ। जिसके सुखद परिणाम ने 2021 की अति वृष्टि में गुना को डूबने से बचा लिया। हमें इस से सीखना चाहिए। अभी गुनिया पर काफी काम की जरूरत है। ज्ञापन में मांग की गई कि गुनिया पर 2017 के एनजीटी के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गुनिया के उद्धार के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में स्थान मिला था उस पर काम होना जरूरी है, नपा ने इस पर 2020 में जो स्त्रश्चह्न बना कर शासन को भेजी थी उस पर काम की जरुरत है। इसके अलावा भुजरिया तालाब भूमि विनिमय व 3 करोड़ के गेल स्पोंसर्ड भुजरिया प्रोजेक्ट पर काम होने की जरूरत है। पनरिया नदी पर कुमार पुरुषोत्तम जी के समय में आरंभ हुआ काम रुका पड़ा है, इसे जारी किया जाना जरूरी है।

# सिलेसिलेवार चोरियों के मामले में कोतवाली पुलिस ने दबोचा आरोपी

दो लाख का माल बरामद

सत्ता सुधार ■ गुना



शहर के अलग-अलग स्थानों पर सूने घरों को निशाना बनाकर लाखों के सोने-चांदी के जेबर व नगदी चोरी की तीन घटनाओं का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया है। तीन आरोपियों ने मिलकरचोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें एक आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। जिसके पास से पुलिस ने करीबन 2 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अंकित पुत्र हरिबाबू नामदेव निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गुना द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट की गई थी कि 6-7 मई की रात में कोई अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर सोने की दो अंगूठी, चांदी के कड़े, चांदी की चार जोड़ पायलें, चांदी की करदोनी, बच्चे की हाय व नगदी 6000 रूपये चोरी कर ले गया है। जिस पर 10 मई को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 453/24 धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । इसी प्रकार फरियादी बुन्देल सिंह पुत्र दोजीराम जाटव निवासी कुशवाह मोहल्ला पुरानी छावनी गुना द्वारा 16-17 अप्रैल की रात में कोई अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर सोने का मंगल सूत्र, सोने की झुमकी, सोने की अंगूठी, चांदी का कमरपेटा, चांदी की पायजेव, चांदी की बिछुड़ी आदि चोरी कर ले जाने जाने की गुना कोतवाली में रिपोर्ट की गई थी। जिस पर 11 मई को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 456/24 धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

इसी प्रकार फरियादी धर्मेन्द्र पुत्र सुखलाल कुशवाह निवासी भगवती नगर बूढ़े बालाजी द्वारा 18-19 अप्रैल की रात में कोई अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर सोने का मंगल सूत्र, सोने का बीजासन, सोने की अंगूठी, चांदी का कमरपेटा, चांदी की पायल, चांदी की चैन, चांदी के बताने व कुछ नगदी चोरी कर ले जाने जाने की गुना कोतवाली में रिपोर्ट की गई थी, जिस पर दिनांक 12 मई 2024 को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 457/24 धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। शहर में एक के बाद सूने घरों को निशाना बनाकर सिलसिले बार हुई चोरी की घटनाओं को गुना एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा गंभीरता से लेकर चोरी की उपरोक्त घटनाओं का जल्द से जल्द खुलाशा कर इन चोरियों को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस ने विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से भी आरोपियों की पतारसी के सघन प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरुप चोरी की उपरोक्त बारदातों को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों के संबंध में गुना कोतवाली पुलिस के हाथ कुछ महत्वपूर्ण सुराग लगे और जल्द ही अज्ञात आरोपियों की पहचान कर गत 13 अप्रैल को चोरी की उपरोक्त घटनाओं में शामिल संदेही आरोपी सनी पुत्र राजेश राजपूत निवासी चौधरी मौहल्ला गुना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उपरोक्त तीनों चोरियां करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से तीनों चोरियों से प्राप्त सोने की झुमकी, सोने के मंगलसूत्र, सोने की अँगूठियाँ, सोने की पुतली, चाँदी की पायलें, चाँदी की बिछुड़ी, चाँदी की हाए, चाँदी के कड़े आदि सोने-चाँदी जेबर कुल कीमती करीबन 02 लाख रुपए की संपत्ति जप्त कर ली गई है । चोरी की उपरोक्त घटनाओं में शामिल अन्य दोंनो आरोपियों की भी पुलिस द्वारा पहचान कर ली गई है, जिनकी तलाश जारी है और जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर चोरियों का शेष माल बरामद किया जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी में टीआई अनूप कुमार भार्गव, संदीप यादव, राजीव गौड़, प्रवीण दीवान, जोगेश शर्मा, नरेन्द्र रघुवंशी, रामकुमार, रामकमार सिंह, रानू रघुवंशी, अमर सिंह, हेमंत सोनी, मनोज, राजकुमार एवं कुलदीप भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## बिन बारिश बरसात ने खोली नपा के सफाई प्रबंधन की पोल



### नेता प्रतिपक्ष बोले, अभी यह हाल है तो बारिश में क्या होगा

**गुना।** बेमौसम हुई बारिश ने नपा की सफाई प्रबंधन की पोल खोल दी। गत रात हुई बारिश के झटके ने गुरुद्वारा स्थित पुराना ग्रीन रेस्टोरेंट से नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर मुख्य सड़क पर बहाने लगा। नाला ओवर फ्लू होने और सफाई नहीं होने के कारण सारी गंदगी सड़क पर आने से लोगों को भयंकर बदबू और गन्दगी का सामना करना पड़ा। देखते ही देखते यह पानी गुरुद्वारे से रतलामी नमकीन की दुकान, लक्ष्मी नारायण मंदिर तक आम सड़क पर बहने लगा। इस बारे में नपा में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने नगरपालिका के सफाई प्रबंधन हमला बोलते कहा कि थोड़ी सी बारिश ने नपा के सफाई प्रबंधन की नाकामी का खुलासा हो गया। नपा के स्वास्थ विभाग के अधिकारी जिम्मेदारों का शहर की साफ सफाई नालों की सफाई पर कोई ध्यान नहीं है। गत रात हुई बारिश ने नपा के सफाई प्रबंधन की नाकामी उजागर कर दी। शहर में सफाई के प्रति नपा प्रबंधन कितना जिम्मेदार है, यह शहर के मुख्य मार्गो पर फैली गंदगी बता देगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा जबकि गुरुद्वारे और लक्ष्मी नारायण मंदिर दोनों शहर के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। वहां गंदा पानी बहना नपा प्रबंधन के लिए बड़े ही शर्म की बात है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा की मई माह आधा बीत चला और बारिश मौसम भी नजदीक आ चला, अभी तक शहर में कई सारे नालों की सफाई प्रतिवर्ष के अनुसार गर्मियों के पूर्व नहीं हुई। यदि ऐसे हालत रहे तो बारिश के मौसम में शहर को अधिक समस्या का सामना करना पड़ेगा।

नोटः- समाचार के साथ फोटो

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ गुना



कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणाधीन भवन एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होनें ग्राम बिलौनिया के शासकीय वेयरहाउस में संचालित उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा का भी निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत म्याना में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन निर्माणधीन है। कलेक्टर द्वारा आज स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया उन्होनें निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होनें पुराने भवन के स्थान पर नवीन जी प्लस वन भवन बनाने का प्रस्ताव आयुक्त ग्वालियर संभाग को शीघ्र भेजने के लिये निर्देशित किया। उन्होनें चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधायें मुहैया कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होनें ग्रामीणजनों से भी चर्चा की, ग्रामीणजनों द्वारा पेयजल की समस्या के बारे में अवगत कराया उन्होनें कहा कि पेयजल की सतत् आपूर्ति के लिये नलकूल के लिये स्थान चयनित कर अवगत करायें, पीएचई विभाग द्वारा नलकूप का खनन शीघ्र कराया जायेगा । कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा ग्राम बिलौनिया के शासकीय वेयरहाउस में संचालित उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही उपस्थित कृषकों से जारी खरीदी कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होनें किसानों को सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने एवं समय पर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिये उन्होनें कहा कि बदलते मौसम के कारण उपार्जन के दौरान कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

## ससुर की जमीन को लेकर भिड़े साढू भाई

**गुना।** जिले के आरोन थानांतर्गत ससुर की जमीन को लेकर दो साढ़ू भाई आपस में भिड़ गए। जिसमें एक ने दूसरे के साथ मकान बनाने को लेकर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ब्रजेश पुत्र मिट्ठुलाल जाति बाल्मिक निवासी ग्राम पिपरोदा खुर्द हाल लोकसेवा केंद्र के पीछे आरोन ने अपनी पत्नी रेखाबाई एवं साले छोटू वाल्मिक के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके ससुर राजेन्द्र वाल्मिक प्लॉट लेकर उसमें मकान बना रहा था। जिस पर उसके साडू सोनू वाल्मिक निवासी देवरी मार ने उससे दो तीन दिन पहले फोन पर बताया कि तू इसमें मकान नहीं बनाएगा। जिस पर उसने यह जगह उसने ससुर से खरीदी है। इसी रंजिश पर से गत शाम जब वह ड्यूटी कर के वापस घर आ रहा था, तभी पेट्रोल पम्प के पास साडू सोनू वाल्मिक, लल्लू वाल्मिक निवासी देवरी मार तथा उसका साला छोटू आए और बोले कि हमने मकान बनाने की मना की थी फिर भी तू नहीं माना।

# खुले नलकूप, बोरवेल एवं ट्यूबवेल को सख्ती से बंद करने के आदेश

## जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें - कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ गुना

अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राज्य शासन द्वारा सुरक्षात्मक उपाय एवं दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला पंचायत सीईओ, समस्त एसडीएम, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त सीएमओ तथा समस्त जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है कि उक्त जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित किया जाये तथा इन उपायों एवं दिशा-निर्देशों का ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये हैं।

आदेश के अनुसार विभिन्न विभागों, संस्थाओं, निजी व्यक्तियों द्वारा शासकीय, अशासकीय उपयोग हेतु खनित कराए जाने वाले नलकूपों की मॉनिटरिंग हेतु नलकूपों, नलकूप खनन करने वाली एजेंसी, मशीन तथा नलकूप खनन कराने वाले विभाग, संस्थाओं, व्यक्तियों की जानकारी को ट्रैक करने हेतु पोर्टल का निर्माण एम.पी.एस.ई.डी.सी. के माध्यम से कराया जा रहा है। इस पोर्टल पर नलकूप खनन मशीन, खनन एजेंसी को पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा इस पोर्टल पर नलकूप खननकर्ता/एजेंसी द्वारा नलकूप खनन संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। वहीं नगरीय निकायों तथा जिला, जनपद, ग्राम पंचायतों को नलकूप खनन से संबंधित जानकारी का पोर्टल पर नियमित अनुश्रवण करना होगा। नलकूप खनन की सूचना पोर्टल पर प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खनन उपरांत संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग द्वारा नलकूप के ऊपर हैंडपंप, सबमर्सिबल पंप स्थापित कर दिया गया है तथा यदि नलकूप में जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है। जल आवक क्षमता कम प्राप्त होती है तो नलकूप को केसिग के ऊपर स्टील प्लेट का कैप लगाकर कैप को नट बोल्ट लगाकर कैसिंग में फिक्स कर नलकूप के चारों सीमेंट कांक्रीट ब्लॉक बनाया जाना होगा। इसके अलावा नगरीय निकायों, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों से संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अभियंताओं तथा अन्य शासकीय अमले को नलकूप खनन के पश्चात उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण दिया जाए एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इस संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए।

विद्या भारती का आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

# निश्चित भूमि, समाज, संस्कृति और इतिहास से बनता है मजबूत राष्ट्र

सत्ता सुधार ■ गुना




ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ में 15 दिवसीय वर्ग का शुभारंभ किया गया। जिसमें उद्घाटन सत्र में निखिलेश माहेश्वरी विद्या भारती मध्य भारत प्रांत संगठन मंत्री, चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा, अशोक दांगी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, गोपाल शर्मा वर्ग संयोजक, डॉ हरी सिंह किरार द्वारा सर्व प्रथम विद्या भारती का ध्वज को फहराया गया। जिसमें संगठन मंत्री के द्वारा ध्वज पूजन एवं गौ माता की पूजन के पश्चात मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक के द्वारा करवाया गया। अतिथियों का स्वागत अखिलेश दुबे जिला प्रमुख राघौगढ़ एवं अग्निवेश त्यागी के द्वारा किया गया। जिसके पश्चात संगठन मंत्री द्वारा बताया गया कि विद्या भारती के लक्ष्य के द्वारा आने वाली पीढ़ी का विकास करना है। हमारा लक्ष्य पवित्र होना चाहिए। इसके लिए सब कुछ करना पड़ता है। हमारा लक्ष्य के एक एक शब्द मोतीयों के समान है। लक्ष्य के लिए टोली का निर्माण कर आचार्य परिवार, संयोजक मंडल, अभिभावकों, वरिष्ठ जनों को हमारा लक्ष्य के विषय में सत्य निष्ठा होना चाहिए। इसके तीन सूत्र लोकसगृह, लोकसंस्कार, लोकनियोजन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा विकास की चार बातें हैं। निश्चित भूमि, समाज, संस्कृति, इतिहास। इससे राष्ट्र बनता है। सबसे बड़ा धर्म अहिंसा, परंतु धर्म के लिए हिंसा करनी पड़ती है तो जरूर करना चाहिए। पंचकौशात्मक का विकास -शारीरिक शिक्षा, प्राणीक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, बोद्धिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, आदि विषयों पर मार्गदशित किया गया। सत्र का संचालन मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़ ने किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय समिति सदस्य इंदर सिंह परमार, शिवकुमार तिवारी, संचालन टोली से हरिशंकर सैनी, देवी सिंह नागर, राधेश्याम नागर, कालुसिंह राजपूत, रामबाबू कुम्भज, सियाराम पाटीदार, योगेन्द्र दांगी, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

## किसान के फसल बेचने के पैसों से भरा बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना

कोतवाली पुलिस ने किसान द्वारा मंडी में बेची गई फसल के पैसों का बैग चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए राजगढ़ जिले के सांसी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2.40 लाख रुपये बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत् माह 6 अप्रेल को को फरियादी अंकित पुत्र संतोष जैन निवासी ग्राम रामपुर कॉलानी थाना बमौरी जिला गुना द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 6 अप्रेल को नानाखेड़ी गल्ला मंडी में वह अपनी चना की फसल बेचने के बाद अपनी पिकअप वाहन को लेकर पुरानी गल्ला मंडी आ गया। जहां वह अपनी पिकअप में पीछे सामान लोड करा रहा था, कि इसी दौरान पिकअप के केबिन में रखा उसकी फसल बेचकर प्राप्त रूपयों का बैग चोरी गया, जिस पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 324/24 धारा 379 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया था। उक्त मामले के अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी में सघनता से जुट गए। प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु अपने मंखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी की निरंतर तलाश व पतारसी के प्रयास किये गये ।

वैसे तो लड़कियों का दिल ज्यादा sensitive होता है और उन्हें प्यार जल्दी हो जाता है, पर वो अक्सर लड़के को प्रपोज पहले नहीं करती, चाहे वो कितने ही प्यार में क्यों न हों? इस मॉर्डन जमाने में भी प्यार का इजहार करने से पहले लड़कियां बार-बार सोचती हैं। वे चाहती हैं कि लड़का ये जिम्मेदारी उठाए। इसके पीछे ये 4 वजह होती हैं....

# प्यार हुआ...पर इस वजह से पहले इकरार से घबराती हैं महिलाएं!



प्यार का इजहार करने पर ठुकराए जाने का डर हर किसी को होता है। लड़कियां नहीं चाहती हैं कि कभी उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़े। प्यार में रिजेक्शन लड़कियों के लिए किसी सदमें से कम नहीं होता है। इससे बाहर आने में उन्हें काफी समय लगता है। अगर लड़के ना कर देते हैं तो लड़कियों को अपना सेल्फ वर्थ भी कम लगता है।

वे हमेशा हिंट देकर प्यार का इजहार करवाना चाहती हैं...

## स्पेशल फील करना

कई सारी स्टडीज में ये पाया गया है कि लड़कों की तुलना में लड़कियों को डेट के लिए पूछा जाना काफी पसंद आता है। इसी वजह से लड़कियां किसी लड़के को पहले प्रपोज नहीं करते हैं क्योंकि लड़कियां चाहती हैं कि उन्हें हमेशा फील कराया जाए। वे फील करती हैं कि उनके चाहने वाले काफी हैं। हर कोई इस तरह का महसूस करना चाहता है लेकिन लड़कियां खुद के लिए प्रॉयरिटी चाहती हैं। इसलिए वे पहले प्यार के इजहार से बचती हैं।

## बोल्ड वाले टैग से बचती हैं

ऐसी लड़कियां जो पसंद के लड़के को पहले प्रपोज करती हैं, उन्हें बोल्ड का टैग दे दिया जाता है। यानी इन्हें ऐसी लड़कियां मान लिया जाता है, जिसे आसानी से पाया जा सकता है। कोई भी लड़की इस तरह की सोच खुद के लिए बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। इसलिए वे हमेशा हिंट देकर प्यार का इजहार करवाना चाहती हैं।

**डेस्पेरेट का टैग नहीं चाहती...** हमेशा से लड़के ही लड़कियों को अपनी दिल की बात बताते आए हैं। अगर लड़का अपने प्यार को पाने के लिए अलग-अलग पसंद की चीजें करता है तो लोग उसे रोमांटिक कहते हैं, लेकिन अगर यही काम लड़की करे तो लोग उसे डेस्पेरेट तक कह देते हैं। यही सोचकर लड़कियां अपनी फीलिंग्स को दबाकर रखती हैं और कभी लड़के को प्रपोज नहीं करती हैं।



# शादी से पहले दुल्हन भूलकर भी ना करें ये गलतियां

शादी के दिन खूबसूरत तो हर कोई दिखना चाहता है। मेकअप से लेकर आउटफिट, ज्वेलरी हर चीज लड़कियों को परफेक्ट चाहिए होती है, ताकि शादी वाले दिन उस पर से किसी की नजर ना हटे। अपने खास दिन से पहले लड़कियां पार्लर के तो चक्कर लगाती ही हैं साथ ही घरेलू उपायों का इस्तेमाल भी करती हैं। लड़कियों को लगता है कि घरेलू उपायों का इस्तेमाल करने से चेहरे पर चमक आ जाएगी, पर ऐसा नहीं है, कुछ ट्रीटमेंट शादी के आखिरी दिनों में करना सेफ नहीं है, इससे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।

**फेशियल पील:** दुल्हन के लिए फेशियल पील जरूरी है लेकिन आखिरी वक्त में नहीं। क्योंकि फेशियल पील के करने के बाद त्वचा पर उनके कुछ प्रभाव होते हैं, जो आपके शादी के दिन आपके खूबसूरती को खराब कर सकते हैं। इसलिए अगर आप फेशियल पील कराना चाहती हैं तो शादी के कुछ दिन पहले करवाएं, इससे चेहरे के निशान और घाव आदि ठीक हो जाते हैं। त्वचा में अलग सी चमक आ जाती है।

**नॉर्मल फेशियल:** फेशियल में मसाज, ब्लैकहेड्स और मृत कोशिकाओं को हटाना आदि शामिल है। फेशियल के बाद चेहरा 24 से 48 घंटे तक हल्का सूज जाता है, इसलिए नॉर्मल फेशियल शादी के आखिर वक्त में कराना उचित नहीं।

**वैक्सिंग:** त्वचा से अनचाहे बाल और साफ दिखने के लिए दुल्हन अक्सर वैक्स कराती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप शादी के आखिरी दिनों में इसे कराएं। कई बार जल्दी बाजी में वैक्सिंग करने की वजह से त्वचा पर खुजली और रैशेस होने की संभावना होती है।

**फेस क्लीन-अप:** फेस क्लीन-अप नॉर्मल दिनों में लड़कियां अक्सर करवाती हैं, लेकिन बात जब शादी की हो तो आखिर दिनों में इसे करवाने से बचना चाहिए। क्योंकि क्लीन-अप के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला स्क्रब और मास्क आपके चेहरे के सभी नैचुरल तेल को निकाल देता है। शादी के दिनों में नॉर्मल स्किनकेयर टिप्स को आजमाएं।

# पति नहीं करता आपकी इज्जत ये गलतियां हो सकती हैं वजह

पति-पत्नी का रिश्ता प्यार के साथ बहुत सारे सम्मान और विश्वास की नाजुक डोर से बंधा होता है। किसी एक चीज की भी कमी होने पर रिश्ता खराब हो सकता है। हर कपल चाहता है कि उसका अपने पार्टनर के साथ रिश्ता बहुत खुशहाल बना रहे, लेकिन कई बार जाने-अनजाने मियां-बीवी कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो उनके रिश्ते की डोर को बहुत कमजोर कर देती है। लेकिन हर बार पति की गलती हो ये जरूरी तो नहीं है, इसके लिए खुद महिलाएं भी जिम्मेदार हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसी 3 वजहें जिसके चलते महिलाओं को नहीं मिलता है पति से सम्मान...

## पति के पेरेंट्स के साथ बुरा बर्ताव

अगर आपका पति आपके पेरेंट्स आपके साथ अच्छ व्यवहार ना करे तो आपको यकीनन बुरा लगेगा। हो सकता है कुछ टाइम बाद उसका असर आपको रिश्ते में भी नजर आने लगे। ऐसे में जब आप खुद अपने पति के पेरेंट्स के साथ बुरा बर्ताव करती हैं तो उसी तरह कोई बेटा भी अपने पैरेंट्स के साथ हुए बुरे बर्ताव को लेकर चुप नहीं रह सकता। ऐसे में वो पहले तो अपनी पत्नी को समझाता है, लेकिन पत्नी अगर नहीं मानती हैं तो वो उसका सम्मान करना छोड़ देता है।



## कमाई को लेकर पति को दिखाना नीचा

कई बार शादीशुदा कपल्स का रिश्ता सिर्फ इस बात पर खराब हो जाता है क्योंकि पति की सैलारी अपनी बीवी से ज्यादा नहीं होती है। अगर पत्नी बार- बार अपने पद और कमाई को लेकर पति को नीचा दिखाए तो उससे पति के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाती है और उसकी नजरों में अपनी पत्नी का सम्मान कम हो जाता है।

## अमीर घर की हो पत्नी

कई बार लड़कियां अपने मायके की अमीरी का रौब पति पर झाड़ने लगती हैं। ऐसा ज्यादातर लव मैरिज में होता है, जिसमें लड़कियां अक्सर ये ताना मारती हैं कि अगर वो उससे प्यार नहीं करती तो उसकी शादी किसी बड़े घर में हुई होती। पत्नी की इन बातों से भी पति नाराज होकर उनका सम्मान करना बंद कर देते हैं।

# प्रोटीन से भरपूर बाजरा शरीर को मिलेंगे फायदे हार्ट भी रहेगा स्वस्थ



आप गेंहू-चावल की जगह बाजरे को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, इसको सुपर फूड भी कहा जाता है। जहां चावल में लगभग 82% कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है वहीं गेंहू में 76% और बाजरे में 78% कार्बोहाइड्रेट मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे में कॉम्पलेक्स, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी जैसे कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इसके अलावा यह खून में चीनी की मात्रा बढ़ने से भी रोकता है। बाजरे का सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल और हार्ट हेल्दी रखने में मदद मिलती है। तो चलिए आपको बताते हैं इसे खाने से सेहत को क्या-क्या फायदे मिलते हैं...

- **नाश्ते में खाने से मिलेगा फायदा:** एक्सपर्ट्स की मानें तो यदि बाजरे का सेवन सही समय पर किया जाए तो शरीर को ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ब्रेकफास्ट के तौर पर आप इसका सेवन कर सकते हैं। इससे आप सारा दिन एनर्जेटिक रहेंगे और आपका पेट भरा हुआ रहेगा। इसके अलावा दोपहर के भोजन में गेंहू या फिर चावल की जगह आप इसका सेवन कर सकते हैं। रात में बाजरे के सेवन से पाचन में मदद मिलती है। इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है जिससे आपको रात में काफी अच्छी नींद आती है।
- **अच्छी मात्रा में मौजूद होता है प्रोटीन:** बाजरे में लगभग 8-12 ग्राम प्रोटीन, फॉक्सटेल बाजरे में 10-12 ग्राम प्रोटीन और रागी में करीबन 7-10 ग्राम प्रोटीन मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे की अलग-अलग किस्म में भी प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है।
- **मिनरल्स और विटामिन्स युक्त:** बाजरा और रागी में बी1, बी2, बी3, बी5, बी6 और बी9 काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह विटामिन्स एनर्जी बढ़ाने, पाचन और रेड ब्लड सेल्स कोशिकाएं बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शॉर्ट नहीं अब शर्ट ड्रेस का है फैशन...



पहले जहां क्रॉप टॉप का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा था, वहीं इस सीजन फैशन मार्केट में शर्ट ड्रेसेज छाई हुई हैं। वैसे तो आमतौर पर शर्ट को ट्राउजर, पैंट्स, जीन्स, लेगिंग्स आदि के साथ पेयर किया जाता है लेकिन शर्ट की लेंथ अगर लंबी है तो उसे ड्रेस का नाम दे दिया जाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप कई तरह से स्टाइल कर सकते हैं और इस मौसम में तो यह कूल और सेफ ऑप्शन है। तो चलिए आज जानते हैं शर्ट ड्रेस को स्टाइल करने के तरीके।

## ये कलर ट्रेंड में

शर्ट ड्रेस में आजकल लाइम येलो, पीकॉक ब्लू जैसे कलर्स खूब डिमांड में हैं। वहीं पिंक जैसे ब्राइट कलर्स को नाइट टाइम में आप ट्राई कर सकती हैं।

- **कॉटन और सिल्क शर्ट ड्रेस है ज्यादा डिमांड में:** शर्ट ड्रेसेज में आपको कई तरह के फैब्रिक मिल जाएंगे, जैसे कॉटन, सिल्क और डेनिम। कॉटन शर्ट ड्रेस को हर ऑकेजन में पहनी जा सकती है, वहीं सिल्क शर्ट ड्रेस को डेट नाइट जैसे खास मौकों पर कैरी कर सकती हैं। वहीं लाइट डेनिम वाली शर्ट ड्रेस भी दोस्तों के साथ आउटिंग जैसे मौकों पर अट्रैक्टिव लुक देती है। वैसे कुछ मौकों पर लिनेन फैब्रिक की शर्ट भी ग्लैमरस लगती है। दरअसल, ये फैब्रिक बॉडी को कूल बनाए रखते हैं, इसलिए ये समर में बेहतरीन ऑप्शन है।
- **इस तरह करें स्टाइल:** हॉट और एलिगेंट लुक पाने के लिए शर्ट ड्रेस आपकी काफी मदद कर सकते हैं, बस जरूरत है इसके साथ सही अक्सेसरीज का चयन करने की। इस ड्रेस के साथ गोल्डन इयररिंग्स और ब्रेसलेट अच्छी लगती हैं। वहीं आप शर्ट ड्रेस के साथ स्नीकर्स शूज पेयर करके अपना लुक कम्पलीट कर सकती हैं।
- **लेयर करके भी पहन सकते हैं शर्ट ड्रेस:** जरूरी नहीं है कि शर्ट ड्रेस को हमेशा सिंगल ही पहनें। आप इसे श्रग भी बना सकती हैं और एक ओवरसाइज शर्ट की तरह से इसे अपने बाकी आउटफिट्स के साथ भी पेयर कर सकती हैं। अगर आपने फ्लोई ड्रेस पहनी है, तो लेंथ को ध्यान में रखते हुए शर्ट ड्रेस चूज करें। इसे को-ऑर्ड सेट्स, जंपसूट्स, जीन्स-टी के साथ भी लेयर करके पहन सकती हैं।

## बेल्ट के साथ शर्ट

वैसे तो आपको मार्केट में कई तरह के डिजाइंस मिल जाएंगे, अगर आप कुछ अलग करने की सोच रही हैं तो बेल्ट लगी शर्ट ड्रेस आपकी मदद कर सकती है। इसके कॉलर और स्लीव में बटन होते हैं। ड्रेस के कलर से डार्क या कंट्रास्ट करती बेल्ट आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाने का काम कर सकती हैं। ये डिजाइन ग्रे और ब्राउन जैसे कलर में लोगों को ज्यादा लुभा रहा है।

## शर्ट ड्रेस का सही तरीका

- शर्ट ड्रेस को अपनी पसंद के मुताबिक मैक्सी, मिनी और मिडी हेमलाइन में ले सकती हैं।
- अगर शर्ट ड्रेस लंबी है तो स्किनी जींस और शूज पहनें।
- बोल्ड लुक के लिए ब्राइट ग्रीन, पिंक और ऑरेंज कलर को चूज करें।
- इंटरव्यू के लिए पहन रही हैं, तो लाइट ब्लू, वाइट व ग्रे कलर की शर्ट ही कैरी करें।

# Broccoli खाने के अनेक फायदे

ब्रोकली वैसे दिखने में तो गोभी जैसा नजर आता है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा फायदेमंद होती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। बता दें प्रोटीन भी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए प्रोटीन की पूर्ति के लिए इसका सेवन कर सकते हैं। साथ ही इसमें कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, विटामिन ए, सी और कई दूसरे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें कई प्रकार के लवण (Salt) भी पाए जाते हैं, जो शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने में मददगार हैं....



- **इम्यूनिटी को बूस्ट करता है ब्रोकली:** ब्रोकली में विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाई जाती है। विटामिन सी शरीर के इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने और संक्रमण से बचाने में मददगार है।
- **दिल रहेगा स्वस्थ:** इसमें पाए जाने वाले सेलेनियम और ग्लूको सिनोलेट्स जैसे तत्व दिल को स्वस्थ रखने वाले प्रोटीन को बढ़ाने का काम करते हैं। इसलिए यह दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।
- **लीवर को करता है मजबूत:** ब्रोकली को डाइट में शामिल करने से लिवर क्षति का जोखिम कम होता है। फैटी लिवर की समस्या में लाभ मिलता है। इसलिए लीवर को मजबूत बनाने के लिए ब्रोकली का सेवन करना चाहिए।
- **प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए भी लाभकारी:** ब्रोकली में मौजूद प्रोटीन, आयरन, फोलेट और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए जरूरी माने जाते हैं। इसलिए प्रेग्नेंट महिलाएं इसका सेवन जरूर करें।
- **हड्डियों और दांतों ख्याल:** इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो हड्डियों और दांतों के लिए बहुत लाभकारी है।

# बदलता होंठो का रंग होता है इन बीमारियों का संकेत

बचपन में तो वैसे सब के होंठो का रंग गुलाबी होता है लेकिन बीतते हुए समय के साथ होंठों के रंग में बदलाव होने लगता है। होंठो के रंग में बदलाव होना वैसे तो सामान्य होता है या कई बार यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में यदि आपके होंठों के रंग में कोई बदलाव हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। चलिए आपको बताते हैं कि बदलते होंठों का रंग किस-किस बीमारी की ओर इशारा करता है...



- **एनीमिया:** यदि आपके होंठो का रंग पीला या फिर सफेद हो रहा है तो ऐसे लक्षण को इग्नोर न करें। यह शरीर में खून की कमी या फिर एनीमिया का संकेत हो सकता है जो लोग एनीमिया से पीड़ित होते हैं उनके होंठो का रंग पीला होने लगता है। खून की कमी होने पर ऐसा होता है। इसके अलावा रक्त में बिलीरुबिन का स्तर बढ़ने के कारण भी होंठो का रंग पीला दिखता है।
- **फेफड़ों संबंधी बीमारियां:** होंठो का रंग जामुनी होना फेफड़ों से संबंधी बीमारी का संकेत हो सकता है। ऐसे में यदि आपके होंठो का रंग बदलता है तो इसे नजरअंदाज न करें।
- **लिवर संबंधी बीमारी:** होंठो का रंग लाल होना लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है। लाल होंठ लिवर से जुड़ी बीमारियां का संकेत देते हैं जब लिवर से जुड़ी समस्याएं होती है तो होंठो का रंग लाल होने लगता है।
- **पाचन संबंधी समस्याएं:** पाचन से जुड़ी समस्याएं होने पर भी होंठो का रंग पीला होने लगता है जब व्यक्ति को पेट या फिर पाचन से संबंधित रोग होते हैं तो होंठो का रंग बदलने लगता है। ऐसे में आप डॉक्टर से संपर्क करें।

*सुसाइड से जुड़ी हर दिन कोई न कोई खबर जरूर मिलती है। कई बार तो अपने किसी करीबी, दोस्त या फिर परिवार के मन में ही सुसाइड से जुड़ा कोई ख्याल चल रहा होता है। जिंदगी में चल रही परेशानियां कई बार इतनी गंभीर हो जाती हैं कि व्यक्ति का दिमाग ही काम करना बंद कर देता है। ऐसे लोग बाद में डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं जिसके चलते सुसाइड जैसा गलत रास्ता चुन लेते हैं।*

# मन में बार-बार आता है Suicide का ख्याल तो ऐसे बनाएं खुद को Positive

## ब्रीदिंग एक्सरसाइज

आत्महत्या किसी परेशानी का हल नहीं होता। यह किसी भी व्यक्ति का एक ऐसा फैसला होता है जो न सिर्फ उसे बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए जब भी ऐसा कोई ख्याल आए तो ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें।



सुसाइड से बढ़ती मौतों के आंकड़े को रोकने के लिए हर साल विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस भी मनाया जाता है। इस दिन लोगों को आत्महत्या करने से बचाने और इसे रोकने के लिए उनमें जागरुकता फैलाई जाती है। अगर आपके दिमाग में भी ऐसा कोई ख्याल आता है तो आप खुद को इससे कैसे बचा सकते हैं हम आपको इसके बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं....

- **किसी से बात करें:** अगर आपके मन में ऐसा कोई विचार आता है कि आपकी जिंदगी में कुछ नहीं बचा तो इसे खत्म करने की कोशिश करें। बिना किसी हिचक के अपने दोस्त, किसी करीबी या फिर रिश्तेदार के साथ बात करें। मन में आ रहे बुरे विचारों के बारे में बात करें ऐसा ख्याल क्यों आ रहा है यह भी अपने दोस्त को बताएं। यदि आपके घर में कोई रहता है तो उसके साथ आप अपने दिल की बात कर सकते हैं।
- **खुद को हेल्दी रखें:** अपने आप को शांत रखने की कोशिश करें, हेल्दी खाएं वर्कआउट करें और ज्यादा से ज्यादा आराम करें। खुद को पॉजिटिव बनाएं और ऐसे लोगों के साथ रहें जिनके साथ आप अच्छा महसूस करते हैं। स्ट्रेस कम करें और मेडिटेशन करें।
- **गाने सुनें:** मन में अगर कोई बुरा विचार आता है तो उसे जल्दी बदलना मुश्किल होता है लेकिन आप अपने मन को भटकाने की कोशिश कर सकते हैं। मन भटकाने के लिए आप कोई अपना फेवरेट सांग सुन सकते हैं या कोई अपना फेवरेट टीवी सीरियल देख सकते हैं। इससे आपका मूड थोड़ा फ्रेश होगा।

## एक्सपर्ट्स की सलाह लें

आपके मन में जब भी आत्महत्या जैसा बुरा विचार आता है तो एक बार किसी काउंसलर से कॉन्टैक्ट जरूर करें। काउंसलर या फिर एक्सपर्ट्स की मदद लेकर आप इस तरह के विचारों से काफी राहत पा सकते हैं। एक्सपर्ट्स आपकी बात भी सुनेंगे और आपको ऐसी परिस्थिति से निकालने में मदद करेंगे। इसके अलावा आपकी परेशानी का भी वह कोई हल जरूर निकालेंगे। इस तरह आप अपने बुरे दौर से आसानी से निकल सकते हैं। इसके अलावा अपने आप को मॉटिवेट करें, दोस्तों के साथ समय बिताएं। अपने आपको समझाएं कि आप ऐसी परिस्थितियों से आसानी से निकल सकते हैं।

# एक दिन में कितने अखरोट खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

ड्राई फ्रूट्स और सीड्स सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। ड्राई फ्रूट्स की बात करें तो अखरोट का सेवन बहुत से लोग करते हैं। माएं भी अक्सर अपने बच्चों को अखरोट खिलाती हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। प्रोटीन, फैट, कैल्शियम और आयरन इनमें काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसमें अनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है जो कॉर्डियोवैस्कुलर रोगों को दूर करने में मदद करता है। लेकिन बहुत से लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि एक दिन में कितने अखरोट खाना सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा। तो चलिए हम आपको बताते हैं कि दिन में आप कितने अखरोट का सेवन कर सकते हैं... इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे होते हैं परंतु एक दिन में आपको कितने अखरोट खाने चाहिए यह बात आपके स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इसके अलावा यदि आप कोलेस्ट्रॉल का स्तर शरीर में से कम करना चाहते हैं तो एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोज 30-60 ग्राम अखरोट खाने फायदेमंद रहेंगे। कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होने से हार्ट भी स्वस्थ रहेगा। इसके अलावा यदि आपको किसी तरह की कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है तो आप अखरोट का सेवन रोज कर सकते हैं।



## डायबिटीज का खतरा कम

इसमें मौजूद पोषक तत्व इंसुलिन को रोकने और ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम होता है।

## मनोज बाजपेयी ने अपने मुश्किल दौर पर चुप्पी तोड़ी

बालीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपने मुश्किल दौर को लेकर चुप्पी तोड़ी है, जब कुछ क्रिटिक्स उन पर नस्लवादी टिप्पणियां करते थे और उन्हें एडल्ट स्टार बुलाते थे। मनोज ने अपने करियर की शुरुआत में बैंडिट क्वीन जैसी फिल्मों से नाम कमाया। फिल्म सत्या के सुपरहिट होने के बाद भी उन्हें काफी स्ट्रगल करना पड़ा था। मनोज बाजपेयी फिलहाल अपनी अगली फिल्म भैया जी का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें फिल्म जुबैदा में महाराजा के रोल के चलते काफी टारगेट किया गया था। क्रिटिक्स उन्हें रोल में बेहतर तो बता रहे थे, मगर उन्हें प्रिंस के रोल में सही च्वॉइस नहीं मान रहे थे। मनोज ने कहा, यह लोग इतने स्वतंत्र हैं कि उन्हें एहसास नहीं होता कि वे काफी बड़े रेसिस्ट हैं। मैंने जब वह रिव्यू कुछ दोस्तों को दिखाए, तो उन्होंने कहा कि मैं इसे कैसे लूं? उन्होंने कहा कि इसे जाने दो, यह भेदभाव है और मूलरूप से नस्लवादी टिप्पणी है।



मनोज बाजपेयी ने बताया कि वे भैया जी के प्रमोशन के लिए इंटरव्यू दे रहे हैं। उन्होंने कहा, चार में से पांच जर्नलिस्ट जुबैदा के बारे में बात कर रहे हैं।

## ऋचा चढ्ढा को याद आए पुराने दिन



बॉलीवुड एक्ट्रेस मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख सहित हीरामंडी के कलाकारों के साथ एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा द ग्रेट इंडियन कपिल शो में फिल्म के कुछ बिहाइंड-द-सीन के किस्से शेयर करेंगी। सेट पर अपने सबसे अच्छे और सबसे बुरे दिनों के बारे में बताते हुए मनीषा ने कहा-हमें कभी महसूस नहीं हुआ कि हम थक गये हैं.. मेरा मतलब है, हम सभी थके होते थे, लेकिन हमेशा एक संतुष्टि की भावना होती थी कि हमने अच्छा काम किया है। मुझे नहीं लगता कि मैं काम के बारे में अच्छा महसूस किए बिना कभी घर लौटी हूं।फिर ऋचा ने कहा, मेरा जो सबसे अच्छा दिन था, वो मेरा सबसे खराब दिन भी था। मेरा सबसे खराब दिन शूटिंग का सबसे अच्छा दिन बन गया। उन्होंने कहा, जब डांस सीक्वेंस के दौरान रीटेक की बात आती है तो मेरा स्कोर सबसे ज्यादा है। मैंने 99 रीटेक लिए है ! मैं सेंचुरी मारते-मारते रुकी हूं। यह आसान नहीं होता, जब आपके साथ लगभग 200-300 एक्स्ट्रा कलाकार डांस कर रहे हों और आपको देख रहे हों और आप बार-बार फेल हो रहे हों। लेकिन जब आप उस पर काबू पा लेते हैं, तो यह वास्तव में वाओ, मुझे नहीं पता था कि मैं यह कर सकती हूं वाला मोमेंट होता है। यह स्पेशल एहसास है !

## जरा हटके जरा बचके एक फैमिली फिल्म

फिल्म जरा हटके जरा बचके तो पिछले साल रिलीज हुई थी और तब से फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली जरा हटके जरा बचके को ओटीटी रिलीज डेट मिल चुकी है। जरा हटके जरा बचके एक फैमिली फिल्म है और इसके गाने सुपरहिट हैं। साथ ही ये कहां और कब देखना है इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। जियो सिनमा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर विक्की कौशल को टैग करते हुए फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। इस पोस्ट में लिखा, सह परिवार शादी की थी, अब सह परिवार तलाक भी होगा। तो आप सब डिवॉर्स में जरूर आना। जरा हटके जरा बचके 17 मई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीम करेगी। 2 जून 2023 को फिल्म जरा हटके जरा बचके रिलीज हुई थी। पहले इसे दिसंबर 2023 ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा था लेकिन जियो सिनेमा पर इस फिल्म को स्ट्रीम के लिए डेट नहीं मिल पा रही थी लेकिन अब ये फिल्म 17 मई से जियो सिनेमा के प्रीमियम पर स्ट्रीम करने लगेगी।

## देश की विरासत को उजागर करने की कोशिश करती हैं सोनम



बालीवुड एक्ट्रेस और फैशन आइकन सोनम कपूर एक्ट्रेस ने कहा कि वह देश की विरासत को उजागर करने की कोशिश करती हैं। वह ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर देश की समृद्ध विरासत, इतिहास और विविधता का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मुझे किसी न किसी रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना होता है, तो मैं देश की विविधता पर प्रकाश डालती हूं। हमारे पास इतनी मजबूत सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यता है। इसका मतलब है कि भारत में जो कुछ भी बनाया जाता है उसका बहुत मूल्य होता है।सोनम ने कहा, यह एक बहुसांस्कृतिक जगह है, जहां कई धर्मों के लोग एक साथ सद्भाव से रहते हैं और इसका प्रतिनिधित्व करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मुझे बॉयफ्रेंड चोर कहा गया... प्रीति जिंटा के एक्स से शादी एक्ट्रेस को पड़ी भारी, सालों बाद बयां किया दर्द

दिल चाहता है, पेज 3 और लागा चुनरी में दाग फेम सुचित्रा पिल्लई इन दिनों अपनी सीरीज ब्रोकन न्यूज 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। इस सीरीज में सोनाली बेंद्रे, जयदीप अहलावत और श्रिया पिलगांवकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। न्यूज रूम के इर्द-गिर्द घूमती 8 एपिसोड वाली सीरीज खूब चर्चा में है। इस बीच सीरीज में अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री सुचित्रा पिल्लई एक अलग वजह से चर्चा में हैं। दरअसल, सुचित्रा पिल्लई ने हाल ही में उन आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है, जिनमें उन्हें बॉयफ्रेंड स्नेचर कहा गया था। एक्ट्रेस ने सालों बाद खुद को दिए गए बॉयफ्रेंड स्नेचर के टैग पर प्रतिक्रिया दी है और लार्स केल्डसन संग अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है।



### क्या बोलीं सुचित्रा पिल्लई?

सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में सुचित्रा पिल्लई ने खुद पर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। दरअसल, एक्ट्रेस ने लार्स केल्डसन से शादी की है, जो पहले प्रीति जिंटा के बॉयफ्रेंड थे। प्रीति जीन गुडइनफ से शादी से पहले लार्स केल्डसन संग रिश्ते में थीं। लेकिन, बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया। ब्रेकअप के बाद प्रीति जहां जीन को डेट करने लगीं, वहीं लार्स केल्डसन, सुचित्रा से मिले और दोनों डेट करने लगे। बाद में लार्स और सुचित्रा ने शादी कर ली।

### मैं उनके बीच नहीं आई

उस दौर में सुचित्रा लार्स से अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी चर्चा में रहीं। यहां तक कि सुचित्रा को प्रीति जिंटा का बॉयफ्रेंड स्नेचर तक कहा जाने लगा। अब सालों बाद एक्ट्रेस ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। सिद्धार्थ कनन से बातचीत में सुचित्रा ने कहा कि- हां लार्स पहले प्रीति को डेट कर रहे थे। लेकिन, दोनों के ब्रेकअप की किया वजह थी, इसके बारे में मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। मैं और प्रीति कभी भी दोस्त नहीं थे। हम एक-दूसरे को कॉमन फ्रेंड के जरिए जानते थे। लार्स और प्रीति कुछ समय तक रिलेशनशिप में थे। लेकिन, जब लार्स मुझसे मिले तब तक दोनों का ब्रेकअप हो चुका था। मैं कभी भी उन दोनों के बीच नहीं आई थी। वो किसी अलग कारण से अलग हुए थे।

### क्या थी गलतफहमी?

सुचित्रा ने उस घटना को भी याद किया, जब वह इंग्लैंड से लौटी थीं। उन्होंने तब एंड्रयू कॉइन को डेट करना शुरू किया था, जो कभी मॉडल अचला सचदेव को डेट कर रहे थे। इस ब्रेकअप के लिए भी सुचित्रा को ही दोषी ठहराया गया था। सुचित्रा ने आगे कहा- एक और गलतफहमी थी, जो मेरी वजह से नहीं हुई थी। जब मैं इंग्लैंड से वापस लौटी, कई मैग्जीन के कवर पेज पर मुझे बॉयफ्रेंड स्नैचर कहा गया। टाइटल में लिखा था- सुचित्रा पिल्लई बॉयफ्रेंड स्नैचर हैं ऐसा इसलिए क्योंकि, मैं एंड्रयू कॉइन को डेट कर रही थी। ये वो रिश्ता था, जिस पर सवाल उठाया जा रहा था।



## फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आएगी जान्हवी

**बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने अपनी कला के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत से अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है। जल्द वह फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं।**

सोशल मीडिया फीड पर स्क्रॉल करते समय, हाल ही में जाह्नवी कपूर की एक वीडियो नजर आई, जिसमें वह पैपराजी को फोटो या वीडियो लेने से तो मना नहीं कर रही हैं, लेकिन अपना एंगल ठीक रखने के लिए हड़काती दिखाई दे रही हैं, उन्होंने क्या कहा, चलिए आपको बताते हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेस माही' का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में वह एक प्रमोशन इवेंट में राजकुमार राव के साथ में पहुंचीं। इस दौरान जाह्नवी ने रेड कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी। हालांकि, उस ड्रेस की दिलचस्प बात थी उसका बैक डिजाइन। दरअसल, बैक में उनकी ड्रेस का डिजाइन ऐसा था जैसे बॉल्स लगी हो। जाह्नवी कपूर की हसीन लुक में देखते ही पैपराजी ने कैमरे घुमा दिए। पैप्स को देखते ही उन्होंने सीरियसली बोलते हुए कहा- 'आप ना गलत एंगल से मत लिया कीजिए'। एक बार ये सौम्यता से कहने के बाद वह दोबारा मुड़ती हैं और फिर कड़े लहजे में कहती हैं, गलत एंगल से नहीं। दरअसल कई बार पैपराजी एक्ट्रेसेस के गलत एंगल से वीडियो बनाकर शेयर कर देते है, जिसके बाद स्टार्स को ट्रोल्स का सामना करना पड़ जाता है। बात करें फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेस माही' की तो ये फिल्म 31 मई को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। फिल्म को शरन शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जिन्होंने जाह्नवी की फिल्म 'गुंजन सक्सेना द कार्गिल गर्ल' डायरेक्ट किया था। इसी फिल्म से उन्होंने डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा था।

## राजनेता की भूमिका में नजर आएंगी श्रिया रेड्डी

वेब सीरीज थलाईमाई सेयालागम में तमिल अभिनेत्री श्रिया रेड्डी सत्ता की चाहत रखने वाली एक राजनेता की भूमिका में नजर आएंगी। यह वेबसीरीज राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक वसंतबालन द्वारा निर्देशित है। हाल ही में श्रिया रेड्डी को सालार में देखा गया था। उन्होंने इसमें अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था।

श्रिया अब अपनी अगली राजनीतिक सीरीज थलाईमाई सेयालागम की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। श्रिया रेड्डी निर्देशक के काम से बेहद प्रभावित हुईं और उन्होंने कहा, मैंने जितनी भी व्यावसायिक फिल्में की हैं, उसके बाद मैं फिर से अपनी जड़ों की ओर वापस आने के लिए तैयार हूं। वेयिल और कांचीवरम जैसी फिल्मों ने वास्तव में मेरे लिए एक नया माहौल तैयार किया। अभिनेत्री ने कहा, हमने इस विशेष शो को बहुत वास्तविक और बेहद स्वाभाविक रखा है। किरदार में ढलना एक निर्देशक की सबसे बड़ी संपत्ति है, इसलिए उन्होंने प्रत्येक कलाकार को किरदार में ढलने के लिए समय और स्थान दिया। वह हर चीज को यथासंभव वास्तविक चाहता थे।श्रिया रेड्डी ने कहा, जब तक उन्हें वह नहीं मिल जाता जो वह चाहते हैं, वह बस यही कहते हैं, क्या हम इसे आजमा सकते हैं? क्या हम वह प्रयास कर सकते हैं? अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

थलाईमाई सेयालागम एक महिला की सत्ता की खोज की कहानी को सामने लाती है। यह सीरीज दर्शकों को महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की मनोरंजक कहानी की ओर ले जाती है। साथ ही तमिलनाडु की राजनीति को उजागर करती है। रदान मीडिया वर्क्स की तमिल एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार इस सीरीज का निर्माण कर रही हैं, जिसका प्रीमियर 17 मई से जी 5 पर होगा।



## कृति सेनन के लिए ये साल काफी शानदार रहा...



**असमानता पर दो टूक दी अपनी राय**

कृति सेनन के लिए ये साल काफी शानदार रहा है। साल की शुरुआत में शाहिद कपूर संग एक्ट्रेस की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' रिलीज हुई थी जिसे दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला। उसके बाद तब्बू और करीना कपूर खान संग कृति सेनन को फिल्म 'क्रू' में देखा गया। तीनों महिलाओं की इस फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर काफी अच्छी कमाई की। 'क्रू' ने देशभर के बॉक्स-ऑफिस पर 75 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। हाल ही में फिल्म कम्पैनियन को दिए एक इंटरव्यू में कृति सेनन ने बॉलीवुड में 'पे पैरिटी' पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में एक्टर और एक्ट्रेसेज की फीस में असमानता पर दो टूक अपनी राय रखी। वह कहती हैं, 'दोनों (एक्टर और एक्ट्रेस) की फीस में बिना किसी वजह के बहुत असमानता है। 10 साल में एक भी हिट न देने वाले एक्टर को भी 10 गुना ज्यादा फीस मिलती है'।

कृति सेनन ने कहा कि फिल्म निर्माता फीस में इस असामनता को उचित समझते हैं। वह कहती हैं, 'बहुत बार फिल्म निर्माता कहते हैं रिकवरी। रिकवरी डिजिटल और सैटेलाइट के माध्यम से होती है, जो किसी फिल्म के रिलीज होने से पहले होती है। डिजिटल और सैटेलाइट पर, पुरुष-केंद्रित फिल्में वास्तव में एक लड़की पर बनी फिल्म की तुलना में बहुत अच्छा प्रदर्शन करती हैं और मुझे लगता है कि असल में अंतर यहां पर है'।उन्होंने यह भी दावा किया कि निर्माता 'क्रू' में उतना बजट लगाने को तैयार नहीं थे, जिसमें तीन ए-लिस्ट महिला कलाकार हैं, क्योंकि वे तीन पुरुष अभिनेताओं के साथ एक मनोरंजक कॉमेडी में पैसा लगाना चाहते थे'। कृति सेनन के मुताबिक 'वीरे दी वेडिंग' की रिलीज के 6 साल बाद भी इंडस्ट्री में कुछ नहीं बदला है।

## काजोल-शाहरुख का ऑनस्क्रीन बेटाः 23 साल में बदला लुक कि पहचानना कठिन

साल 2001 में एक फिल्म आई थी जिसमें एक या दो नहीं बल्कि बॉलीवुड के 6 बड़े सितारे एक साथ नजर आए थे। अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, शाहरुख खान, काजोल, करीना कपूर और ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' दर्शकों को आज भी भली-भाति याद होगी। उस दौर में इस फिल्म के गाने से लेकर डायलॉग्स तक सबकुछ दर्शकों को मुंह जुबानी याद थे। फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान और काजोल के ऑनस्क्रीन बेटे का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट ने अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लिया था।



चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर 'कभी खुशी कभी गम', 'क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता', 'रिश्ते', 'बड़े दिलवाले' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके जिबरान खान अचानक ही फिल्मों की दुनिया से दूर हो गए थे। जिबरान खान अब जल्द ही शाहिद कपूर और अमृता राव की हिट डेब्यू फिल्म 'इश्क विश्क' की सीक्वल फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह पश्मीना रोशन, नैला ग्रेवाल और रोहित सराफ संग नजर आने वाले हैं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में कदम रखने वाले एक्टर जिबरान खान ने पढ़ाई पूरी करने के लिए चकाचौंध भरी इंडस्ट्री से दूरी बना ली थी और अब 23 साल बाद वह पर्दे पर वापसी करने को तैयार हैं। फिल्म की रिलीज के 23 साल बाद अब शाहरुख खान और काजोल के ऑनस्क्रीन बेटे का लुक पूरी तरह बदल गया है। एक्टर की फोटोज देख उन्हें पहली झलक में पहचानना काफी मुश्किल है। अपनी मासूमियत से दिल जीतने वाला कृष अब काफी हैंडसम और डैशिंग लगने लगे हैं। फिल्म में काजोल और शाहरुख के बेटे 'कृष' का किरदार एक्टर जिबरान खान ने निभाया था। 'कृष' के रोल में जिबरान खान ने अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लिया था। उसके बाद वह सुष्मिता सेन और गोविंदा की फिल्म 'क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता' में दिखे थे। इस फिल्म में भी जिबरान ने अपने अभिनय से खूब प्रशंसा हासिल की थी।

# आदिवासी अंचल में जल जीवन सप्लाई का काम ठप्प

## निजी पंप से 40 परिवार के लोग पानी लाने को मजबूर

प्रमोद सोमानी ■ हरदा

जिले के आदिवासी बाहुल्य टिमरनी ब्लाक अंतर्गत राजाबरारी रातामाटी पंचायत अंतर्गत बुद्धुढाना गांव के लोग पानी की समस्या से परेशान है। जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम तो करवा दिया गया है, किंतु नलजल की सप्लाई अभी शुरू नहीं हो पाई है। भीषण गर्मी में लोग दूर से पानी लाने को मजबूर है। रातामाटी के श्रीराम कुमरे ने बताया कि 40 परिवार के लोग निजी पंप से पानी ले रहे हैं। इस संबंध में सरपंच-सचिव का ध्यान कई दफे इस और आकृष्ट कराया और मांग की फिर भी जल की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। रोजाना सुबह शाम पानी लाना पड़ रहा है। सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर पाइपलाइन तो बिछा दी गई है किंतु पानी सप्लाई अभी चालू नहीं हो पाई है। पानी सप्लाई कब चालू होगी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। अभी ढेर सारा काम बाकी है। ठेकेदार कब तक निर्माण कार्य को पूर्ण करेंगे और कब नल सप्लाई चालू होगी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।



**आधे अधूरे में रुका काम** – नल जल सप्लाई का काम आधे अधूरे में रोका गया है जबकि लोग पानी की समस्या से त्रस्त है। बड़ी मुश्किल से पानी का इंतजाम हो पा रहा है। रामवती का कहना है कि मिस्त्रीलाल के यहां से पानी लोग ले जा रहे हैं। करीब 40 परिवार के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पेयजल की भी वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। बुद्धुढाना के लोग परेशान है। सरपंच सचिव से कई दफे इस संबंध में मांग कर चुके हैं फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**उम्मीदों पर फिर रहा पानी** – जल जीवन मिशन के तहत नल जल सप्लाई का जब काम चालू हुआ था तब लोगों में उम्मीद जगी थी कि आप शुद्ध पेयजल घर तक पहुंच जायेगा, किंतु नल जल सप्लाई का काम आधे-अधूरे में छोड़ दिये जाने से लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। नल जल योजना का पानी कब मिलेगा इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। सरपंच-सचिव रुचि नहीं दिखा रहे हैं लोगों की समस्या को देख सुन रहे हैं और उस पर अमल नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण लोग परेशान हैं। पानी की समस्या से निजात मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ठेकेदार अधूरे कार्य को पूरा करने में रुचि नही ले रहे हैं और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**जांच से खुलेगी पोल** – नल जल योजना के तहत जहां-जहां काम हुआ है कमोवेश सभी जगह एक जैसी स्थिति है। लाखों खर्च होने पर भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। दूर से पानी ढोना लोगों की नीयति हो गई है। आधे-अधूरे काम रोक देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी को सख्त कार्यवाही करना चाहिए, किंतु ऐसा नहीं किया जा रहा है। पानी की समस्या को देखने-सुनने के बाद भी नल जल सप्लाई चालू कराने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भली भांति वाफिक हैं। फिर भी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने में अधिकारी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जिससे उनकी भूमिका नजर संदिग्ध नजर आ रही है।

### क्या कहते जवाबदार -

बुद्धुढाना टेकरी पर स्थित है। सप्लाई का पानी वहां नहीं पहुंच पा रहा है। दूसरा बोर कराकर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसीलिए नलजल सप्लाई को हैंडोवर नहीं किया गया है। पानी जब पहुंचेगा तब सप्लाई को हैंडोवर करके बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ।

**अभिनव गिन्नारे, सचिव, ग्राम पंचायत राजाबरारी।**



बुद्धुढाना में कुल तीन हैंड पंप है । एक हैंडपंप का पानी नीचे चला गया है। दो हैंडपंप में पानी है, जिसमें से एक हैंडपंप में पीएचई की मोटर डाली गई है। गांव वाले दूसरे हैडपंप में भी मोटर डालने की मांग कर रहे हैं। ऐसा सचिव ने बताया कल 10 बजे सचिव वहां पहुंच जायेगा, तदोपरांत समस्या हल हो जायेगी।

**रोहित सिसोनिया, मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, जिला पंचायत, हरदा।**

## ब्रीफ न्यूज

### शिवम द्वारा 91.60त्नअंक हासिल कर नवोदय का नाम किया रोशन



**हरदा।** सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बारहवीं और दसवीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिले में दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। नवोदय विद्यालय चारूवा के प्राचार्य पीजी कंटाले ने जानकारी देते हुए बताया कि नवोदय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की उत्तम मेहनत के चलते विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं में 78 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे और कक्षा 12वीं में 56 विद्यार्थी बैठे थे। दोनों ही कक्षाओं में सौ प्रतिशत परिणाम रहा। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों को बधाई दी।

**शिवम सोनी ने 91.60त्नअंक किये हासिल** - शिवम सोनी ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर सभी संकायों में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नवोदय विद्यालय में सीबीएसई कक्षा12वीं में 91.60त्नअंक हासिल किये गये। श्री सोनी, सी.बी. सोनी उपयंत्री मनरेगा जनपद पंचायत टिमरनी के सुपुत्र हैं। जनपद परिवार टिमरनी और दैनिक सत्ता सुधार स्टॉप द्वारा उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाईयां और भविष्य की सफलता के लिये शुभकामनाएं दी गई हैं । सनद रहे कि परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों का प्रतिशत बेहतर रहा है। होनहार विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का गौरव बढ़ाया। परीक्षा परिणाम अच्छा आने पर विद्यार्थियों में खुशी है और हर तरह जश्न का माहौल है।

### दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को नहीं दी अनुकंपा नियुक्ति

**हरदा।** राज्य अध्यापक संघ की टिमरनी इकाई के पदाधिकारी ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश छालोत्रे ने कहा कि शिक्षकों को अब तक वेतनमान की पांचवी किस्त नहीं मिली। दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति भी नहीं दी वहीं पदाधिकारी ने 12 और 24 वर्ष की कमोन्नति से शेष रहे शिक्षकों की सूची जारी करने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान भोलाराम पवार, तुलसीराम राठौड़, हीरालाल चौहान, सागर उइके, सुशील गुर्जर, राजेश खेतवास, लोकेश श्रीवास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### वाटर स्पोर्ट्स अकादमी सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 16 को

**हरदा** । मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स खेल अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 के लिये वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 16 मई को नेहरू स्टेडियम हरदा में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिभा चयन कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री उमा पटेल ने बताया कि प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने जाने का किराया एवं आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

### मोदी जी की गारंटी कार्यकर्ताओं की सक्रियता के चलते

## क्षेत्र में हुआ अच्छा मतदान, रिकॉर्ड मतों से हम जीत दर्ज करेंगे: पाटिल

सत्ता सुधार ■ खंडवा

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ जाने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है मतदान समाप्त होते ही जिला मुख्यालय खंडवा में घंटाघर पर ढोल ढमाकौ के साथ कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने बुरहानपुर में मतदान करने के पश्चात खंडवा, मान्धाता ,बड़वाह विधानसभा के बुथो पहुंचकर जानकारी हासिल करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि जो मतदाता मतदान नहीं कर पाए हैं उन्हें घर-घर जाकर निवेदन करते हुए मतदान करने का अनुरोध करें, रात्रि 9ः00 बजे खंडवा पहुंचे प्रत्याशी श्री पाटिल का ढोल ढमाकों के साथ कार्यकर्ताओं ने स्वागत कीया, मतदान का प्रतिशत ज्यादा हो जाने से कार्यकर्ता झुम कर नाचने भी लगे, इस अवसर पर प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि पार्टी संगठन के सभी पदाधिकारी एवं जांबाज़ कार्यकर्ताओं का मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिनकी मेहनत का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बड़ा है,



आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल होगी और हम रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराएंगे, पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री पाटिल ने कहा पार्टी संगठन के सभी पदाधिकारी एवं जांबाज़ कार्यकर्ताओं का परिश्रम मेहनत और सक्रियता इस चुनाव में बनी रही खंडवा में भी महापौर विधायक ने अच्छी मेहनत की, साथ ही में मोदी जी का भी आभार मानता हूं जिन्होंने निमाड़ में आकर जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से क्षेत्र में कमल खिलाने का अनुरोध किया, मेरे चुनाव में प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के पदाधिकारी ने लोकसभा क्षेत्र में जाकर जहां कार्यकर्ताओं मैं जोश भरकर उत्साह वर्धन किया वहीं क्षेत्र की जनता से भी भी कमल खिलाने का अनुरोध किया, मतदान को लेकर हम सभी कार्यकर्ता उत्साहित है और अच्छे परिणाम के साथ हम रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराएंगे प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यालय पर सांसद एवं प्रत्यासी ज्ञानेश्वर पाटिल का स्वागत जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, पंधाना विधायक छाया मोरे, महामंत्री राजेश तिवारी, ,अरुण सिंह मुन्ना, सुभाष कोठारी, दिनेश पालीवाल, राजू चांदमल जैन, धर्मेंद्र बजाज, सुनील जैन सहीत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, इस अवसर पर श्री पाटिल ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राजू जैन का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया।

### कार्य में बाधा करने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**हरदा** । ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की सिंचाई नहरों के माध्यम से इन दिनों की जा रही है। इस कार्य में विद्युत वितरण कम्पनी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने गत दिनों में सराहनीय कार्य किया है, जिसके कारण अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक दो बार पानी पहुँचाया जा चुका है। इन दिनों तीसरी सिंचाई का कार्य जारी है। इस कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों की लिखित में शिकायत करें, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। यह बात कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कही। सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। उन्होने कहा कि सिंचाई कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से उनके कार्य के दौरान पूरा संरक्षण दिया जाएगा। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री डी.के. सिंह, अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी श्री अनूप सक्सेना सहित जल संसाधन विभाग व विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर दानपेटी चोर गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ हरदा

पेडीघाट रामदेव बाबा मंदिर का ताला तोडकर दानपेटी से रुपये निकालकर चोरी करने वाले निगरानी शुदा आरोपी व स्थाई वारंट से फरार अपराधी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग हरदा अर्चना शर्मा के निर्देशन थाना सिविल लाईन के क्षेत्रान्तर्गत मंदिर से हुई चोरी का किया पदार्फाश 12 मई को फरियादी सचिन पिता ताराचंद मिश्रा उम्र 33 साल निवासी गढीपुरा द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरियादी रामदेव बाबा मंदिर पेडीघाट में पुजारी हूँ। 11 से 12 मई की दरम्यानी रात में रामदेव बाबा मंदिर का ताला तोडकर मंदिर के भीतर रखी मंदिर की दान पेटी को कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 181/24 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मंदिर के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से अज्ञात चोर की तलाश पतारसी की गई। जो सीसीटीव्ही कैमरा में घटना दिनांक को 01 व्यक्ति रात्रि में मंदिर का ताला तोडकर मंदिर से दानपेटी चुराकर ले जाता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीव्ही कैमरा से प्राप्त फुटेज के आधार पर उक्त व्यक्ति की पहचान रोहित पिता मोहन धोबी उम्र 30 साल निवासी नारायण टॉकीज के पास हरदा के रूप में की गई। जिसे गिरफ्तार कर मंदिर चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। जिस पर उसने मंदिर में चोरी करना एवं दान पेटी को तोडकर पैसे निकालना बताया। जिसके कब्जे से दानपेटी एवं चुराई गई राशि जब्त की गई। 24 घंटे से भी कम समय में आरोपी को गिरफ्तार कर दानपेटी से चोरी गई राशि बरामद की गई। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका थाना प्रभारी निरी. संतोष सिंह चौहान, उनि प्रकाश सोलंकी, प्र.आर. 24 कुलदीप सिंह भदौरिया, आरक्षकद्वय 75 प्रदीप मालवीय, 206 उमेश पवार, 361 सुनील शर्मा थाना स्टाफ सिविल लाईन हरदा की रही। प्रकरण में गिरफ्तार शुदा आरोपी पूर्व से ही आदतन अपराधी है। जिसके विरूद्ध कई प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। विचाराधीन होने से आरोपी का माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। जो रोहित धोबी पिता मोहन धोबी उम्र 30 साल निवासी नारायण टॉकीज के पास हरदा का माननीय न्यायालय का स्थायी वारंट जारी होने से स्थायी वारंट की तामीली कराई गई एवं स्थाई वारंट मे भी माननीय न्यायालय के द्वारा जेल वारंट कता किये जाने पर आरोपी को दोनो प्रकरणों मे जेल दाखिल किया गया।



## आत्मरक्षा के लिए दिया जा रहा कराटे प्रशिक्षण



**हरदा।** जिले के ग्राम विक्रमपुर खुर्द की रहने वाली कराटे कोच मानसी मंडलेकर द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए दिया जा रहा कराटे का प्रशिक्षण। साथ ही बालिकाओं को गुड टच, बेड टच के बारे मे भी बताया जा रहा है। अनील मल्हारे ने बताया कि कराटे कोच मानसी मंडलेकर पिछले 3 वर्ष से हरदा, सिराली, रहटा कलॉ सहित अन्य स्थानों पर बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दे चुकी हैं। सनद रहे कि मानसी मिलान फाउंडेशन एनजीओ में गर्ल आइकॉन की भूमिका निभा चुकी है और शिक्षा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मुद्दों पर काम कर रही है। वर्तमान मे सुश्री मंडलेकर द्वारा शहर के कलेक्टर कार्यालय के पास सुरमा गार्डन में शिविर आयोजित कर बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर मे बच्चों को सेशन के माध्यम से गुड टच, बेड टच एवं आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

### दिव्यानी छत्रसाल नंदी धाम गौशाला पर योगा स्टार परिवार ने 28 क्विंटल गौवंश के लिए भूसा किया दान

**छतरपुर।** मातृ दिवस के अवसर पर दिव्यानी छत्रसाल नंदी धाम गौशाला पर योगा स्टार परिवार के सदस्य राजेंद्र खरे रज्जू की शादी की सालगिरह पर 28 क्वांटल गौवंश के लिए भूसा दान किया। योगा स्टार परिवार के गिरजा पाटकर ने बताया कि मातृ दिवस के अवसर पर दिव्यानी गौशाला द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नारायण काले जी एवं वरिष्ठ पत्रकार हरि प्रकाश अग्रवाल बिजावर जनपद सीईओ अंजना नागर सहित इस्कॉन मंदिर के कृष्ण भक्ति में लीन गौ भक्त मुख्य रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी अतिथियों एवं योगा स्टार परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा गौशाला में सभी गौ माताओ की आरती की ओर अपने हाथों से हरी घास ताजी सब्जियों से भोजन कराए।

## मूंग फसल की करते रहे निगरानी



**हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. भारती, कृषि विभाग से सहायक संचालक रामकृष्ण मंडलोई, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री सोनल अठनेरे, कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मलगायां, गजानंद गुर्जर के संयुक्त दल द्वारा हरदा विकास खण्ड के ग्राम सोनखेडी में ग्रीष्मकालीन मूंग वर्ष 2024 अन्तर्गत लगाई गई मूंग फसल का निरीक्षण किया गया । कृषको को मूंग फसल में लगने वाले कीट-व्याधि एवं रोग के निराकरण हेतु मूंग उमलने को रोकने के लिए फंगीसाइड एज्ट्रोबिन 11त्न+ टेब्यूकोनोजोल 18.3त्न, मच्छर के लिए थायोमेथोक्जाम 25 ॅ, 40ग्राम/एकड़+ नीम तेल 10000 पीपीएम, 200/एकड़, इल्ली के प्रकोप के लिए कीटनाशक टेट्रानीलीप्रोल 18.18त्न 6/6 2ू 100 /एकड़ का छिड़काव, सुबह या शाम के समय करे। कृषक भाईयो से अनुरोध है कि मूंग फसल की निगरानी करते रहे।

**बैठक** संगठन के सफल आयोजन की समीक्षा की जिसमे सदस्यों की सक्रिय भूमिका की सराहना की

## सर्वब्राह्मण समाज की वार्षिक बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ हरदा

सर्वब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसायटी की सोमवार को निजी होटल मे वार्षिक बैठक आयोजित की गई। जिसमे सोसायटी व्दारा किये जा रहे । संगठन के सफल आयोजन की समिक्षा की जिसमे सदस्यों की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई साथ हि समाजो के मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया ।

बैठक की जानकारी देते हुए संगठन के मिडिया प्रभारी गोपाल शुक्ला ने जानकारी देते बताया की बैठक की शुरूआत मे संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने विगत वर्ष किये गये सामाजिक कार्यो की जानकारी दी गई साथ संगठन के द्वारा आयोजित किये गये विप्र मार्ट कार्यक्रम की समिक्षा की गई साथ हि विप्र मार्ट को वर्ष भर सक्रिय बनाये रखने पर जोर दिया गया । संगठन ने विप्र मार्ट एवं युवक युवती एवं पालक परिचय सम्मेलन आगामी 8 और 9 जून माह दो दिवसीय आयोजन किया जाने पर सहमति जताई गई। समिति गठित कर जवाबदारी दी जाएगी। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दिये गये मार्गदर्शन का पालन किये जाने पर सदस्यों ने वचन दोराहा गया । बैठक मे सभी उपस्थित सदस्यों का आभार संगठन के सचिव उदय बेलापुरक ने किया ।



## रविवार से किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

सत्ता सुधार ■ हरदा

झांझरी और सोनतलाई माइनर के किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए पानी नहीं मिलने से नाराज किसानों ने अब नहर किनारे रविवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है जो तीसरे दिन भी जारी रहा। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई ने कहा की झांजरी-सोनतलाई माइनर पर किसानों का धरना लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। लेकिन कोई भी अधिकारी किसानों की सुध लेने को तैयार नही है। रात को मौसम खराब होने के करण किसानों को परेशान होना पड़ा। हल्की बारिश गरजना होती है आए दिन आकाशीय बिजली जगह जगह गिरने की सुचना मिल रही है। किसानों का कहना है की जब तक पानी नही आएगा हम धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। सोमवार को धरने मे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत टाले, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बिश्नोई, कृषि समिति के अध्यक्ष जनपद सदस्य अजय पाटिल, बालकिशन यादव, कैलाश यादव, विजय यादव, सतीश फूलरे, इंद्र फूलरे, हेमंत फूलरे, दीपक यादव, रविशंकर मुकाती, दिनेश फूलरे, किशोरीलाल राठौर, गणेश बांके, नर्मदा फूलरे, शिवनारायण कुल्हारे, हंसराज कुल्हारे सहित अनेक किसान साथी उपस्थिति रहे।



## ब्रीफ न्यूज

### इंफोसिस पर 82 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने कर्मचारी स्वास्थ्य कर मद में कथित कम भुगतान के लिए सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस पर 1.34 लाख कनाडाई डॉलर (लगभग 82 लाख रुपये) से अधिक का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर यह जुर्माना वर्ष 2020 के लिए लगाया गया है। इन्फोसिस को इस बारे में हाल ही में कनाडा के वित्त मंत्रालय से एक आदेश मिला। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कर्मचारी स्वास्थ्य कर के कथित कम भुगतान पर जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार कंपनी पर 1,34,822.38 कनाडाई डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। इससे कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले सपाट खुला

**मुंबई।** वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सपाट खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मौजूदा चुनाव के साथ-साथ विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। परिणाम आने के बाद इसके कम होने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.51 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव के बराबर है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 83.51 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.26 पर रहा।

### ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 247.88 करोड़

**चेन्नई।** ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मुनाफा 247.88 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 250.71 करोड़ रुपये था। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 734.51 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 665.20 करोड़ रुपये था। कंपनी मुरुगप्पा समूह का हिस्सा है। बयान के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने फरवरी 2024 में दो रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा की और इसका मार्च 2024 में शेयरधारकों को भुगतान किया गया।

### देश में यात्री वाहन की बिक्री अप्रैल में बढ़ीः सियाम

**नई दिल्ली।** भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने यह जानकारी दी। अप्रैल 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी।

एक समय पर बजता था इस फोन का डंका

# नोकिया 3210 क्लासिक फोन फिर से आ गया वापस

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



नोकिया 3210 क्लासिक फोन फिर से वापस आ गया है । एचएमडी ग्लोबल ने क्लासिक नोकिया फोन को फिर से लॉन्च करने का ट्रेंड शुरू किया है, और 3210 4जी इसके कैटलॉग में लेटेस्ट मोबाइल है। नोकिया 3210 4जी लोगों को डिजिटल डिटॉक्स में मदद करना चाहता है। हालांकि यूज़र्स को थोड़ा इंटरटेनमेंट भी मिलता रहे, इसलिए इसमें यूट्यूब की सुविधा दी गई है। कंपनी ने कुछ हफ्ते पहले पहली बार नोकिया 3210 के लॉन्च का टीज़र जारी किया था। बता दें कि नोकिया 3210 फोन के आने के 25 साल पूरे हो गए हैं। नए नोकिया फीचर फोन में 2.4-इंच क्यूवीजीए डिस्प्ले मिलता है जो पुराना लग सकता है लेकिन इन कैंडी बार फोन के लिए यह सबसे अच्छा ऑप्शन है। ये फोन 64 एमबी रैम और 128 एमबी ऑनबोर्ड स्टोरेज के साथ आता है। इसमें यूनिसोक चिपसेट से लैस है, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड के जरिए 32जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। आप नोकिया 3210 4जी पर कनेक्टिविटी के लिए फोन कॉल के साथ-साथ इंटरनेट ब्राउजिंग, ब्लूटूथ 5.0, एफएम रेडियो और 3.5एमएम ऑडियो जैक के लिए 4जी का इस्तेमाल कर सकते हैं। कैमरे के तौर पर इस फोन एलईडी फ्लैश के साथ 2 मेगापिक्सल का रियर कैमरा है जो टॉर्च के रूप में भी काम करता है।

आपके पास मेन मॉडल की तरह क्वर्टी पैड है लेकिन 1,450 एमएएच बैटरी चार्ज करने के लिए यूएसबी-सी 2024 एक खास एडिशनल चीज़ है। आप इन ऐप्स से न्यूज़ भी पढ़ सकते हैं, या दूसरे वीडियो भी देख सकते हैं। नोकिया 3210 4जी ने यूरोप में अपनी शुरुआत की है जहां इसके सिंगल वेरिएंट की कीमत ईयूआर 79.99 (लगभग 6,710 रुपये) है। एचएमडी ग्लोबल को इस साल के आखिर में दूसरे देशों में फोन लॉन्च करने की योजना बनानी चाहिए। फोन में पॉपुलर स्नेक गेम और क्लाउड-बेस्ड ब्राउज़र के लिए सपोर्ट भी मिलता है, जो आपको छोटी स्क्रीन पर यूट्यूब शॉर्ट्स कंटेंट देखने की सुविधा देता है।

# डीएलएफ की बिक्री बुकिंग दो प्रतिशत घटकर 14,778 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 14,778 करोड़ रुपये रह गई। इसकी मुख्य वजह जनवरी-मार्च तिमाही में नरमी रही, जिसमें मजबूत आवास मांग के बावजूद कोई बड़ी परियोजना पेश नहीं की गई। वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री बुकिंग 15,058 करोड़ रुपये थी। निवेशकों की प्रस्तुति के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में डीएलएफ की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर घटकर 1,462 करोड़ रुपये रह गई। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में यह 8,458 करोड़ रुपये थी। डीएलएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 में मुख्य रूप से गुरुग्राम, मुंबई, गोवा और चंडीगढ़ ट्राई-सिटी में 1.16 करोड़ वर्ग फुट के नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है। इनकी अनुमानित बिक्री क्षमता करीब 36,000 करोड़ रुपये है, जिनमें 33,000 करोड़ रुपये से अधिक लक्जरी हाउसिंग खंड की है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 9,870 करोड़ रुपये के मूल्य का 59 लाख वर्ग फुट क्षेत्र पेश किया था।

# छह साल में 24 करोड़ घरों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने 4.2 लाख करोड़ चाहिए

भारत में फिलहाल चार करोड़ घर ही ब्रॉडबैंड से जुड़े हुए हैं

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



देश को वर्ष 2030 तक देश के 24 करोड़ घरों को ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ने के लिए 4.2 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत पड़ेगी। एक उद्योग विशेषज्ञ ने यह अनुमान जताया है।

ईवाई ग्लोबल के दूरसंचार क्षेत्र प्रमुख एवं भागीदार प्रशांत सिंघल ने ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) के सम्मेलन में कहा कि भारत में फिलहाल चार करोड़ घर ही ब्रॉडबैंड से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में 24 करोड़ घरों को तीव्र रफ्तार वाली ब्रॉडबैंड सेवा से जोड़ने के लिए भारत को सभी तरह के डिजिटल संपर्क बुनियादी ढांचे पर 4.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की जरूरत होगी। सिंघल ने इसका ब्योरा देते हुए कहा कि फाइबर बिछाने पर 2.7-3 लाख करोड़ रुपये, बुनियादी ढांचे पर 90,000-96,000 करोड़ रुपये, वाईफाई और इन-बिल्डिंग समाधान पर 6,600-9,000 करोड़ रुपये, डेटा सेंटर पर 9,700-14,100 करोड़ रुपये और उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं पर 26,000-29,000 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अलावा सरकार जरूरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) कोषके उपयोग की अनुमति दे सकती है। इसका उपयोग डिजिटल शैक्षिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी किया जा सकता है। अमेरिका में घरों तक ब्रॉडबैंड की पहुंच 92 प्रतिशत, चीन में 97 प्रतिशत, जापान में 84 प्रतिशत और जर्मनी में 82 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि देश में शहरी ब्रॉडबैंड की पहुंच 3.6 करोड़ घरों तक है जबकि ग्रामीण इलाकों में लगभग 30 लाख कनेक्शन हैं। इन्हें वर्ष 2030 तक क्रमशः 10 करोड़ और 15.3 करोड़ घरों तक पहुंचाने की जरूरत है। बीआईएफ के अध्यक्ष टीवी रामचंद्रन ने कहा कि देश में फिक्स्ड ब्रॉडबैंड का मौजूदा ढांचा डेटा की बढ़ती खपत के साथ तालमेल नहीं बिठा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अगले छह साल में फिक्स्ड ब्रॉडबैंड कनेक्शन में 20 प्रतिशत की न्यूनतम वार्षिक वृद्धि दर हासिल करनी होगी।

### टीवीएस मोटर ने टीवीएस आईक्यूब खंड का विस्तार किया

**चेन्नई।** दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी टीवीएस मोटर ने अपने उत्पाद खंड का विस्तार करते हुए अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस आईक्यूब की एक नई श्रृंखला पेश की है। कंपनी के अनुसार नई श्रृंखला पेश होने के साथ ही टीवीएस आईक्यूब खंड में उत्पाद अब 94,999 रुपये एक्स-शोरूम कीमत की शुरुआती कीमत पर मौजूद हैं। कंपनी ग्राहकों को टीवीएस आईक्यूब एसटी उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।टीवीएस आईक्यूब अब तीन बैटरी विकल्पों 2.2 किलोवॉट, 3.4 किलोवॉट और 5.1 किलोवॉट में उपलब्ध है। कंपनी के ईवी व्यवसाय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी उद्योग में नवाचार तथा स्थिरता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# देश में स्थिर बने हुए हैं पेट्रोल-डीजल के भाव



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

देश में हर दिन सुबह 6 बजे पेट्रोल-डीजल के भाव अपडेट किए जाते हैं। भारतीय तेल मार्केटिंग कंपनियां वैश्विक बाजार में मौजूद कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर देश में ईंधन की कीमतें तय करती हैं। तेल कंपनियों ने 14 मई मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत नहीं बदली है।

मेट्रो शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इस प्रकार हैं- राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल की कीमत 87.66 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.13 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.32 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर है। वहीं अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर और लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# थोक महंगाई दर अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 प्रतिशत पर

## मार्च के महीने में थोक महंगाई दर 0.53 प्रतिशत थी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई। मार्च में यह 0.53 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार यह जानकारी दी। जानकारों ने थोक महंगाई दर 1 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया था। अप्रैल महीने में प्याज की कीमतों की वृद्धि दर 59.75 प्रतिशत रही जो मार्च महीने में 56.99 प्रतिशत थी।

वहीं आलू के मामले में कीमतों की वृद्धि दर 71.97 प्रतिशत रही, मार्च महीनें में यह 52.96 प्रतिशत थी। एक साल पहले से तुलना करें तो उस दौरान प्याज की कीमतों में 5.54 प्रतिशत की नरमी आई थी, वहीं आलू की कीमतों में 30.56 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 5.52 प्रतिशत बढ़ी, मार्च महीने में यह 4.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। मासिक आधार पर मार्च महीने के 0.95 प्रतिशत की तुलना में इसमें 1.94 प्रतिशत का इजाफा हुआ। सरकार के अनुसार अप्रैल महीने में थोक महंगाई दर में इजाफा मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, बिजली, क्रूड पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, उत्पादित खाद्य पदार्थों और अन्य उत्पादित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। अप्रैल 2024 में क्रूड पेटोलियम की थोक महंगाई दर पिछले साल के 1.64 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 4.97 प्रतिशत पर पहुंच गईं। प्राथमिक वस्तुओं की थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में बढ़कर 5.01 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीनें में 4.51 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं के अंतर्गत खाद्य पदार्थों, सब्जियों और खनिजों की कीमतें आती हैं।

### सोना-चांदी खरीदना हुआ और महंगा

**नई दिल्ली।** सोमवार को गिरावट के बाद मंगलवार को सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। मंगलवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72 हजार रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85,300 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में सुधार देखा जाने लगा। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 81 रुपये की तेजी के साथ 71,936 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 182 रुपये की तेजी के साथ 85,068 रुपये पर खुला। इस समय यह 414 रुपये की तेजी के साथ 85,300 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में हुए 905.58 करोड़ के मुनाफे से 18.2 फीसदी अधिक

## आयशर मोटर्स को 1,070.45 करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल की मूल कंपनी आयशर मोटर्स ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 1,070.45 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में हुए 905.58 करोड़ रुपये के मुनाफे से 18.2 फीसदी अधिक है। इस दौरान परिचालन से कंपनी का कुल राजस्व साल-दर-साल आधार पर 11.87 फीसदी बढ़कर 3,804.32 करोड़ रुपये से 4,256.04 करोड़ रुपये हो गया। परिचालन स्तर पर, आयशर मोटर्स ने मार्च तिमाही में ब्याज कर मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की कमाई 20.88 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,129 करोड़ रुपये दर्ज की, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में यह 934 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान रॉयल एनफील्ड ने 2,27,925 मोटरसाइकिलों की बिक्री दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2023 में इसी अवधि के दौरान बेची गई 2,14,685 मोटरसाइकिलों से 6.17 प्रतिशत अधिक है। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2024 के दौरान, रॉयल एनफील्ड ने 9,12,732 (स्टैंडअलोन) यूनिट्स मोटरसाइकिल की बिक्री दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2023 में 8,34,895 (स्टैंडअलोन) से 9 फीसदी अधिक है। वोल्वो और आयशर मोटर्स के जॉइंट वेंचर वीई कमर्शियल व्हीकल्स में भी मुनाफे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस जॉइंट वेंचर ने वित्त वर्ष 2024 में 823 रुपये का मुनाफा दर्ज किया है जो पिछले वित्त वर्ष के 579 करोड़ के मुनाफे से 42.06 प्रतिशत अधिक है। आयशर मोटर्स ने मुनाफे के एवज में डिविडेंड का भी ऐलान कर दिया गया है। कंपनी शेयरधारकों को प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 51 रुपये का डिविडेंड देगी. 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में इसकी फेस वैल्यू 1 रुपये थी। कंपनी शरहोल्डर्स को कुल 1,396.41 करोड़ रुपये का डिविडेंड जारी करेगी। बता दें कि यह डिविडेंड वित्त वर्ष 2023 से 37.1 फीसदी अधिक है।

यह एसयूवी अगले महीने हो सकती है लांच

# भारत में सिट्रोन बसाल्ट के नाम से लांच होगी नई एसयूवी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**




भारतीय बाजार में फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोन जल्द ही एक नई एसयूवी लॉन्च करेगी। इस एसयूवी को भारत में सिट्रोन बसाल्ट के नाम से इस साल जून में लॉन्च किया जा सकता है। फिलहाल कंपनी भारत में इसकी टेस्टिंग कर रही है और इसी दौरान इसकी कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं।

सामने आई तस्वीरों से पता चलता है कि सिट्रोन बसाल्ट एक कूपे डिजाइन की एसयूवी होगी। इसमें सामने एक सेडान जैसा लंबा बोनट है जबकि पीछे रूफ स्लोपिंग डिजाइन में है जो बूट से जाकर मिल जाती है। उम्मीद है कि लॉन्च होने पर एसयूवी 15-इंच या 16-इंच अलॉय व्हील सेट के विकल्प के साथ आएगी। सिट्रोन बसाल्ट एसयूवी की स्पाई तस्वीरों से इसके डिजाइन का पता चला है। बसाल्ट विजन कॉन्सेप्ट पर आधारित इस एसयूवी में आगे की तरफ प्रोजेक्टर एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और डीआरएल, फॉग लैंप के साथ बॉडी-कलर बंपर और सिट्रोएन लोगो के साथ एक पतली ग्रिल दी गई है। फीचर्स की बात करें तो बसाल्ट एसयूवी में 10.25 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, रेन-सेंसिंग वाइपर, कीलेस एंट्री, पुश-बटन स्टार्ट और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे फीचर्स दिए जाने की संभावना है। सिट्रोएन बसाल्ट एसयूवी की सुरक्षा को भी बढ़ाएगा, जिसमें सभी वेरिएंट में 6 एयरबैग, इसोफिक्स पॉइंट और सीट बेल्ट रिमाइंडर जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए जाएंगे।

सिट्रोन ने अभी तक बसाल्ट एसयूवी के पावरट्रेन के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं दी है। हालांकि, उम्मीद है कि फ्रांसीसी कार निर्माता इस एसयूवी को 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन से लैस करेगी, जो सी3 एयरक्रॉस एसयूवी के साथ भी उपलब्ध है। इंजन को 6-स्पीड मैनुअल या ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन यूनिट के विकल्प के साथ पेश किया जा सकता है। यह इंजन 109 बीएचपी की पावर और 205 एनएम का पीक टॉर्क देने में सक्षम है। बता दें कि यह कंपनी की सी5 एयरक्रॉस और सी 3 एयरक्रॉस के बाद तीसरी एसयूवी हो सकती है।

# जोमेटो को मार्च तिमाही में 175 करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो लिमिटेड ने अपनी मार्च तिमाही के नतीजों के ऐलान कर दिया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। बता दें कि राजस्व में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी को मुनाफा हुआ है। ज़ोमैटो ने कहा कि कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 188 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। फाईलिंग के अनुसार मार्च तिमाही में ज़ोमैटो का ऑपरेशंस से राजस्व सालाना आधार पर उछाल के साथ 3,562 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की अवधि में यह 2,056 करोड़ रुपए था। इस दौरान जोमैटो का कुल खर्च भी बढ़कर 3,636 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में अपना कुल खर्च 2,431 करोड़ रुपए बताया था। फाईलिंग में कंपनी ने बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मुनाफा 351 करोड़ रुपए रहा जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 971 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में जोमाटो का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 12,114 करोड़ रुपए हो गया। एक इससे पिछले वित्त वर्ष में 7,079 करोड़ रुपए था।

## ब्रीफ न्यूज

### मतगणना के संबंध में मीडियाकर्मियों के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टिल कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू, वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पासधारी मीडिया कर्मियों को ही मतगणना स्थल, मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

### कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये निर्देश

**मुरैना।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

### वार्षिक पुनरीक्षण की जानकारी जनसम्पर्क संचालनालय में जमा कराएं

**मुरैना।** जनसम्पर्क संचालनालय की विज्ञापन अनुमोदित सूची में शामिल सभी दैनिक समाचार पत्रों का वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल के विज्ञापन प्रभाग में 22 मई तक शासकीय कार्य दिवसों में जमा की जा सकती है।

# बाजारों में अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था बदहाल

## पूर्व में चलाया गया अभियान शांत होने के बाद पुनः सड़कों को घेरा





सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के प्रमुख बाजारों में फैला जबरदस्त अतिक्रमण आम जन के लिए नासूर बन रहा है और नगर निगम प्रशासन मौन धारण किए हुए है। अतिक्रमणकारियों ने प्रत्येक बाजारों को अपनी चपेट में लेकर सार्वजनिक रास्तों को पूरी तरह जाम कर दिया है जिससे राहगीरों को निकलने में तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में बाजारो में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं हुआ और मामला ठंडा पडते ही पुनः अतिक्रमण कारी सक्रिय हो गये। शहर का ऐसा कोई बाजार व मार्ग नहीं है जहां कोई अतिक्रमण न हो। एमएस रोड, सदर बाजार, झण्डा चैक, सिकरवारी बाजार, तेलीपाड़ा, सर्राफा बाजार, पंसारी बाजार, मारकण्डेश्वर बाजार, स्टेशन रोड, छोटी बजरिया, शंकर बाजार, महादेव नाका, रुई मण्डी, महामाया मंदिर रोड, गोपीनाथ की पुलिया, गर्ल्स स्कूल रोड, वेयर हाउस रोड आदि पर जबरदस्त अतिक्रमण फैला हुआ है जिसे साफ कराने की फुर्सत प्रशासन व नगर निगम को नहीं है या यूं कहें कि दबंगों से लड़ने की क्षमता प्रशासन में नहीं है।

बाजारों में अतिक्रमण करने वाले कहीं न कहीं किसी राजनैतिक दल के नेताओं से जुड़े हुए हैं तो कोई दबंगों से संबंध बनाए हुए है। अतिक्रमण विरोधी मुहिम पूर्व में कई बार चली लेकिन हर बार राजनीतिक हस्तक्षेप एवं प्रशासनिक कमजोरी के चलते यह मुहिम खानापूर्ति कर थम गई। ओवर ब्रिज चैराहे से लेकर झण्डा चैक के कॉर्नर तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने स्वयं 20-20 फीट तक अतिक्रमण कर रखा है तो इसके बाद फुटपाथीये सड़क पर बैठ गए हैं और रही सही कसर डिवाइडर के दोनों ओर लगने वाले हाथ ठेलों ने पूरी कर दी है। शहर के इस प्रमुख बाजार को हाथ ठेले वालों एवं वाहन चालकों ने पार्किंग व हॉकर्स जोन में तब्दील कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्ष से शहर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है न तो नगर निगम को शहर की सुध है और न ही प्रशासन को। प्रशासन स्तर पर सड़क सुरक्षा निगरानी समिति की बैठक आयोजित होती है लेकिन वह भी अब जिला कलेक्टर को सुध आ जाए तो हो जाती है अन्यथा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। पूर्व में दर्जनों बैठकें शहर विकास व सड़कों को लेकर हो चुकी हैं तथा इन बैठकों में अतिक्रमण हटाने सहित ठेलेवालों के लिए हॉकर्स जोन बनाने एवं शहर विकास के लिए मुद्दों पर चर्चा तो होती है लेकिन कुछ देर की बैठक में स्वल्पाहार के बाद यह मुद्दे कागज की पोटली में बंद कर दिए जाते हैं।

### नहीं सुधरे लोहिया बाजार के हालात

शहर के लोहिया बाजार की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। यहां लगभग 80 से 100 फुट चैड़ी सड़क व्यापारियों की हठधर्मिता के कारण सिकुड़कर 20 फुट की रह गई है। लोहे एवं मशीनरी का कारोबार करने वाले इस बाजार के व्यापारियों द्वारा एक ओर स्थाई अतिक्रमण कर रखा है तो वहीं सुबह से देर रात तक दुकानों के बाहर 30-30 फुट तक सड़कों पर बक्से, चद्दर, पाइप, ड्रम, सिंटेक्स की टंकी आदि को रखकर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। रही सही कसर ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आने वाले ग्रामीण बीच सड़क पर वाहन रखकर पूरी कर देते हैं जिससे उक्त बाजार में लोगों का निकलना दूभर हो जाता है।

### पुलिया बनी वाहनों का पार्किंग स्थल

गोपीनाथ की पुलिया मस्जिद के पास काफी चैडी सडक को लोडिंग वाहन चालकों द्वारा पार्किंग स्थल बना दिया गया है जिससे आवागमन अवरूद्ध हो रहा है। नाला नं. 2 के वनवे होने के बाद उक्त चैराहे को काफी चैडा किया गया ताकि आवागमन व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके लेकिन पुलिस व प्रशासन की ढिलाई के चलते बीच सडक पर वाहन चालकों ने कब्जा जमा लिया है तथा सुबह से देर शाम तक व रात में भी यहां लोडिंग वाहन डिवाइडर की आड में खडे कर दिये जाते हैं, जिससे चैडा मार्ग संकरा नजर आता है। मजे की बात यह है कि इस चैराहे पर अक्सर पुलिस मौजूद रहती है और अधिकारी भी यहां से गुजरते हैं लेकिन सडक घेरने वाले इन वाहन चालकों पर कोई कार्यवाही नहीं करते।

### वाहन पार्किंग बड़ी समस्या

शहर के एमएस रोड, सदर बाजार स्थित बैंकों एवं कॉमर्शियल भवनों में कहीं भी वाहन पार्किंग की जगह नहीं है। जिस कारण बैंक व अशासकीय दफ्तरों में काम काज के लिए वाहनों से आने वाले लोग मुख्य मार्गों पर वाहनों को खड़ा कर कतार लगा देते हैं जिससे रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं और कई बार लंबा जाम भी लग जाता है। इस ओर कई बार जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है लेकिन आश्वासन के सिवाय कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# 5वीं वाहिनी विसबल मुरैना में पुलिस परिवारों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मंगलवार को यूनिट चिकित्सालय में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराया गया, जिसमें सेनानी राकेश सगर के निर्देशन में उप सेनानी कमल मौर्य द्वारा समर कैम्प के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में इकाई के एड्ज्यूटेंट रामानंद मोगनियां, यूनिट चिकित्साक एस.के. गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय के डॉ. श्रीकृष्ण यादव (फिजीशियन), डॉ दीपक चांदिल (अस्थिरोग), डॉ अनुराग तोमर (नेत्ररोग) निरीक्षक बृजमोहन माहौर, निरीक्षक अजय सिंह तोमर, सूबेदार मेजर अनूप सिंह राजावत सहित वाहिनी मुख्यालय एवं प्रशिक्षणरत एफ कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इकाई के 126 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई।

# खून की कमी (एनिमिया) होने से बचाव

**मुरैना।** सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी को खून की कमी कहते है। मानव शरीर में खून की मात्रा आमतोर पर शरीर के वजन के 7 प्रतिशत के बराबर होती है। हीमोग्लोबिन खून में सही होगा तो दिमाग से लेकर दिल तक शरीर में सुचारू रूप से काम करेगा। खून की कमी होने पर कई तरह की समस्या हो सकती है। शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखना बहुत जरूरी है।




### खून की कमी के लक्षण

सिविल सर्जन ने बताया कि तेज चक्कर आना, तेज सिर दर्द, त्वचा पीली व सफेद पड़ना, सांस लेने में परेशानी, जीभ व नाखूनों का सफेद होना, कमजोरी व थकान होना, चेहरे व पैरों में सूजन दिखाई देना, दिल की धड़कन असमान महसूस होना आदि खून की कमी से बचने के लिए हर व्यक्ति को आयरन युक्त आहार लेना चाहिए। जिनमें हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दाले, दूध, दही, अण्डे, खजूर आदि। आयरन को अच्छे से अवशोषित करने में विटामिन-सी व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ अवश्य ले। घर में जो भी रोज भोजन के साथ खाते है, वही नियमित ले, इसी से खून की पूर्ति हो जाती है। विटामिन सी युक्त खाना ले, जिससे शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजन बनाए रखने के लिए हीमोग्लोबिन का नॉर्मल स्तर बहुत जरूरी है। एक व्यस्क पुरुष का हीमोग्लोबिन 14 से 18 ग्राम तथा महिला 12 से 16 ग्राम होता है। इसलिए खून की कमी से बचने के लिए इन आयरन युक्त भोजन अवश्य लें, जिससे खून की कमी से बचा जा सके।

# ग्रामवासी विद्युत सुरक्षा हेतु सावधानियाँ जरूर बरतें

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में विद्युत संबंधी उपकरणों के प्रचालन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। कंपनी ने कहा है कि अनावश्यक विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंबों से छेड़खानी करना जान पर भारी पड़ सकता है, वहीं विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।

बिजली के उपकरणों, केबल से जरा-सी असावधानी या छेड़खानी करने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है यदि ऑधी तूफान या अन्य किसी कारण से नीचे आ गई हैं तो उन्हें अकस्मात् छूकर खतरा मोल न लें। यदि लाइन टूट गई है तो इसकी सूचना शीघ्र ही निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। जब तक कोई नहीं आता है, तब तक वहां निगरानी रखें, ताकि अंजाने में कोई अन्य व्यक्ति टूटे तार को छुए नहीं।

विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाइन से समुचित दूरी रखें। यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कंपनी के अधिकारी से सलाह जरूर लें ताकि सुरक्षा बनी रहे। विशेष रूप से खेतों खलिहानों में ऊँची -ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियॉ, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियॉ न निकालें, इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है। बिजली के तारों पर कपड़े आदि डालना दुर्घटना को निमंत्रण देना है। अपने खेत खलिहान पर या संपत्ति की सुरक्षा हेतु अवरोधक तारों में विद्युत प्रवाहित न करें। यह कानूनी अपराध भी है। इस प्रकार अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बिजली के खंभों या स्टे-वायर से जानवर आदि न बांधे और न ही इससे जानवरों को रगड़ने दें। इससे जनधन की हानि हो सकती है।

# हादसों के बाद जागी सरकार, खुला बोर और कुआं की मांगी रिपोर्ट

**मुरैना।** जिले में खुले बोरवेल, बाबड़ी, कुआ आदि से संबंधित घटनाओं के दृष्टिगत रखते हुये ऐसे शासकीय, निजी भूमि पर निर्मित समस्त कुआ, बाबड़ी, खुले हुये बोरवेल जिनका उपयोग नहीं हो रहा है। उन पर कमजोर छत, छज्जा बनाकर अतिक्रमण किया हो, उनको विगत वर्षो की भाँति पुनः चिन्हित कर लोकहित में तत्काल आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना द्वारा प्रमाणीकरण प्रस्तुत किये जाने के लिये दिये गये थे, जो अप्राप्त है। प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन मुरैना ने बताया है कि समस्त संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में अनुपयोगी कुआ, बाबड़ी, खुले हुये बोरवेल जो भविष्य में जनसामान्य के जानमाल के आसन्न खतरों का कारण बन सकती है, उनको चिन्हित कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करें तथा कीगई कार्यवाही का प्रमाणीकरण 20 मई, 2024 तक अनिवार्यतः आपदा प्रबंधन प्रभारी अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# जिले में प्रथम स्थान पर रही बंसल कॉमर्स क्लासेस की छात्रा खुशी सिकरवार




सत्ता सुधार ■ मुरैना

13 मई 2024 को सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें एक बार फिर हर्ष वर्ष की तरह बंसल कॉमर्स क्लासेस का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा। इस परीक्षा परिणाम में खुशी सिकरवार ने 95 प्रतिशत अंक लाकर कॉमर्स स्ट्रीम से मुरैना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। खुशी सिकरवार ने एकाउन्ट में सबसे ज्यादा 99 अंक प्राप्त किये। इसके अलावा अर्पित सिंघल ने 98 प्रतिशत, अक्षत अग्रवाल ने 95 प्रतिशत, राम गोयल ने 95 प्रतिशत, कार्तिक गुप्ता ने 94 प्रतिशत रजत जैन 95 प्रतिशत, आर्यन गर्ग 91 प्रतिशत, सुभम मंगल 93 प्रतिशत, मुस्कान खत्री 91 प्रतिशत, प्रफुल गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किये। बंसल क्लासेज के संचालक मनोज बंसल ने सभी उत्तीर्ण छात्र और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी को बधाई दी।

## महिलाओं की आत्मरक्षा हेतु 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिये रजिस्ट्रेशन 18 मई तक

# जिला मुख्यालय सहित 6 विकासखण्डों पर चिन्हित खेल मैदानों पर नि :शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल संघों के सहयोग से जिला मुख्यालय पर 10 खेलों एथलेटिक्स, हॉकी, थ्रॉ बॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, योगा, व्हॉलीवॉल, क्रिकेट, लॉन टेनिस, ताईक्वाण्डों का नियमित प्रशिक्षण शिविर चिन्हित किए गए। विभिन्न खेल मैदानों पर 11 मई, 2024 से लगभग 30 दिवसीय प्रातः 6 से 8 बजे के मध्य आयोजित किए जायेंगे। संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया है कि खेलों के शिविरों में रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 18 मई 2024 निर्धारित की गई है। एथेटिक्स, हॉकी, योगा खेल का प्रशिक्षण शिविर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 मुरैना, थ्रॉ बॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर शासकीय मीडिल स्कूल चम्बल कॉलोनी मुरैना, बैडमिंटन, लॉनटेनिस खेलों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पुलिस लाईन मुरैना, फुटबॉल, व्हॉलीवॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर पुलिस परेड ग्राउण्ड मुरैना, क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण शिविर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना, ताईक्काडों खेल का प्रशिक्षण शिविर अग्रसेन पार्क जीवाजीगंज एवं बैडमिंटन हॉल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम के समीप मुरैना में किया जायेगा।



श्री कुशवाह ने बताया कि इच्छुक खेलों में रूचि रखने वाले बालक, बालिका खिलाड़ियों, उनके संरक्षक, पालकों, अभिभावकों, खेल संघों के सचिव, अध्यक्ष से अनुरोध है कि अधिक से अधिक खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन करायें। महिलाओं की आत्मरक्षा हेतु शिविर अग्रसेन पार्क जीवाजीगंज मुरैना एवं अशासकीय निहारिका स्कूल न्यू हाउसिंग बोर्ड प्रताप कॉलोनी मुरैना में प्रातः 6 से 8 बजे तक सीनियर ताईक्काडों ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक विनोद कुशवाह द्वारा दिया जायेगा। बालिकाओं, महिलाओं से अनुरोध है आत्मरक्षा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर 30 दिवसीय प्रशिक्षण का निःशुल्क लें। अधिक जानकारी के लिए जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक ग्रेड-1 नरेन्द्र सिंह तोमर के मोबाइल नंबर 7974480880 एवं ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाइल नंबर 9301065512 से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इन 10 खेलों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म नियुक्त प्रशिक्षकों को कार्यालय स्तर से प्रदाय किए जा चुके है। ऐसी स्थिति में प्रशिक्षण स्थल पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

# बेजुबान पक्षियों के भोजन व पानी के लिए टांगे सकोरे



**पोरसा।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए ग्राम नंदपुर में समाजसेवी लोगों ने बेजुबान पक्षियों को पानी पीने के लिए सकोरे व दाने की व्यवस्था की गई। ग्राम नंद का पुरा में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए एक दर्जन सकोरे छायादार बृक्षों पर टांगे गए। गर्मी के मौसम में आसपास के इलाकों में कहीं पर भी पानी पीने के लिए पक्षियों को नहीं मिल पाता है, पानी के अभाव में पक्षियों को मारने से बचाया जा सके एवं उनकी प्यास बुझा सकें, इसलिए समाजसेवी विजयपाल सिंह ने गांव की चारों दिशाओं में एक दर्जन सकोरे टांगे। इस पुनीत कार्य में अभिषेक सिंह, रामपाल सिंह, श्रीकृष्णा सिंह आदि लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# भाजपा के बुथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से बड़ा मतदान प्रतिशतः ज्ञानेश्वर पाटिल

### प्रत्याशी पाटिल के साथ भाजपा संगठन ने मतदाताओं के साथ जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया का माना आभार दिया धन्यवाद

सत्ता सुधार ■ खंडवा

खंडवा लोकसभा का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ संसदीय क्षेत्र की जनता ने श्री नरेंद्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए किया उत्साहपूर्वक मतदान पार्टी संगठन के साथ ही भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से मतदान का प्रतिशत उपचुनाव से बड़ा है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पार्टी संगठन और कार्यकर्ता मतदान को लेकर काफी उत्साहित है, और इस बार रिकॉर्ड मतो से जीत का इंतजार है, सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी



ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि सोमवार को हुए मतदान में जिस प्रकार से जनता जनार्दन ने आगे बढ़कर भाग लिया है, उसके चलते मतदान प्रतिशत उत्साहवर्द्धक रहा है, यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए सकारात्मक पहल है, मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के इस उत्साह से यह साबित हो गया है कि देश की जनता श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मतदान किया है। सांसद श्री पाटिल के साथ जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, लोकसभा चुनाव संयोजक हरीश कोटवाले, चुनाव प्रभारी कल्याण अग्रवाल, जिला प्रभारी इकबाल सिंह गांधी, निर्वाचन अभिकर्ता धर्मेंद्र बजाज, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल छाया मोरे जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे ने सभी मतदाताओं, नागरिको का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बधाई दी, मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं, शासन, प्रशासन के साथ मीडिया का भी बड़ा योगदान रहा है सभी का आभार एवं धन्यवाद, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रदेश के एवं संसदीय क्षेत्र के नागरिकों, हमारे मतदाता भाई-बहनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारी माता-बहनों, युवाओं और 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लिया है,शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित मतदान के लिए मैं सभी मतदाताओं, जिला प्रशासन एवं मीडिया के सभी साथियों को बधाई व धन्यवाद देता हू।

## ब्रीफ न्यूज़

### बेटी ने भागकर की थी शादी, संपत्ति में हिस्सा मांगा तो सुपारी देकर पिता ने करवाई जेठ की हत्या

**इंदौर।** आजाद नगर में हुई युवक की हत्या में मार्बल कारोबारी आरिफ खिलजी का हाथ सामने आया है। आरिफ ने सुपारी देकर हत्या करवाई है। साजिश में शामिल दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। दोनों मृतक मोईन के दोस्त हैं जो 700 रुपये लेकर मोईन को गली तक ले गए थे। 20 वर्षीय मोईन पुत्र रफीक खान की रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। स्वजन ने आरोप लगाया कि हत्या में आरिफ खिलजी (स्नेहलतागंज), नाहिद जाटू (खजराना), युसूफ अंसारी (बड़वाली चौकी) व वसीम चौहान (स्नेहलतागंज) शामिल हैं। सोमवार सुबह पुलिस ने मोबाइल की काल डिटेल के आधार पर मोईन के दोस्त अहमद व इलियास को आजाद नगर से पकड़ लिया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि हत्या आरिफ खिलजी ने करवाई है। आरिफ ने दो शूटर बुलाए थे जो गोली मारकर भाग गए। अहमद और इलियास का काम मोईन को घर से बुलाकर नूरानी मस्जिद तक लाना था। इस काम के बदले उन्हें 700-700 रुपये मिले थे। पुलिस के मुताबिक आरिफ घर पर ताला लगाकर भाग गया है। गोली मारने वाले शूटर की अभी तक पहचान नहीं हुई है।

### अभय राठौर के इनकम टैक्स रिटर्न की जांच रही पुलिस, तीन आरोपियों को जेल भेजा

**इंदौर।** नगर निगम में हुए ड्रेनेज घोटाले के आरोपी अभय राठौर से पूछताछ जारी है। राठौर की संपत्ति, इनकम टैक्स रिटर्न और बैंक खातों का विश्लेषण चल रहा है। उधर घोटाले में लिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया है। 59 वर्षीय निलंबित एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अभय राठौर को पुलिस ने 15 मई तक पुलिस रिमांड पर लिया है। अभय द्वारा फर्जीवाड़ा करना स्वीकार लिया है। उसने कुछ कर्मचारियों के नाम बताए है जो शासकीय फाइलें उपलब्ध करवाते थे। जोन-3 के डीसीपी पंकज पांडे के मुताबिक राठौर के खिलाफ आर्थिक अपराध ब्यूरो, लोकायुक्त में भी शिकायतें हो चुकी है। पुलिस उसकी संपत्ति की जांच के साथ साथ इनकम टैक्स रिटर्न का रिकार्ड जांच रही है ताकि घोटाले की जांच से लिंक जोड़ी जा सके। उधर पुलिस ने आरोपित राहुल बढ़ेरा,राजकुमार सालवी और मोहम्मद जाकीर को कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया।

### सीयूईटी पीजी काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक खुली रहेगी लिंक

**इंदौर।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी की काउंसलिंग को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने सोमवार से पंजीयन शुरू कर दिए हैं। एमपी ऑनलाइन के माध्यम से विद्यार्थी अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं के पास स्नातकोत्तर कोर्स में प्रवेश के लिए 31 मई तक समय है। पहले चरण की काउंसलिंग 10 जून से शुरू होगी, जो पांच दिन चलेगी। सीयूईटी में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से संचालित होने वाले 43 पीजी पाठ्यक्रमों की 1473 सीटें हैं। ये आईआईपीएस, आईएमएस, कामर्स, ईएमआरसी, पत्रकारिता, इकोनॉमिक्स, कंप्यूटर साइंस विभागों से संचालित होते हैं।

### बच्चों को संपत्ति नहीं संस्कार दीजिए इस उद्देश्य को लेकर

# आयोजित संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का समापन आज







### 10 दिनों में ही बच्चों ने धर्म की शिक्षा का किया अध्ययन सीखे धर्म के गुण, बच्चों एवं बड़ों की आज परीक्षा भी हुई

### शिविर समापन अवसर पर बच्चों के साथ सांगानेर से पधारी दीदीयो का भी होगा सम्मान

सत्ता सुधार ■ खंडवा

स्कूली शिक्षा के साथ बच्चों को धर्म एवं संस्कृति की शिक्षा भी अनिवार्य है, आज के इस मोबाइल आधुनिक युग में बच्चे भटके नहीं इस हेतु 10 दिवसीय संस्कार शिविरो के माध्यम से बच्चों को संस्कारित गया, शिविर समापन के एक दिन पूर्व बच्चों एवं बड़ों की दीदीयो द्वारा परीक्षा भी ली गई, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बच्चों को धर्म से जुड़े रखने के लिए दिगंबर जैन खंडेलवाल ट्रस्ट मंडल, मां त्रिशला पाठशाला नवकार संस्कार पाठशाला के तत्वाधान में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन राजस्थान सांगानेर तीर्थ से पधारी प्रशिक्षित अंशिका एवं मुस्कान दीदी के मार्गदर्शन में 5 मई से प्रारंभ वह जिसका समापन आज 15 मई को होने जा रहा है।

बजरंग चौक स्थित महावीर जैन मंदिर एवं संत निवास में चल रहे इस शिविर में बच्चों के साथ ही बड़ों ने भी धर्म की शिक्षा ग्रहण की, जिसमें बच्चे, युवाओं के साथ साथ ही,बड़ी संख्या में बच्चो ने इस शिविर में धर्म की शिक्षा के साथ देव दर्शन भगवान की पूजा एवं भगवान का अभिषेक करना सीखा और आजीवन सप्त व्यसनों का त्याग भी किया, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया आज के युग में हम सभी का प्रथम कर्त्तव्य बच्चों में नैतिक मूल्यों,सामाजिक, धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण करना है, आज के भौतिक सुख सुविधाओं , विविध गैजैट्स की सुलभता,छोटे परिवार,बोर्डिंग स्कूल शिक्षा बच्चों के विघटन एवं पराभव का कारण बनते हैं, मोबाईल,लैपटाप का बढता स्क्रीनटाईम शारीरिक,मानसिक एवं नैतिक पतन का कारण बनता है,ऐसे में नैतिक मूल्य,संस्कार बच्चों मे इन बुराईयों से लडने की क्षमता प्रदान करते हैं ! जैन धर्म वैज्ञानिक धर्म है इसके प्रत्येक सिद्धांत विज्ञान एवं तर्क आधारित हैं ! जीवन के प्रत्येक पल में बालक के संस्कार उसके जीवन को प्रभावित करते है ! संस्कार पाठशाला का उद्देश्य बालकों में ज्ञान के साथ चेतना का प्रवाह करना है, समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया ने बताया कि उपरोक्त विषय पर ग्यारह दिवसीय संस्कार शिविर का 15मई बुधवार को समापन होगा, इस अवसर पर सिविल में प्रशिक्षित बच्चों का आकर्षक जूलूस जैन मंदिर से प्रातः 7.30 बजे निकाला जायेगा। मेधावी छात्र,छात्राओं,सहयोगी संस्थाओं का इस अवसर पर सम्मान कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा, एवं धर्म की परीक्षा में शामिल सफल बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा, समाज द्वारा राजस्थान सांगानेर सांगानेर से बच्चों को संस्कारित करने पधारी अंशिका एवं मुस्कान दीदी का भी सम्मान किया जाएगा, सफल शिविर के समस्त कार्यक्रमों का आयोजन सरावगी दि.जैंन पंचायत ट्रस्ट, मां त्रिशला मंडल,नवकार संस्कार पाठशाला, जय जिनेंद्र महिला मंडल , अखिल भारतीय महिला परिषद एवं मुनि सेवा समिति खंडवा के सहयोग से किया गया।

# अवैध होर्डिंग की भरमार, नगर निगम के लिए बना सिर दर्द



### अवैध होर्डिंग के गिरने से मुंबई में गई 14 जाने, खंडवा प्रशासन कब करेगा कार्रवाई

### खंडवा शहर में अवैध होर्डिंग पर नहीं होती मॉनिटरिंग बड़े हादसे का इंतजार

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मुंबई में अवैध होर्डिंग के गिरने से कई लोगों की जान चली गई इसके बाद प्रशासन जगह पता चला कि वह अवैध होर्डिंग था जो बिना नियम कायदों के लगाया गया था इसी प्रकार खंडवा शहर में भी शहर के मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के खंभों पर राजनीतिक पार्टियां, निजी स्कूल और कालेजों का प्रचार हो रहा है। इसके लिए होर्डिंग लगाए गए हैं। नगर निगम भी बिजली के खंबों पर लगे होर्डिंग को हटाने कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बिजली कंपनी से अनुमति लिए बिना ही खंभों का उपयोग प्रचार करने के लिए किया जा रहा है। अवैध होर्डिंग शहर के लिए लाइलाज बीमारी बन गए हैट। अवैध होर्डिंग न हटवाने और इन्हें लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की वजह से नगर निगम की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। अवैध होर्डिंग से हजारों रुपये के राजस्व की खुलेआम चपत लगाई जा रही है। निगम को राजस्व के रूप में फूटी कौड़ी नहीं मिल रही है। इससे शहर की सुंदरता का तो कचरा हो ही रहा है वहीं अवैध होर्डिंग लगाने वाले ठेकेदार भी मालामाल हो रहे हैं। बिजली के खंभों को प्रचार में उपयोग किया जा रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारी भी खंभों पर होर्डिंग लगाने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। कई निजी संस्थाओं ने अपने प्रचार के लिए बिना अनुमति के होर्डिंग बोर्ड लगा रखे हैं। उनके ऊपर कब कार्रवाई होगी यह तो नगर निगम के अपसारी ही बता सकते हैं लेकिन शहर वासियों की जान से भी खिलवाड़ किया जा रहा है इन दोनों आंधी तूफान से कई होर्डिंग धराशाई हो जाते हैं जिससे सड़क चलते राहगीरों गिरने से दुर्घटना भी हो सकती है लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं जा रहा शायद खंडवा नगर निगम को मुंबई की घटना के बाद भी घटना का इंतजार है । समाजसेवी गणेश भावसार ने बताया कि मुंबई में जो घटना हुई है उसके बाद खंडवा नगर निगम प्रशासन को जागना चाहिए और अवैध होर्डिंग जो शहर में टंगे हुए हैं उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए और जो अवैध रूप से लगाए गए हैं उसे पर कार्रवाई होनी चाहिए।

अवैध होर्डिंग शहर को बदरंग कर रहे ,पोस्टर और होर्डिंग लगाकर सुंदरता को खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए । शहर अवैध होर्डिंग से परेशान है.। शहरों में होर्डिंग लगाने के लिए सरकार नगर निकाय की जवाबदेही तय करनी चाहिए . नगर निकाय होर्डिंग के लिए एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपती है. ये एजेंसियां ही शहर में जगह और स्थान तय करती हैं. तय समय-सीमा के लिए विज्ञापन लगाने के लिए जगह मुहैया करवाती हैं. मानसून में भारी बारिश, तूफान के कारण होर्डिंग गिरने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे खतरनाक दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है. लापरवाही पाए जाने पर सरकार एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट कर सकती है और उनका लाइसेंस रद्द कर सकती है।

# नर्सिंग मानव समाज की देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती हैः डॉ. द्विवेदी





### विश्व नर्सिंग दिवस पर शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज में हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ शहडोल

नर्सिंग मानव समाज की देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है। मरीज की देखभाल के साथ.साथ मार्मिक चुनौतियों के बीच एक सेतु का काम करती है। उक्त आशय के उद्गार शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ, डीके द्विवेदी ने संस्था में आयोजित विश्व नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम में संस्था के नर्सिंग पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में उपस्थित पैरामेडिकल संकाय के प्राचार्य डॉ, रूद्र द्विवेदी ने कहा की नर्सिंग का दायरा केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है। एक नर्स पूरी दुनिया में मानव जीवन को बचाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम में उपस्थित नर्सिंग की प्राचार्य मंगला श्रीवास ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र सेवा का क्षेत्र है जिसमें स्वरोजगार आर्थिक लाभ के साथ.साथ आमजन का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है ।उन्होंने 15 मई 2024 से होने वाली बहु प्रतीक्षित नर्सिंग परीक्षाएं प्रारंभ होने के लिए छात्र.छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा आश्वस्त किया कि अब आपका नर्सिंग पाठ्यक्रम सुचारू और बिना किसी अवरोध के पूर्ण होगा। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्र.छात्राओं द्वारा विश्व की प्रथम नर्स फ्लोरेंस नाईटंगल की जीवनी पर नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य के माध्यम से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम कोर्स के छात्र.छात्राएँ एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

### किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज मुहैया कराएं- कलेक्टर

**शहडोल ।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में 17 मई को होने वाली एपीसी की बैठक की तैयारियां के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने खरीफ सीजन के लिए बीज वितरण के संबंध जानकारी ली तथा उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज मुहैया कराए जाएं, किसानों को ट्रेनिंग दे और किसानों की समस्याओं का निराकरण कराए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध रहे और बीज वितरण हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में कस्टम हायरिंग सेंटर की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कस्टम हायरिंग सेंटर में मूल्य चार्ट व कस्टम हायरिंग सेंटर के बारे में किसानों को जानकारी रहें यह सुनिश्चित करें।

## बाल सम्प्रेषण गृह में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**खण्डवा ।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री यशवंत मालवीय द्वारा बाल सम्प्रेषण गृह खण्डवा का निरीक्षण किया जाकर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री यशवंत मालवीय द्वारा बाल सम्प्रेषण गृह के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को उचित दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही बाल सम्प्रेषण गृह में उपस्थित बालकों से चर्चा कर उनके प्रकरण की जानकारी ली गयी व उन्हें विभिन्न जानकारी दी गयी।

**अपराध** | शहर में पुलिस का खौफ अपराधियों से खत्म...

# बीच सडक़ भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में युवक की बेदम पिटाई वीडियो वायरल

सत्ता सुधार ■ शहडोल

शहर में पुलिस का खौफ अपराधियों से खत्म होता दिखाई दे रहा है।बीच सडक़ भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एक युवक की कुछ युवकों ने जमकर पिटाई कर दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है ।वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ युवक एक युवक को लात घुसे से जमकर पीट रहे हैं युवक अपने बचाव के लिए मदद की लोगों से गुहार लगाता दिखाई दे रहा है लेकिन लोग वीडियो बनाने में ही व्यस्त है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बुढार रोड स्थित ध्रुव बार के समीप घटी है। थाना प्रभारी कोतवाली राघवेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जय सोनी निवासी पुलिस लाइन की ध्रुव बार के समीप किराना दुकान है वह अपनी दुकान में था तभी गोल्डी दुबे एवं उसके साथी दुकान में पहुंचे और कुछ सामान ले लिया और पैसा देने से मना कर दिया। जिसका जय ने विरोध किया और पैसे



की मांग की गोल्डी दुबे एवं उसके साथियों ने मिलकर जय सोनी को दुकान से बाहर खींच लिया और जमकर उसकी पिटाई कर दी। वहीं मौजूद लोगों ने इस घटना को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने बताया की जय सोनी थाने पहुंचा है मामले की शिकायत कर रहा है आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।काफी देर से चल रहे हांगमा के बीच वहां से गुजर रहे मीडिया कर्मी संजीव निगम ने मामले की खबर पुलिस को दी लेकिन काफी समय गुजर गया और पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। तब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचा और बीच बचाव करने लगा तभी गोल्डी एवं उसके साथियों ने मीडिया कर्मी संजीव निगम के साथ भी अभद्रता कर गाली गलौज की संजीव ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### नवजातों के स्वास्थ्य पर रहेगी पैनी नजर, एमसी में केयर ऑफ न्यूबोर्न प्रशिक्षण का आयोजन

**शहडोल।** जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं की सामान्य एवं आवश्यकता होने पर आकस्मिक देखभाल हेतु शासकीय बिरसा मुण्डा चिकित्सा महाविद्यालय मे कौशल आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉण् अशोक कुमार रावत ;पूर्व विभागअध्यक्ष मेडिकल कॉलेज सागरए डॉ,उमेश नामदेव सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ, निशांत प्रभाकर विभागअध्यक्ष मेडिकलकॉलेज, शहडोल डॉ,हरि नारायण तिवारी शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज, शहडोल द्वारा जिले के विभिन्न प्रसव केंद्रों एवं नवजात शिशुओं के उपचार हेतु उपलब्ध विभिन्न इकाइयों एन,आई,सी,यू,ए एसएन,सीयू, एवं एन बी,एस,यू मे कार्यरत चिकिसकों एवं नर्सिंगऑफिसर को शिशु चिकित्सा की बारिकियो से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया गया। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर डॉ, गिरीश बी,रामटेके डीन बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवजात चिकित्सा के लिए वरदान साबित होगा। इस प्रशिक्षण के जरिए हम यह कोशिश कर रहें है कि नवजातो के उपचार इकाई से जुड़े चिकित्सीय अमले को हम इतना ट्रेंड कर दें। जिससे वह नवजातो के अंदर होने वाली बीमारी का जन्म के समय ही पता लगाकर उसका उजचार शुरू कर दें।

# नए बस स्टैंड से बढ़ी शहर की सुंदरता, यातायात व्यवस्था में हुआ सुधारः गोविंद सिंह राजपूत

## आचार संहिता हटने के बाद ऑटो यूनियन, बस ऐसोसियेशन, सिटी बस संचालकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करेंगें, संयुक्त बड़ी बैठकः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

सत्ता सुधार ■ सागर

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंगलवार को सागर विधायक शैलेंद्र जैन बस एसोसिएशन के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ आरटीओ कार्यालय के पास बने नवनिर्मित बस स्टैंड क्र. 01 तथा भोपाल रोड स्थित बस स्टैंड क्र. 02 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री राजपूत ने यात्रियों से चर्चा की जहां साफ सफाई की व्यवस्थाओं से प्रसन्न यात्रियों ने बस स्टैंड की सुविधाओं को लेकर कहा कि साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं बस स्टैंड पर बहुत अच्छी है, मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बस स्टैंड में जल्दी ही वाटर कूलर की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने टिकट काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी तथा उद्घोषक कक्ष में पहुंचकर घोषणा करते हुए यात्रियों को जानकारी दी। साथ ही मंत्री श्री राजपूत कहा कि टिकट काउंटर की दिशा बदली जाएगी बस जहां खड़ी की जा रही है वहां बरसात के समय जल भराव की संभावना है अतः जल्द ही कंक्रीट व सीमेंट से स्थान पर सुधार कार्य कराया जाएगा, ताकि बारिस के समय जल भराव जैंसी स्थिति न हो। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारा दायित्व है कि शहरवासियों के लिए अच्छे से अच्छी व्यवस्था की जाये, जिसको लेकर महानगरों की तर्ज प्रीपेड ऑटो स्टैंड पार्किंग को लेकर अच्छे से अच्छी व्यवस्था की जायेगी। साथ ही बस स्टैंड पर महानगरों की तर्ज पर महिला यात्रियों के लिए अलग से प्रतीक्षालय तथा अन्य सुविधा होगी। मंत्री श्री राजपूत ने बस मालिकों की मांग पर कहा कि बहुत जल्द बस मालिकों को ऑफिस के संचालन हेतु भूमि लीज पर आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी, आचार संहिता हटने के बाद बस ऑपरेटर, सिटी बस संचालकों, ऑटो यूनियन के पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण जल्द ही किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,पार्षद रूपेश यादव सभापति यातायात परिवहन, पार्षद विनोद तिवारी, संजू दुबे पार्षद, पार्षद मनोज चैरसिया, पार्षद धर्मेंद्र खटीक, शैलेष केषरवानी पार्षद, पार्षद गुड्डा खटीक, पार्षद पराग जैन, भाजपा महामंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, मंडल अध्यक्ष रीतेष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी, अनिल श्रीवास्तव, प्रासुक जैन, अंकू चैरसिया,जिला भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, बस ऐसोसियेशन से संतोष पांडेय, अतुल दुबे, अशोक श्रीवास्तव, छुट्टन तिवारी, राजेंद्रसिंह बरकोटी, जयकुमार जैन सहित अजय तिवारी, समीर कुरैषी, सुधीर गुरहा, सुमित यादव, पुरसोत्तम चैरसिया सहित शहर के गणमान्य नागरिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विधायक शैलेंद्र जैन एवं बस आपरेटर एसोसिएशन के सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ दोनों नवनिर्मित बस स्टैंड का किया निरीक्षण

## ब्रीफ न्यूज

### मृत्यु होने पर अन्तिम संस्कार हेतु बंडा पुलिस ने पीडित परिवार की सहायता की

**बंडा(सागर)।** थाना बण्डा पुलिस द्वारा बण्डा क्षेत्रान्तर्गत एक गरीब परिवार के बालक की गम्भीर बीमारी से हमीदिया अस्पताल भोपाल में मृत्यु होने पर अन्तिम संस्कार हेतु गृह ग्राम गनयारी लाने के लिये पीडित परिवार की बण्डा पुलिस द्वारा की गई मदद,दिनांक 13.05.2024 को मोवाइल के जरिए हमीदिया अस्पताल भोपाल से सूचना प्राप्त हुई कि हल्ली बाई अहिरवार निवासी ग्राम गनयारी हॉल संजय कालोनी बण्डा का लडका अभिषेक पिता बीर सिंह अहिरवार उम्र 08 साल का गम्भीर बीमारी से पीडित होने पर हमीदिया अस्पताल भोपाल में दौरान इलाज के मृत्यु हो जाने पर व मृत बालक की माँ की मानसिक स्थिति ठीक न होने से पीडित परिवार 3 दिन से परेशान होने से थाना बण्डा को सूचित किया गया मृत बालक के अन्तिम संस्कार हेतु गृह ग्राम लाने हेतु कोई व्यवस्था नही होने के कारण परिजनो से सम्पर्क किया जिन्होने आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण मृत बालक के शव को अन्तिम संस्कार हेतु लाने में असमर्थता व्यक्त करने पर थाना बण्डा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये श्रीमती शिखा सोनी एसडीओपी बण्डा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारुकी थाना बण्डा द्वारा थाना कोहेफिजा भोपाल से सम्पर्क किया जाकर पीडित के बालक अभिषेक अहिरवार उम्र 08 साल के शव का अन्तिम संस्कार हेतु थाना बण्डा पुलिस द्वारा पूर्ण लगन से थाना प्रभारी कोहेफिजा भोपाल के सहयोग से प्राईवेट एम्बुलेन्स की व्यवस्था कर उसके गृह निवास संजय कालोनी लाकर परिजनो द्वारा अन्तिम संस्कार कराया गया। थाना पुलिस बण्डा स्टाफ व थाना कोहेफिजा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### कचरा कलेक्शन की बकाया राशि जमा करने हेतु नोटिस जारी



**सागर।** निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क जमा करने हेतु नगर निगम द्वारा मंगलवार को लाज, होटल और ऑटोमोबाइल एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं जिसमें सात दिवस के भीतर बकाया राशि जमा करने की हिदायत दी गई है अन्यथा भवन अनुज्ञा निरस्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने चेतावनी दी गई है।मंगलवार में को जिन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें होटल ओम पैलेस, होटल सागर इन, होटल कांची रेस्टोरेंट, होटल दीपक, होटल आशीर्वाद, होटल संगम होटल ,सागर दीपसन, होटल कृष्ण लॉज, होटल रॉयल गुरुद्वारा के पास, होटल गोल्डन गुरुद्वारा के सामने को कमशः बकाया राशि राशि 45- 45 हजार रुपए एवं आदिनाथ प्राइवेट मारुति शोरूम एवं मलैया ट्रैक्टर्स को कमशः 1लाख 78हजार रूपये, 1लाख 78 हजार रूपये की राशि जमा करने के नोटिस दिए गए हैं।

## झील में लहरों को अठखेलिया करते देख मन को मिलता है सुकून



सत्ता सुधार ■ सागर

सुबह का समय ,चलती ठंडी हवाएं और लाखा बंजारा झील में अठखेलिया करती लहरो को देखकर हर व्यक्ति के मन में सुकून और आत्मिक शांति मिलती है और मिले भी क्यों नहीं क्योंकि सागर शहर की प्राचीन विरासत और उस विरासत के नाम से पहचाने जाने वाले लाखा बंजारा झील में लहरों के साथ दूर एक नाविक जब झील की लहरों पर नाव खेपते दिखता है तो इस मनोहारी दृश्य का शब्दों में वर्णन करना असंभव सा लगता है। लेकिन इसके पहले सागर झील मैं इतनी बड़ी मात्रा में जलकुंभी फैली थी कि उसके कारण झील का पानी भी ठीक तरह से नहीं दिखता था , लेकिन उसको साफ करा देने से अब झील मनोहारी दिखने लगी है और झील के एक ओर का थोड़ा सा हिस्सा शेष रह गया है जिसकी कुछ ही दिन में सफाई होने के साथ पूरी झील सुंदर और मनोहरी देखेगी। झील के बीचो-बीच स्मार्ट सिटी द्वारा बनाया गया एलिवेटेड कॉरिडोर जो झील के पूरे दृश्य को देखने का अच्छा साधन है और इसके ऊपर से झील का जो नजारा देखने मिलता है वह शायद आजू-बाजू की सड़कों पर जाने से नहीं दिखता। झील में फैली जलकुंभी को साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने झील को वास्तविक रूप में लाने के लिए तालाब में फैली जल कुंभी को एक अभियान चलाकर साफ कराया और थोड़े से भाग में जो शेष जलकुंभी बची है वह भी कुछ दिनों मे साफ कर दी जायेगी ताकि नागरिक झील की सुंदरता को आसानी से देख सकें।

## सीबीएसई ने जारी किया परीक्षा परिणाम 10वीं में अनवी, 12वीं में स्तुति रही अव्वल





सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बीना के सीबीएसई विद्यालयों के परीक्षा परिणाम आते ही अभिभावक अपने बच्चों के परिणाम जानने के लिए जुट गए।

### अनवी ने किया बीना टॉप

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा अनवी जैन ने 96.4त्न अंकों के साथ टॉप किया, इसी तरह सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं में कॉमर्स शंकर की परीक्षा परिणाम में शिफा कुरैशी वही गणित विषय में प्रत्यूष तिवारी तथा बायोलॉजी से शैली नाम दो प्रथम स्थान पर रही दसवीं में अनवी के बाद दूसरे स्थान पर राजवीर अहिरवार तीसरे स्थान पर स्वास्ति जैन आई है ।

स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 12वीं में निर्मल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में अध्यनरत स्तुति शर्मा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बीना टॉप किया,स्तुति शर्मा ने कॉमर्स संकाय से परीक्षा दी थी उन्होंने परीक्षा में कुल 97.6त्न अंक हासिल किए विज्ञान संकाय में वंशिका वाधवानी ने 93 दिसंबर लक्ष्य प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस स्कूल में कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक चेष्टा गुप्ता की रहे उन्होंने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान बनाया दूसरे स्थान पर आलोक धक तथा तीसरे स्थान पर मानसी कुशवाहा रही ।

### बीना के निर्मल ज्योति स्कूल का यह रहा परिणाम

बीना के निर्मल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं में 58 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें कामर्स संकाय की छात्रा स्तुति शर्मा ने 97.6 प्रतिशत लेकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। नम्रता कुकरेजा ने कॉमर्स संकाय में 96 प्रतिशत लेकर दूसरा स्थान प्राप्त विज्ञान संकाय में वंशिका वाधवानी 93.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बीना केंद्रीय विद्यालय का यह रहा परिणाम

बीना पी एम केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत् ने बताया कि कक्षा दसवीं में कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें 52 विद्यार्थी पास हुए हैं। जिसमें एक छात्र को सप्लीमेंट्री आई हैं। दसवीं का परीक्षा परिणाम 98.12 प्रतिशत आया है। दसवीं में जहां दिशा चढ़ार ने 93 प्रतिशत, तरुण आदर्श ने 91 प्रतिशत, तरुण नामदेव ने 90.4 प्रतिशत, अंबिका केशरवानी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा बारहवीं में कुल 42 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी सफल हुए। जिसमें विज्ञान संकाय में 24 और कॉमर्स संकाय में 18 विद्यार्थी दर्ज थे। स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में रमन ठाकुर ने 89.6 प्रतिशत, निहारिका श्रीवास 85.6 प्रतिशत, रोहित अहिरवार 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कॉमर्स संकाय में आज्ञा जैन ने 93.2 प्रतिशत, आर्या जैन 91.4 प्रतिशत, तनुश्री घावरी 88.2 अंक प्राप्त किए हैं।

## शराब के लिए मारपीट करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**सागर।** दिनाँक 14 मार्च को फरियादी सचिन पिता मकुन्दी लाल अहिरवार उम्र 43 साल निवासी संतरविदास वार्ड बडा करीला रविदास मंदिर के सामने सागर रिपोर्ट लेख कराई की दिनांक 13.05.24 के रात करीब 08.00 बजे की बात है घर के हम सभी लोग घर पर खाना खा रहे थे मोहल्ले के साहब अहिरवार साहब का भाई अरविन्द्र अहिरवार घर के बाहर आकर पुरानी बुराई पर हम लोगो को माँ बहिन की गंदी गंदी गालिया देने लगे मैने निकलकर गालिया देने से मना किया तो दोनो बोले मुझे शराब पीने को 200 रूपये दो, मैने कहाँ मेरे यहा तेरहबीं हुई है अभी हम सब लोग दुखी में है। शराब पीने के लिए पैसा नही देगें तो साहब ने धारदार चाकू से मारपीट की, जिससे मुझे गर्दन, वाएँ हाथ में लगा कटकर खून निकलने लगा, साहब अहिरवार जाते जाते कह रहा था कि अगर थाना रिपोर्ट करने गया तो जान से खत्म कर देगें की रिपोर्ट पर अपराध क 570/2024 धारा 294,327,324,506,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सागर के मार्गदर्शन मे अपराधिक गतिविधियो मे संलिप्त सकिय बदमाशो की पतारसी एवं उनके आपराधिक गतिविधियो मे रोकथाम हेतु मुहिम मे अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे एंव नगर पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जो त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी साहब अहिरवार पिता परषोत्तम अहिरवार उम्र 18 साल 02 माह नि0 बडा करीला संतरविदास वार्ड सागर को दस्तयाब कर अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार किया जो घटना में प्रयुक्त रेडियम कटर की जप्ती की जाकर आरोपी उक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# दूसरे दिन यात्रियों के आने के साथ चहल-पहल से गुलजार हुए नए बस स्टैंड

## निगम आयुक्त ने सुबह-सुबह स्टैंड पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

सत्ता सुधार ■ सागर

आरटीओ कार्यालय के बाजू में शुरू किए गए बस स्टैंड क्रमांक 1 और लहरा नाका के पास बनाए गए बस स्टैंड क्रमांक दो का दूसरा दिन सुबह-सुबह यात्रियों का एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए आना शुरू हुआ तो स्टैंड चहल-पहल से गुलजार हो गए और बड़ी संख्या मे यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए पहले से इंतजार में खड़ी यात्री बसे मानो इसी समय का इंतजार कर रही हो तो ऑटो रिक्शा भी यात्रियों को स्टैंड तक लाने ले जाने के कार्य में लगे थे तो कोई यात्री निजी वाहन से स्टैंड पर छोड़ने आया जब इन यात्रियों से नये स्टैंड के प्रारंभ होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने नये स्टैंडों के निर्माण को समय की आवश्यकता, जनता की सुविधा, और शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में बहुत बड़ा कदम बताते हुए इन स्टैंड के निर्माण पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पुराने स्टैंड की अपेक्षा नई स्टैंड पर आकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जहां व्यवस्थाओं के साथ-साथ यात्री अपने सफ़र पर रवाना हो रहे हैं जो पुराने स्टैंड पर भीड़भाड़ और यातायात के दवाब के कारण अव्यवस्था होने से यात्रियों को भी परेशानी होती थी लेकिन नए स्टैंड की पर इस प्रकार की कोई समस्या नहीं है, इस संबंध में शास्त्री वार्ड से अंशुल जैन अपने परिवार के साथ जबलपुर जा रहे थे और जब उनसे नये स्टैंडो के संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि नये स्टैंड पर अच्छी व्यवस्थाएं हैं और थोड़ी कुछ कमी है तो स्टैंड नया है और उन्हें भी शीघ्र दूर कर दिया जाएगा और स्टैंड पर आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं है जो पुराने स्टैंड पर आसपास के लोग आकर बैठ जाते थे।

ऐसा ही कुछ मकरोनिया निवासी मनोज तिवारी जो अपने परिवार के साथ विदिशा जा रहे थे उन्होंने नये स्टैंडों के निर्माण पर खुशी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

स्टैंड पर लगाए गए हैं सीसी कैमरे-दोनों स्टैंडो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनसे 24 घंटे स्टैंड की व्यवस्थाओं और गतिविधियों पर तीसरी आंख से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से निगरानी रखी जाएगी और कोई व्यक्ति स्टैंड को गंदा करते पाए जाने, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुचाते पाए जाने या अन्य कोई असामाजिक गतिविधि करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुबह से ही बड़ी संख्या में पहुंची बसें स्टैंड क्रमांक एक में- सुबह से ही बड़ी संख्या में यात्री बसें पहुंच गई क्योंकि इस स्टैंड से छतरपुर- जबलपुर और नरसिंहपुर की ओर जाने वाली बसें रवाना होती है इसके अलावा स्टैंड क्रमांक 2 पर भी भोपाल ग्वालियर की ओर जाने वाली बसे पहुंची जिनमें यात्री सवार होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। स्टैंड से घर तक पहुंचने के लिए कई साधन उपलब्ध- स्टैंड पर यात्रियों को बस से उतरकर घर तक पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा भी व्यवस्थित खड़े हुए थे तो सिटी बस भी यात्रियों को लाने ले जाने का कार्य कर रही है ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो।



### सुबह से ही निगम आयुक्त पहुंचे स्टैंड की व्यवस्थाओं को देखने

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री स्टैंड की व्यवस्था को देखने स्टैंड पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्थाओं को देखते हुए निर्देश दिए की यात्रियों, वाहन चालकों और परिचालकों के साथ स्टैंड पर आने वाले अन्य नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए स्टैंड पर पेयजल, सफाई, शौचालय की सफाई , विधिवत गाड़ियों के आने जाने के संबंध में अनाउंसमेंट , प्याऊ, चिकित्सा की व्यवस्था, फायर व्यवस्था, जानकारी हेतु संकेत बोर्ड ,के साथ अन्य सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहे इसके लिए संबंधित व्यवस्थाओं के प्रभारियो को स्वयं मानीटरिग करने के निर्देश दिए और व्यवस्थाओं में कोई कमी होने पर तत्काल उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ है हिदायत दी कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर संबंधित प्रभारी और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# टाटा कंपनी द्वारा कार्य में की जा रही अनियमितताओं को लेकर नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया करायेगे उच्च स्तरीय जांच...

सत्ता सुधार ■ सागर



मकरोनिया नगर पालिका क्षेत्र में क्षेत्रांतर्गत एम.पी.यू.डी.सी.द्वारा 24म7 ए.डी.प्रोजेक्ट टाटा कंपनी द्वारा पेय जल पाईप लाईन विस्तार कार्य किया जा रहा है। जिसमें टाटा कंपनी की कई लापरवाहियां और अनियमिततायें सामने आई है। जिनके संबंध में कई बार नरयावली विधायक प्रदीप लारिया जी द्वारा कंपनी के अधिकारियों को चेताया गया,बावजूद जिसके यह अनियमिततायें बंद नही हुई। जिसको लेकर विधायक श्री लारिया जी खासे नाराज है।अब वह नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन से इसकी शिकायत करेगे।इस संबंध में विधायक श्री लारिया द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजे गये है।जिनमें उल्लेख है कि इस कंपनी द्वारा नगर पालिका के अनेको वार्डो में एवं मुख्य मार्ग पर खुदाई कर गड्ढे दिये गये है,पाईप लाईन का कार्य प्रावधान के अनुसार नही किया जा रहा है।जबकि भुगतान प्रावधान अनुसार ही किया गया है।कंपनी ने पाईप लाईन विस्तार के वाद जांच उपरांत रेस्टोरेश मजबूतीकरण का कार्य नही किया। जबकि मुख्यमंत्री जी द्वारा आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में एजेंसी की भुगतान राशि का 25 प्रतिशत राशि काटकर सड़क मरम्मत हेतु आदेश किया गया था,लेकिन इस मामले में कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री जी के आदेश की अवहेलना भी की गई।

साथ ही टाटा कंपनी द्वारा अवैद्य कॉलोनी एवं नवनिर्मित कॉलोनियों में कॉलोनाईजर एवं एजेसी की साठ-गाठ से पाईप लाईन का विस्तार कार्य कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया।कुल मिलाकर समय सीमा और अनुबंध के अनुसार कार्य नही किया जा रहा है,जहां-जहां इन्होंने कनेक्शन किये है,वहां पर्याप्त पानी भी नही पहुच रहा,जो एजेंसी की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। विधायक श्री लारिया जी ने भेजे गये पत्र में टाटा कंपनी की पाईन लाईन विस्तार कार्य की जांच कराकर प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग की है।

## नगर की विशिष्ट प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, पूर्व सैनिक महेश दत्त तिवारी बने बीना नगर रत्न से सम्मानित

# बुंदेली भाषा के महेश कटारे सुगम को लाइव टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)




बीना नगर रत्न अलंकरण समिति द्वारा नगर गौरव लाइफटाइम अचीव मेंट अवार्ड एवं नगर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित श्री एवं श्रीमती पी क्लॉडियस के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ,उप कमांडेड सशस्त्र सेना देवेंद्र उपाध्याय,कॉमेडियन राजू शुक्ला, प्रोफेसर के के तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष विहिप सुनील सिरोठिया, सुजीत क्लॉडियस,सीताराम चौरसिया, राम शर्मा एवं उमेश शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अतिथियों का शाल श्रीफल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सुजीत क्लॉडियस ने सम्मान किया सुजीत क्लॉडियस ने नगर रत्न समिति द्वारा किए गए कार्यों के बारे में एवं समिति की योजना से अवगत कराया कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में आई सी एम राइस स्कूल की हिमानी ठाकुर एवं जिले की मेरिट सूची में शिशु मंदिर की राखी दांगी अंजली ठाकुर का विशेष सम्मान किया गया 10वीं एवं 12वीं के विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर तथा प्राचार्य जी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। देश में बुंदेली भाषा का मान बढ़ाने वालें कवि, साहित्यकार, लेखक महेश कटारे सुगम को बुंदेली के क्षेत्र में विशेष कार्य करने पर लाइव टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस वर्ष का नगर रत्न सम्मान पूर्व सैनिक कैप्टन महेश दत्त तिवारी को दिया गया इसमें अतिथियों ने उन्हें शाल श्रीफल सम्मान पत्र बड़ी शील्ड एवं ? 5100 नगद राशि देकर माला पहनकर विशेष सम्मान किया गया सेना में कैप्टन महेश दत्त तिवारी ने दो बार युद्ध में भाग लेकर देश का मान बढ़ाया वह आज भी लगातार समाज सेवा में सक्रिय है। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली डॉक्टर रश्मि जैन, एवं के के तिवारी, समाज सेवा के क्षेत्र में आर के जैन, संगीत के क्षेत्र में आनंद योगी, बुंदेली लेखन के लिए रामदास नामदेव, तत्काल चिकित्सा सहायता सेवा के लिए हन्नु राजपूत, सैनिकों के लिए कार्य करने वाले विजय बमानिया, समाज सेवा के लिए पी एन अहिरवार, योग के लिए कविता नाहर को शाल श्रीफल शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने क्लॉडियस परिवार की बहुत सराहना की उन्होंने बताया श्रीमती क्लॉडियस एवं सी डी क्लॉडियस निरंतर समाज सेवा में कार्य करते रहे।उन्हीं के पद चिह्नों पर चलकर आज बीना की प्रतिभाओं का सम्मान निश्चित ही हौसले बढ़ाने के लिए में क्लॉडियस परिवार का धन्यवाद करता हूं और सभी प्रतिभाओं से आशा करता हूं कि वह बीना के साथ देश का नाम रोशन करते रहे जिससे आपके माता-पिता आप पर गर्व कर सके। उप कमांडेड देवेंद्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा नगर में मेधावी छात्रों की कमी नहीं छात्रों की प्रतिभाओं को इतना अच्छा सम्मान देकर मैं अभीभूत हूं उन्होंने बताया की जीवन में अनुशासन सरलता का आचरण सीखने की तीव्रक्षा कृतज्ञ और लक्ष्य ऐसा हो जिसकी प्राप्ति में आनंद आए तो लक्ष्य प्राप्त होना तय है शिक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करना और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करना गर्व की बात है नगर रत्न अलंकरण समिति को बहुत-बहुत बधाई इतने सराहनीय कार्य के लिए उन्होंने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता सफलता संघर्ष से ही प्राप्त होती है।

प्रोफेसर कॉमेडियन राजू शुक्ला ने कहा कि समिति 21 वर्षो से अनवरत समाज सेवा में कार्य करते हुए विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान कर रही है यह बहुत सराहनीय निरंतर कार्य करना सबके बस की बात नहीं मैं कार्यक्रम को देखकर अभीभूत और गर्व महसूस कर रहा हूं हमारा कर्तव्य हम राष्ट्र कार्य के लिए भी समर्पित रहे भोपाल से पधारे प्रोफेसर के के तिवारी ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए जीवन के कार्य एवं उद्देश्य से अवगत कराया खाना पीना खेलना सोना यह केवल जीवन का उद्देश्य नहीं है जीवन में राष्ट्र के लिए भी चिंतन कर अपने विकास के साथ राष्ट्र के विकास का भी हमें ध्यान रखना होगा।

शिक्षा विभाग, बिहार की ओर से 11वीं कक्षा के लिए विशेष परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा उन स्टूडेंट्स के लिए आयोजित की जाएगी। जो राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 11वीं की वार्षिक परीक्षा में सफल रहें या अनुपस्थित रहें। एग्जाम 16 मई से राज्य भर में आयोजित होगा। कक्षा 11वीं की विशेष वार्षिक परीक्षा 16 से शुरू होकर 29 मई तक चलेगी।

## ओवैसी, अखिलेश-राहुल भी करेंगे राम जी की जय जयकार

### उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता से किया आह्वान, बोले-भाजपा के हाथ करिए मजबूत

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि भाजपा की सरकार में लोगों को रोजगार दिया जाता है। देश का विकास किया जा रहा है। वोट बैंक की राजनीति नहीं हो रही है जबकि सपा सरकार में कट्टा बनाने की फैक्ट्री चलती थीं। गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जे किए जाते थे। सपा के गुंडे थाना तहसील और ब्लॉकों को चलाते थे। इनके खिलाफ कोई शिकायत लेकर जाता था तो उल्टे उसी पर ही कार्रवाई होती थी। डिप्टी सीएम मंगलवार को रामनगर विधानसभा क्षेत्र में महादेवा ऑडिटोरियम में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही हैं जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को देवता मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं। मुख्तार अंसारी जैसे माफिया की मौत पर सपा के नेता फतिया पढ़ने जाते हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा के हाथों को मजबूत करिए तो वह दिन भी दूर नहीं जब राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ओवैसी भी रामजी की जय जयकार करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो देश की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर होगी। पूरे संबोधन के दौरान उनके निशाने पर सपा और कांग्रेस गठबंधन रहा। उन्होंने कहा कि यह सपा, बसपा व कांग्रेस वाले हार का चौका लगा चुके हैं। पांचवीं हार के द्वार पर खड़े हैं। मोदी ने कहा था जो मैंने कहा वह किया है। मोदी ने कहा है कि जितना वोट 2022 में मिला था 390 वोट हर बूथ पर ज्यादा लाना है। कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो पाकिस्तान की ओर से आतंकवादी प्रशिक्षित होकर आते थे। हमले करते थे। सेना के जवानों का सर काट कर ले जाते थे लेकिन जब से प्रधानमंत्री मोदी आए हैं तब से सर्जिकल स्ट्राइक होती है। इस मौके पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी और जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या आदि मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने दिया गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को समर्थन

### कार्यकर्ता बैठक में उठाए जमीनी मुद्दे

एजेंसी ■ बस्ती

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी -लेनिनवादी की कार्यकर्ता बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिला प्रभारी का. रामलौट के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी ने नेताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को अपना समर्थन देते हुए उनकी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यकर्ता बैठक में ब्रजेश, डॉ. सकूर आलम, राजू कुमार सिंह, चंदन देवी, नीतू, प्रीती, राजकुमार प्रजापति आदि ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों, अल्पसंख्यकों, दलितों को और अधिक गरीब बना रही है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति में धर्म का घाल मेल कर भाजपा गरीबों से उनका हक छीन रही है। ऐसे में भाकपा माले ने देश भर में इण्डिया गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। जिला प्रभारी का. रामलौट ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में लगातार वातावरण सृजन कर रहे हैं। दावा किया कि बढती मंहगाई, बेरोजगारी के सवाल को लेकर मतदाताओं में आक्रोश है और इस बार भाजपा के मंसूबे सफल नहीं होंगे। अध्यक्षता शान्ती देवी ने किया और संचालन करते हुए नंद कुमार 'नाग' ने जमीनी मुद्दे उठाए।

बैठक में मुख्य रूप से भागीरथी गौतम, पारसनाथ, सुरेन्द्र, ऊषा, प्रर्मिला, फारूक, मुबारक अली, नन्दलाल यादव, रोशन अली आदि उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### पति-पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान, पेट में था छह माह का गर्भ

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में एक दंपति ने आत्महत्या कर ली थी। इसमें एक नहीं नहीं तीन गईं हैं। महिला 6 माह की गर्भवती थी। आत्महत्या से पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर बहुत बहस हुई थी। पत्नी घरवालों से अलग रहने के लिए पति पर दबाव बना रही थी। पति अलग होना नहीं चाह रहा था। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। ये विवाद चार दिन से चल रहा था। आखिर में डिप्रेशन में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। पति की मौत पत्नी से देखी नही गई और उसने भी अपनी जान दे दी। रिशु कुमार (20) और रंजना देवी (18) का कुछ माह पहले अंतर्जातीय विवाह हुआ था। घटना मीरगंज के बघवा गांव की है।

### जेल से छूटकर आया बदमाश किसान को मार दी 3 गोली

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बदमाशों ने किसान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि घायल का बयान लिया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना जिले के सिंधिया गांव की है। किसान का नाम संजीव यादव है। किसान के भाई सुनील ने बताया कि संजीव गांव में ही खेत में पशु चारा लाने गए थे। तभी बाइक पर सवार होकर गांव में ही रहने वाला बदमाश नयन यादव अपने एक साथी के साथ खेत पर आ धमका। इसके बाद बदमाशों ने ताबड़तोड़ 5 राउंड गोलियां चला दीं, जिसमें से तीन गोलियां किसान को जा लगीं। पहली गोली पैर में, जबकि दूसरी गोली हाथ में लगी, वहीं तीसरी छाती को छूते निकल गई।

### साइबर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार, एटीएम बरामद

**सहरसा।** साइबर क्राइम दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस भी इन साइबर ठगों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बिहार के सहरसा में चेकिंग के दौरान कुछ लोगों भागने लगे तो पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोचा और उनकी तलाश ली। उनके पास पुलिस ने आइडेंटिटी कार्ड समेत अन्य डिजिटल कार्ड बरामद किए हैं। सहरसा के एसपी हिमांशु कुमार ने बताया कि सदर थाना इलाके के शिवपुरी मोहल्ले में एक गाड़ी में 4-5 साइबर अपराधियों के होने की सूचना मिली। जब साइबर डीएसपी सत्यापन के लिए मौके पर पहुंचे तो पुलिस की गाड़ी देख वह भागने लगे।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा- कांग्रेस के शासन में भारत केवल मांगता था

## सीएम योगी ने कहा- मोदी ने काशी में दिखाया संसदीय क्षेत्र कैसा होना चाहिए

### लंबे समय तक एक परिवार का गढ़ होने के बाद भी अमेठी विकास में पिछड़ा

### पीएम ने चमकाया: दस साल पहले और आज की काशी पूरी तरह से बदल गया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर के मुबारकपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में काशी से सांसद बने और वहां जमकर विकास हुआ। अब दुनियाभर से पर्यटक काशी आते हैं। उन्होंने गांधी परिवार पर हमला करते हुए कहा कि एक प्रधानमंत्री अमेठी से भी चुनकर गए थे पर अमेठी विकास में पिछड़ा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिखा दिया कि संसदीय क्षेत्र कैसा होना चाहिए।



पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी को चमका दिया है। दस साल पहले और आज की काशी पूरी तरह से बदल गया है। एक प्रधानमंत्री अमेठी के लोगों ने भी दिया था, उसने अमेठी के लिए क्या किया? एक कलेक्ट्रेट तक नहीं दे सका, एक मेडिकल कॉलेज तक नहीं मिला। यह सब अब भाजपा की सरकार में मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी राज में देश सुरक्षित है जबकि कांग्रेस सरकार में आतंकवाद चरम पर था। आज आतंकवाद की कमर टूट गई है। भ्रष्टाचार होता था। इस बार भी जनता ने ठान लिया है कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

#### सपा-कांग्रेस पर सीधा हमला बोला

मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस व सपा पर सीधा हमला बोला। कांग्रेस व सपा के लोग युवाओं के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, और भाजपा सरकार टैबलेट बांट रही है। सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व सपा दोनों राम विरोधी है। यहां के लोगों के रोम-रोम में राम बसे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर गुंडों, अपराधियों का इलाज किया गया। कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है। कांग्रेस के लोग राम को नकारते हैं।

#### भाजपा के राज में देने वाला बना देश

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार की शाम को अमेठी के रामलीला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। कहा कि कांग्रेस के राज में भारत केवल मांगता था, आज मांगने वाला नहीं देने वाला भारत हो गया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद दो बातों का बड़ा अंतर आया है। पहला यह था कि 2014 के पहले भारत का साधारण आदमी आश्वस्त हो गया था कि राजनीति में कुछ बदलने वाला नहीं है, लेकिन आज दस वर्ष बाद भारत का हर व्यक्ति चल पड़ा है कि मोदी के साथ देश आगे बढ़ रहा है। दूसरा अंतर ये है कि पहले नेता तुष्टिकरण, क्षेत्रवाद और जातिवाद की राजनीति करते थे। फूट डालो राज करो की नीति चलती थी। आज विकासवाद की राजनीति हो गई है। आज साधारण आदमी की आकांक्षाओं को भी मोदी ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता विकास की बात करते हैं। तुष्टिकरण नही संतुष्टिकरण का काम करते हैं। कोई धर्म नहीं कोई जाति नहीं है।

## आरा में प्रखंड प्रमुख के बेटे को गोलियों से भूना, आरोपी फरार



### मृतक के पिता ने किसी से दुश्मनी होने से किया इंकार, पुलिस कर रही जांच

एजेंसी ■ भोजपुर

बिहार में आरा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर चिमनी भट्ठा में देर रात प्रखंड प्रमुख के बेटे की गोली मार हत्या कर दी गई है। हथियारबंद बदमाशों ने बाइक सवार युवक को घेरकर छह गोलियां दागीं। गोलीबारी में उसकी मौत हो गई। वह घर से ब्लॉक जाने के लिए निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव वार्ड नंबर 13 निवासी रमई राम सह सदर प्रखंड की प्रमुख जय कुमारी का बेटा 25 वर्षीय अखिलेश कुमार है। वह अपनी मां के साथ ही सदर प्रखंड में काम करता था। पिता रमई राम ने बताया कि वह हर रोज की तरह ही सुबह बाइक से सदर ब्लॉक जाने के लिए घर से निकला था और उसे सोमवार को तीन बजे तक ब्लॉक में देखा गया था। इसके बाद वह वहां से कहां गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं थी।

इसी बीच देर रात गांव का चौकीदार उनके घर पहुंचा और कहा कि अखिलेश को गोली लग गई है यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए और वह घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा तो अखिलेश वहा पड़ा था उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पिता ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। इसके अलावा उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार की आशंका और आरोप नहीं लगाया है।

हालांकि अखिलेश की गोली मारकर हत्या किसने और क्यों की। इसका कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। अखिलेश अपने तीन भाई और तीन बहनों में तीसरे नंबर का था। उसके परिवार में मां जय कुमारी, दो भाई अरविंद, शैलेश और तीन बहनें राजकुमारी देवी, किरण कुमारी, गीता कुमारी हैं। पुलिस हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।

## बाराबंकी ऑक्सीजन प्लांट में हुए भीषण धमाके में मजदूर के उड़े चीथड़े , पुलिस-प्रशासन में हड़कंप

**बाराबंकी।** के सफेदाबाद में एक ऑक्सीजन प्लांट में हुए धमाके में एक मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गया। प्लांट में सिलिंडर में ऑक्सीजन रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। बाराबंकी शहर कोतवाली क्षेत्र के सफेदाबाद के पास एक ऑक्सीजन गैस प्लांट में दोपहर भीषण विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना भीषण था कि प्लांट का टिन शेड उड़ गया और उसमें काम कर रहा एक मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गया। आसपास दहशत फैल गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया। सफेदाबाद के निकट सारंग प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड नामक ऑक्सीजन प्लांट पर सिलिंडर की रिफिलिंग होती है। रोज की तरह काम चल रहा था। इस दौरान प्लांट में अचानक तेज विस्फोट हुआ जिससे आसपास के लोग दहल गए। मलबा तीन-चार सौ मीटर की दूरी तक बिखरा था। प्लांट में काम करने वाले मजदूर केशव राम ने बताया कि जिस जगह विस्फोट हुआ वहां पर मनेरा गांव का लालजी नामक श्रमिक काम कर रहा था। जो चपेट में आ गया।

## समलैंगिक संबंध की पिता को लगी भनक तो कलयुगी बेटे ने उतार दिया मौत के घाट

एजेंसी ■ मथुरा



मथुरा में एक बेटे ने अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। फिर लाश को बक्से में डालकर आग लगा दी। 10 दिन बाद पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपी बेटे और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह बेटे के समलैंगिक संबंध थे। मृतक पिता इसका विरोध करता था। इस कारण बेटे ने अपने साथी संग मिलकर पिता को चाकू से गोद डाला। दोस्त ने पिता का हाथ-पैर पकड़ा, फिर बेटे ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। दरअसल, मथुरा के राया थाना क्षेत्र में 4 मई को एक बक्से में अधजला शव मिला था। काफी जांच-पड़ताल के बाद मृतक की शिनाख्त मोहनलाल के रूप में हुई, जिसकी बेटे अजीत ने ही समलैंगिक संबंधों के विरोध में अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। फिर शव को एक दिन घर में ही छुपाने के बाद बक्से में डालकर आग लगा दी थी। दरअसल, मोहनलाल के 23 वर्षीय अविवाहित बेटे अजीत के कृष्णा नाम के युवक से समलैंगिक संबंध है। कृष्णा के द्वारा अजीत की मुलाकात लोकेश और दीपक से हुई थी। एक दिन मोहनलाल ने बेटे अजीत को उसके दोस्त कृष्णा के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। मोहनलाल बेटे के समलैंगिक संबंधों का विरोध करता था। इस बात को लेकर घर में कलह होती थी। पिता के रुख से तंग से आकर बेटे अजीत ने कृष्णा के साथ मिलकर खौफनाक प्लान बनाया। उन्होंने लोकेश और दीपक संग मिलकर 2 मई की रात मोहनलाल की घर में ही धारदार हथियार से हत्या कर दी। फिर शव को बक्से में बंद करके बाइक पर राया क्षेत्र में ले जाकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

## हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा, छह लोगों की मौत

एजेंसी ■ हापुड़

हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ पर अल्लाबख्शपुर कट के पास यह हादसा तब जब गाजियाबाद से आ रही एक तेज रफ्तार कार से चालक ने नियंत्रण खोकर वाहन डिवाइडर पार कर दूसरी लेन पर चला गया। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सचिन नामक युवक को गंभीर हालत में मेरठ रेफर किया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के निवासी सभी हताहत 28 से 34 वर्ष के बीच बताए जाते हैं और आपस में दोस्त हैं।



### लोकसभा चुनाव — पांच साल बाद दुबारा बेल्हा आ रहे पीएम, परिंदा भी नहीं मार सकेगा पर...

## प्रतापगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज में 16 मई को आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहेंगे

एजेंसी ■ प्रतापगढ

जिले के राजकीय इंटर कॉलेज में 16 मई को आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहेंगे। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा कवच रहेगा। पांच चक्रीय सुरक्षा प्लान इस कदर अभेद है कि परिंदा भी पर न मार सकेगा। अभिभाषण के समय प्रधानमंत्री एसपीजी के घेरे में रहेंगे तो एसपीजी स्नाइपर्स से लेकर एटीएस कमांडो, स्पेशल एसआई टीम और अंतिम घेरे में स्थानीय पुलिस मौजूद रहेगी। सुरक्षा में लगे अफसर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे मैदान और हैलीपैड की पल-पल की गतिविधियों पर आंखें गड़ाए रहेंगे। पांचवें चरण के लिए कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में 20 मई व प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा।



भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए 16 मई को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है। स्थान तय होने के बाद से ही मंडल से लेकर जिलास्तर तक के अधिकारी सुरक्षा की रणनीति को फाइनल करने में जुट गए हैं। इसमें प्रधानमंत्री के आगमन, उनका गाड़ी में बैठना, मंच पर पहुंचना, वहां से वापस लौटना, फिर गाड़ी में सवार होना और हैलीपैड स्थल तक जाने के साथ रूट डायवर्जन और पार्किंग को लेकर रिहर्सल किया जा रहा है।

पीएम की सुरक्षा में एसपीजी, स्नाईपर्स, कमांडो, पीएसी और स्थानीय पुलिस रहेगी। सभास्थल की 100 से 200 मीटर की परिधि में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। अभी हाल ही में मंडलायुक्त प्रयागराज, एडीजी भानू भाष्कर समेत आला अधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड व जीआईसी का भ्रमण कर जायजा लिया।

## धमकियों के बाद श्रीकृष्ण जन्म स्थान की बढ़ाई गई सुरक्षा

### प्रशासन अलर्ट: हर छोटी-बड़ी गतिविधि को लेकर सतर्कता

एजेंसी ■ मथुरा

देशभर में मिल रहीं धमाके की धमकियों के बीच जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बिना चेकिंग प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। खुफिया तंत्र, अर्द्धसैन्य बल और पुलिस को अलर्ट किया गया है। बिना वाहन पास की गहनता से जांच के गाड़ियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। हाल में देश के कई स्टेशनों और सोमवार को लखनऊ-जयपुर के स्कूलों को उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। ईदगाह-जन्मभूमि विवाद को देखते हुए यहां और भी सख्ती बरती जाती है। इन धमकी भरे पत्रों के प्राप्त होने के सिलसिले के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। इधर, खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है।



हर छोटी व बड़ी गतिविधि को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जन्मभूमि को लेकर हमेशा पुलिस व खुफिया तंत्र अलर्ट मोड़ पर रहता है। वहां कड़े सुरक्षा इंतजाम हैं।

#### बांके बिहारी मंदिर की बढ़ाई निगरानी

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। सुबह और शाम के दर्शन के समय भीड़ नियंत्रण की दृष्टि भी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 9826384845, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910